हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## ‘ऑपरेशन सिंदूर’ शुरू होने के बाद 86 घंटे के भीतर...

### भारत के तगड़े प्रहार से घुटनों पर आया पाक तीन दिन से गिड़गिड़ा रहे थे पीएम शरीफ, रक्षा मंत्री ख्वाजा, डीजीएमओ ने भारत के समकक्ष से की थी पहले वार्ता, भारत माना तो ली राहत की सांस

पाक पीएम शहवाज शरीफ ने देर रात राष्ट्र को संबोधित करते हुए युद्ध विराम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को धन्यवाद देते हुए मोदी पर युद्ध में झोंकने का आरोप लगाया व हवाई क्षेत्र को नागरिक विमानों के लिए खोल दिया। इस बीच पाक अवाम जश्न मनाने सड़कों पर उतर आईं।

### ऐसे लिखी गई युद्धविराम की ‘पटकथा’

- पहले ट्रंप ने कहा था कि वे दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करने को तैयार, तनाव हर हाल में कम होना चाहिए
- फिर उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा- यह मामला दोनों देशों का। हम आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के समर्थन में
- शुक्रवार को व्हाइट हाउस की प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देश बातचीत करें और मसले का समाधान निकालें
- पाक के गिड़गिड़ाने पर सऊदी अरब भारत से बातचीत को हुआ तैयार, विदेश राज्य मंत्री ने जयशंकर से की बातचीत, फिर वे इस्लामाबाद गए
- शुक्रवार को सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री ने इस्लामाबाद आकर पीएम व आसिम मुनीर को लगाई थी फटकार
- शनिवार को यूएस एनएसए व विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पीएम शरीफ को खरी-खरी सुनाई थी, बाद में रुबियों ने एस जयशंकर से की बात
- रुबियो के कहने पर पाक के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से बात की और कहा कि हम युद्धिवराम को फौरन ही तैयार
- इसके बाद ट्रंप सीन में आए और दोनों देशों के हां कहने पर उन्होंने एक्स पर पूर्ण युद्धविराम का कर दिया ऐलान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता, सीजफायर हुआ लेकर सीमा पर अभी भी युद्ध जैसे हालात, ड्रोन आक्रमण जारी रहे

# अब ‘युद्धविराम’... लेकिन, भारत पाक दोनों ने उल्लंघन के लगाए आरोप

**विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शाम 6 बजे कहा दोनों देशों के बीच शाम 5 बजे से युद्धविराम लागू**

**12 मई को दोपहर 2 बजे भारत-पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल मिलिट्री ऑपरेशन बात करेंगे**

एजेंसी : नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान के बीच अब युद्धविराम हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि शनिवार को दोपहर 3.35 बजे दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच बातचीत हुई थी। इसमें फैसला लिया गया था कि शनिवार शाम 5 बजे से दोनों देश आकाश, जल, और थल पर तत्काल हमले रोक देंगे। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सीजफायर हो गया है। मिसरी ने कहा कि 12 मई को दोनों देशों के अधिकारी आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे। भारत और पाकिस्तान ने अमेरिका की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद युद्धविराम पर सहमति जताई है। इसे लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट किया। ये कदम तब उठाया गया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर लगातार ड्रोन हमले, गोलेबारी और तनावपूर्ण हालात बने हुए थे, जिससे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ गई थी। साथ ही पाकिस्तान ने तीन दिन में ही भारत की सेना के सामने घुटने टेक दिए थे। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि भारत और पाकिस्तान ने तत्काल प्रभाव से संघर्षविराम पर सहमति जताई है।



पीएम नरेंद्र मोदी ने हाई लेवल की मीटिंग की।

**राष्ट्रपति ट्रंप का ट्वीट**

### एक लंबी रात की बातचीत के बाद युद्धविराम



भारत और पाकिस्तान के बीच अचानक घोषित हुए संघर्षविराम के पीछे बड़ी कूटनीतिक वजह है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर बीते कई दिनों से अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ लगातार बातचीत में शामिल थे। इन वार्ताओं का उद्देश्य सीमा पर बढ़ते तनाव को समाप्त कर एक शांतिपूर्ण समाधान तक पहुंचना था। ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी रात की बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को बधाई।

### क्यों आया पाक घुटनों पर?

सिंधु जल संधि को स्थगित करने से पाक प्यासा मरने की नौबत में पहुंच गया था

क्रॉस बॉर्डर ट्रेड बंद कर देने से पाक के सामने खाने-पीने की चीजों का संकट आ गया था

दरअसल, तीन दिनों में पाक की सैन्य शक्ति काफी क्षीण हो चुकी थी। भारत ने उसके 7 एयरबेस व 3 से ज्यादा सैन्य ठिकाने नष्ट कर दिए थे।

एक दृश्य पाक को बैचेन कर रहा था। भारत के तीनों सेना प्रमुख व सीडीएस जंग की वर्दी में आ चुके थे। पाक को लग रहा था कि भारत अब बस युद्ध छेड़ने वाला है।


भारतीय साइबर हैकर्स ने पाक में चलाया था ऑपरेशन शक्ति अभियान। पाक के सारे कंप्यूटर व आईटी सिस्टम निढाल हो गए थे।

### सिर्फ तुर्की व अजरबैजान ही पाक के साथ दिखे

अगर वैश्विक रुख को देखेंगे तो पाकिस्तान पूरी तरह से अलग-थलग पड़ा है, सिर्फ तुर्की और अजरबैजान को छोड़ दें तो कोई भी ऐसा देश नहीं है, जो पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाई दिया हो। पाकिस्तान को अमेरिका और चीन से उम्मीद थी, लेकिन अमेरिका ने पूरी तरह पल्ला झाड़ा तो चीन को भी दुनिया के दबाव में आकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के एक्शन का समर्थन करना पड़ा। हालांकि, इस सबके बीच पाकिस्तान को आईएमएफ से अतिरिक्त लोन जरूर मिल गया है।

### अटलजी याद आए, उन्होंने कहा था

## हम शांति की रक्षा के लिए अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी कर सकते हैं



‘हम शांति चाहते हैं, ये तो दुनिया ने देखा अब दुनिया ये भी देखेगी कि हम शांति की रक्षा के लिए अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी कर सकते हैं’- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण की ये पंक्तियां सोशल मीडिया पर काफी चर्चित हैं, क्यूंकि पाकिस्तान की ज़मीन पर पल रहे आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना ने जो ‘ऑपरेशन सिंदूर’ शुरू किया है, वो इसी संवाद का आइना नजर आता है। भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के गुनहगारों को सबक सिखाने के लिए इस ऑपरेशन की शुरुआत की थी।

**7 मई को भारत ने लांच किया था ‘ऑपरेशन सिंदूर’**

## भारत ने पांच खूंखार आतंकियों को मिट्टी में मिलाया कंधार हाईजैक का वांछित ढेर

> जिन आतंकियों की सूची सामने आई है, उसमें मसूद अजहर का बहनोई और उसके बीवी का भाई भी शामिल

*नई दिल्ली। 7 मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने पांच खूंखार आतंकियों को ढेर कर दिया है। जिन आतंकियों की सूची समने आई है, उसमें मसूद अजहर का बहनोई और उसके बीवी का भाई भी शामिल है।*

### ये थे आतंकी और इनका कनेक्शन



(लश्कर-ए-तैयबा) मुरीदके में मरकज तैयबा का प्रभारी

**मुदस्सर खादियन खास उर्फ मुदस्सर उर्फ अबू जुंदाल**
- पाकिस्तानी सेना की ओर से सुपुर्द-ए-खाक के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।
- पाकिस्तानी सेना प्रमुख और पंजाब की मुख्यमंत्री (मरियम नवाज) ने पुष्पांजलि अर्पित की
- जनाजे की नमाज एक सरकारी स्कूल में हुई।



**हाफिज मुहम्मद जमील**
- बहावलपुर में मरकज सुभान अल्लाह का प्रभारी।
- युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल।

(जैश-ए-मोहम्मद), मौलाना मसूद अजहर का बहनोई



**मोहम्मद यूसुफ अजहर उर्फ उस्ताद जी उर्फ मोहम्मद सलीम उर्फ घोसी साहब**
- जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल।
- आईसी-814 अपहरण मामले में वांछित।

(जैश-ए-मोहम्मद) मौलाना मसूद अजहर का साला

**खालिद उर्फ अबू अकाशा**

(लश्कर-ए-तैयबा) जम्मू और कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल
- अफगानिस्तान से हथियारों की तस्करी में शामिल।
- फैसलाबाद में सुपुर्द-ए-खाक किया गया, जिसमें वरिष्ठ पाकिस्तानी सेना के अधिकारी और फैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर शामिल हुए।

**मोहम्मद हसन खान**

(जैश-ए-मोहम्मद)
- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश के ऑपरेशनल कमांडर मुफ्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा।
- जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमलों के समन्वय में अहम भूमिका निभाई।




फाइल फोटो

मौसम विभाग ने नया पूर्वानुमान जारी किया

# 4 दिन पहले पहुंचेगा मानसून, सामान्य से ज्यादा होगी बारिश

## दक्षिण पश्चिमी मानसून के 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि दक्षिण पश्चिमी मानसून 27 मई को केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून तक केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसके जल्दी केरल पहुंचने की उम्मीद है। अगर मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक दे देता है तो यह साल 2009 के बाद से सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा। साल 2009 में मानसून ने केरल में 23 मई को दस्तक दे दी थी।

**16 साल बाद सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा**

### 13 तक अंडमान निकोबार में दस्तक होगी




केरल में मानसून के जल्दी या देर से आने का मतलब देश में ज्यादा या कम बारिश होना नहीं है। इसमें कई अन्य फैक्टर शामिल होते हैं। हाल में मौसम विभाग ने बताया था कि इस साल दक्षिणी अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार द्वीपसमूह में मानसून 13 मई को ही आगे बढ़ सकता है।

### देश की अर्थव्यवस्था के लिए मानसून बेहद अहम

मौसम विभाग ने बताया कि 96 प्रतिशत से लेकर 104 प्रतिशत की बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 प्रतिशत से कम बारिश को कमी माना जाता है और 90 से 95 प्रतिशत के बीच बारिश को सामान्य से कम माना जाता है। भारत के कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बेहद अहम है। देश में कृषि पर 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका निर्भर है और यह क्षेत्र देश के विकास में 18 प्रतिशत का योगदान देता है।

### 105 प्रतिशत बारिश की उम्मीद

बीते साल मानसून ने केरल में 30 मई को दस्तक दी थी। वहीं साल 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को और साल 2020 में 1 जून को मानसून केरल पहुंचा था। आमतौर पर दक्षिण पश्चिम मानसून एक जून को केरल पहुंचकर 8 जुलाई तक पूरे भारत को कवर कर लेता है। 17 सितंबर से मानसून भारत के उत्तर पश्चिमी इलाकों से पीछे हटना शुरू हो जाता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से विदा हो जाता है। मौसम विभाग ने अपने अप्रैल महीने के अनुमान में साल 2025 में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद जताई है। इससे अल-नीनो के असर को नकारा जा रहा है, क्योंकि अल नीनो के असर से सामान्य से कम बारिश होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि भारत में इस साल चार महीने के मानसून के मौसम में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान 105 प्रतिशत बारिश हो सकती है, जो औसत बारिश 87 सेंटीमीटर से ज्यादा है।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में मृतक के परिजनों को 2.2 करोड़ दें

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक लोक अदालत ने साल 2023 में एक सड़क हादसे में मारे गए



व्यक्ति के परिजनों को शनिवार को 2.2 करोड़ का मुआवजा प्रदान किया। प्रधान जिला न्यायाधीश एसबी अग्रवाल ने दावा अधिकरण के सदस्य एसएन शाह और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ईश्वर सूर्यवंशी की उपस्थिति में दावेदारों को चेक सौंपा।

### तनाव के बीच 'मिस वर्ल्ड' स्थगित करें


**हैदराबाद।** हैदराबाद में 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगिता शुरू होने से कुछ घंटे पहले, भारत राष्ट्र समिति



(बीआरएस) की विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) के. कविता ने शनिवार को तेलंगाना सरकार से भारत और पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष के कारण इसका कार्यक्रम पुनर्निर्धारित करने का आग्रह किया। राज्य सरकार मिस वर्ल्ड कार्यक्रम को स्थगित करे।

### एनकाउंटर फिर गैंगरेप के 3 आरोपी गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर में चलती कार में नाबालिग से गैंगरेप करने वाले आरोपियों की पुलिस



की मुठभेड़ हुई है। थाना खुर्जा नगर व थाना अरनिया पुलिस की संयुक्त टीम की दरिंदों से मुठभेड़ हुई.गोली लगने से गाज़ियाबाद निवासी गौरव और सूरजपुर निवासी संदीप घायल हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### किश्तवाड़ में महसूस किए भूकंप के झटके

**किश्तवाड़।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। शनिवार



दोपहर करीब तीन बजकर 14 मिनट पर किश्तवाड़ की धरती हिलती नजर आई। जिससे लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। यहां तीन बजकर 14 मिनट पर 2.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप की तीव्रता 2.7 थी। केंद्र किश्तवाड़ में 5 किमी अंदर था।

### चचेरे भाई का कत्ल कर मांगी 5 लाख फिरौती

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के चांदपुर में 5लाख की फिरौती के लिए सातवीं कक्षा के




छात्र का अपहरण किया। छात्र पर ही परिवार वालों से 5 लाख मंगवाने का दबाव बनाया। छात्र के इनकार करने पर भेद खुलता देख छात्र की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने चचेरे भाई समेत 5आरोपियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर कर खुलासा किया है।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर एआईएमआईएम प्रमुख औवेसी का बड़ा संदेश

# वक्फ कानून हमारा आंतरिक मसला, देश पर हमले के वक्त हम एक साथ खड़े होंगे

### सभी दलों ने दिया सरकार को समर्थन, लेकिन ओवैसी की आवाज सबसे तीखी



**सभी को दिखाया आईना**



पड़ोसी देश में आतंकी ढांचे को नेस्तनाबूद करें

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है, लेकिन सबसे तीखी आवाज़ एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की रही है। पहलगाम हमला केंद्र के वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ हैदराबाद में एक विशाल रैली का नेतृत्व करने के कुछ दिनों बाद हुआ है। तब से ओवैसी पाकिस्तान की आलोचना करने में लगातार जुटे हैं और ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए सशस्त्र बलों से पड़ोसी देश में आतंकी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करने का आह्वान किया है।

ओवैसी ने कहाकि किसी भी तरह के टकराव के लिए वृद्धि के लिए पाकिस्तान को ही दोषी मानना होगा। जैसा कि विदेश सचिव ने कहा, हमने अपने लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। हमने केवल उन्हीं लक्ष्यों को चुना है, जहां आतंकवादी संगठन प्रशिक्षण दे रहे थे। हमने किसी भी सैन्य लक्ष्य को नहीं छुआ है और नागरिकों को निशाना बनाने से परहेज किया है। सरकार ने सही कहा है कि हम चुप नहीं बैठेंगे। इसका दोष पड़ोसी देश पर है।

### पहलगाम पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित नरसंहार

ओवैसी ने कहा है कि मुझे यकीन है कि भारतीय नेतृत्व सभी परिदृश्यों से अवगत है। लेकिन खास बात यह है कि अगर पहलगाम नहीं हुआ होता, तो क्या हम इस स्थिति में पहुँचते? हमें यह याद रखना चाहिए कि यह पूरी तरह से पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित नरसंहार था। इसी वजह से यह सब हुआ।वक्फ कानून में सरकार की आलोचना और पाकिस्तान के साथ टकराव को लेकर ओवैसी ने कहा कि जहां तक उरी और बालाकोट का सवाल है, मैंने दोनों हमलों का स्वागत किया है। वक्फ कानून के बारे में हमारी स्थिति वही है। हमारी पार्टी को लगता है कि यह संविधान द्वारा दिए मौलिक अधिकारों के खिलाफ बनाया गया एक काला कानून है। हम इसके खिलाफ अपना विरोध और कानूनी लड़ाई जारी रखेंगे।

**देश के लिए हमें राजनीतिक संबद्धता से ऊपर उठना चाहिए**

ओवैसी ने कहा कि यह मेरे देश का आंतरिक मामला है। जब कोई बाहरी ताकत देश की सुरक्षा को ख़तरा बनती है, तो हमें अपनी राजनीतिक संबद्धता से ऊपर उठना होगा। हमारे देश पर हमला हुआ है और हमें देश के लिए खड़ा होना होगा। उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी कह रहा हूं, वह मैं बहुत पहले से कह रहा हूं। अगर किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया है, तो इसमें मेरी कोई गलती नहीं है।

**भारत ही नहीं पाक पूरी दुनिया के लिए खतरा**

भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर ओवैसी ने कहा कि श्रीनगर में ड्रोन आएअंदाजा नहीं है कि सैनिक हमारी सुरक्षा कैसे कर रहे हैं। हमें ऐसे देश के खिलाफ खड़ा होना है जो पूरी दुनिया के लिए खतरा है। उनके परमाणु बमों को निरस्त्र करने की जरूरत है। हमें अपने रक्षा बलों का समर्थन करने की जरूरत है।

### अपने देश में कुछ हो तो आतंकी हमला, पहलगाम पर हो तो कुछ और

**पश्चिमी मीडिया के दोगलेपन पर उठाए सवाल**

भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर पूरा देश एकजुट है। पाकिस्तान बीती रात से भारत पर हमला कर रहा है, जिसका भारतीय सेना माकूल जवाब दे रही है। भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के 8 सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया है। इधर पश्चिमी मीडिया पहलगाम के हमले को लेकर भारत के रवैये को सही नहीं बता रहा, बल्कि पहगाम आतंकी हमले को पश्चिमी मीडिया उग्रवाद और बंदूकधारी कह रहा। इस पर अब हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने पश्चिमी मीडिया को आईना दिखाया है।

**पश्चिमी मीडिया से कहा -आपके पास दो नियम कैसे ?**

पश्चिमी मीडिया द्वारा पहलगाम को आतंकी हमला कहने में आनाकानी करने पर ओवैसी ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पश्चिमी मीडिया पहलगाम आतंकी हमले के लिए मिलिटेंट्स (उग्रवादी) और गनमैन्स (बंदूकधारी) जैसे शब्दों का इस्तेमाल कैसे कर सकते हैं? ये वे लोग हैं जो भारत में आए और उन्होंने केवल उन लोगों को गोली मारी जो मुसलमान नहीं थे। अगर कोई आतंकवादी आकर आपसे आपका धर्म पूछे तो आप उन्हें क्या कहेंगे? वे धर्म के नाम पर हत्या करते हैं, वे आतंकवादी ही हैं।

## भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष

# केरल के 75 छात्रों को बाह्य राज्यों से वापस लाया गया




एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली

कुछ सीमावर्ती राज्यों के विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर रहे केरल के लगभग 75 छात्र भारत और पाकिस्तान के मध्य सैन्य संघर्ष के बीच अपने घर वापस आ रहे हैं। राज्य सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि जम्मू, राजस्थान, पंजाब और पाकिस्तान की सीमा से लगे अन्य स्थानों के विभिन्न केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों के छात्र दिल्ली स्थित केरल हाउस पहुंचे। इसमें कहा गया है कि छात्र विभिन्न उड़ानों और ट्रेनों के माध्यम से केरल पहुंचे। दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कुछ छात्रों ने कहा कि पंजाब के जालंधर जैसे स्थानों पर ड्रोन हमले अभी भी जारी हैं और उनके जैसे कई अन्य लोग घर वापस जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें हवाई या रेल टिकट मिलने में कठिनाई हो रही है।

### माकपा ने रेल मंत्री से की गुजारिश

विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और सीमावर्ती राज्यों में उत्पन्न तनाव के मद्देनजर पंजाब और कश्मीर में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से फोन पर बात की है। सतीशन ने कहा कि केरल के करीब 240 छात्र संघर्ष प्रभावित राज्यों में हैं और वे वहां डर के साये में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में तत्काल कदम उठाए जाएंगे। इस बीच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्यसभा सदस्य ए ए रहीम ने सीमावर्ती राज्यों में फंसे लोगों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की और वापसी के लिए सुविधा देने की बात कही।

### विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की जाएं

रहीम ने कहा कि सीट उपलब्ध न होने के कारण अपने घर पहुंचने के लिए ट्रेन टिकट के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ट्रेन में भीड़भाड़ और पर्याप्त कनेक्टिविटी की कमी से भारी कठिनाई हो रही है, जिससे कई लोग विभिन्न शहरों में फंस गए हैं या यात्रा के वैकल्पिक साधनों के लिए अत्यधिक कीमत चुकाने को मजबूर हैं। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि उत्तर-दक्षिण के प्रमुख मार्गों पर चलने वाली सभी ट्रेन में कोच की संख्या बढ़ाई जाए, खासकर केरल से गुजरने वाली ट्रेनों में तथा उत्तर और पश्चिमी भारत के प्रमुख स्टेशन से केरल और अन्य प्रभावित राज्यों के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू की जाएं।

## चंडीगढ़ और मुंबई में लगाए गए ब्लड कैंप

# ड्यूटी पर तैनात जवानों के काम आएंगे ये खून, बढ़-चढ़कर लोग ले रहे भाग

तनाव के बीच देशभक्ति की मिसाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय सेना इस वक्त पाकिस्तान के साथ चल रहे विवाद के चलते बॉर्डर इलाकों पर अपना काम बखूबी कर रही है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। पाकिस्तान ने दूसरे देशों के हथियारों के भरोसे लगातार दूसरे दिन भी भारत के 20 से ज्यादा शहरों को निशाना बनाया, जिस पर भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए सभी ड्रोन को मार गिराया है। इसी बीच खबर है कि ड्यूटी पर तैनात जवानों की मदद के लिए चंडीगढ़ और मुंबई में रक्तदान के लिए लोगों से आग्रह किया जा रहा है और कई जगहों पर ब्लड कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है। पीजीआईएमईआर अस्पताल ने जवानों की सहायता के लिए आपातकालीन रक्त भंडार बनाने हेतु स्वैच्छिक रक्तदान का आग्रह किया है।


**'रक्तदान देश के नाम'**

मुंबई के नायर अस्पताल ने भी देश के सैनिकों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया, इसका स्लोगन दिया गया 'रक्तदान देश के नाम'। नायर अस्पताल ने कहा कि आज ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया ताकि अगर भविष्य में रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो किसी भी प्रकार से की कमी नहीं पढ़नी चाहिए। लोगों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।



### हत्या, बलात्कार का आरोपी 17 साल बाद धरा गया

**नई दिल्ली।** पिछले 17 साल से फरार हत्या और बलात्कार के एक आरोपी को महाराष्ट्र में एक चलती ट्रेन से पकड़ा गया और उसे दिल्ली लाया गया। आरोपी की पहचान मोहम्मद आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वह बिहार में 2008 में हुई हत्या के एक मामले में वांछित था, जिसमें उसने 5 साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी।

## चारधाम यात्रा पर मुख्यमंत्री धामी ने लोगों का संदेह किया दूर

# यात्रा निर्बाध शुरू रहेगी, हेलीकॉप्टर सेवा भी पूरी तरह से संचालित की जाएगी

इस आयोजन पर किसी तरह का कोई खतरा नहीं

एजेंसी ▶▶ देहरादून

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच पूरे देश में अलर्ट है। इसी बीच लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि, क्या उत्तराखंड में चल रही चारधाम की यात्रा पर भी इसका कोई असर पड़ेगा। यात्रा को लेकर सोशल चल रही खबर को लेकर सीएम धामी ने स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा है कि प्रिय श्रद्धालुगण, प्रदेश में चारधाम यात्रा निर्बाध रूप से संचालित है। अब तक 4 लाख से अधिक श्रद्धालु धामों के दर्शन कर चुके हैं। श्री केदारनाथ धाम के लिए हेली सेवाएं भी पूरी तरह से संचालित हैं।

### अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें



अफवाह को लेकर उत्तराखंड पुलिस ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा था कि चारधाम यात्रा सुचारू रूप से चल रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालु किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें,उत्तराखंड पुलिस आपकी सुरक्षित यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है।

**लोग केदारनाथ के भी करें दर्शन**

केदारनाथ की हेली सेवा फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गई है, जो यात्रा को लेकर एक राहत की खबर है। यह कुछ घंटों तक हेली सेवा में रुकावट के बाद अब सभी हवाई यात्रा मार्गों को फिर से खोल दिया गया है। जंग के हालात को देखते हुए बंद करने की खबर थी।

## भारतमाला एक्सप्रेस-वे देश के लिए 'ब्रह्मास्त्र' के रूप में उभरा

# भारत की सामरिक ताकत का मजबूत आधार बना

### सीमा से 40 किमी दूर पाकिस्तान के लिए बना तबाही का कारण

एजेंसी ▶▶ जालौर

पाक बॉर्डर से सिर्फ 40 किलोमीटर दूर राजस्थान की अगड़ावा हवाई पट्टी वॉर मोड में अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। राजस्थान के रेतीले धोरों में बसा जालोर आज देश की सुरक्षा में एक अहम भूमिका निभा रहा है। जालोर जिले के अगड़ावा गांव में बनी एयरस्ट्रिप अब भारत की सामरिक ताकत का मजबूत आधार बन चुकी है। जहां कभी बैलगाड़ियां चलती थीं, आज वहां भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट उतरते हैं।

**बैलगाड़ियों की जगह आज फाइटर उड़ रहे**



**रनवे सेना के लिए सुविधाजनक**

अगड़ावा हवाई पट्टी भारतमाला एक्सप्रेस-वे का हिस्सा है, जो जालोर और बाड़मेर की सीमा से होकर गुजरता है। इस जगह को खास बनाती है। इसकी भौगोलिक स्थिति-क्योंकि पाकिस्तान की सीमा यहां से महज 40 किलोमीटर दूर है। ऐसे में ये रनवे युद्ध की स्थिति में भारतीय सेना के लिए एक वैकल्पिक और रणनीतिक आधार बनकर उभरा है।

**तकनीकी विकास और स्वनिर्भरता का प्रतीक**

यह एयरस्ट्रिप सिर्फ एक हवाई पट्टी नहीं है अपितु यह जालोर की मिट्टी में बसी देशभक्ति, तकनीकी विकास और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। अगड़ावा नई सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा है।

**लड़ाकू विमान सफलतापूर्वक लैंडिंग कर रहे**

9 सितंबर 2021 कोरक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस एयरस्ट्रिप का उद्घाटन किया था। तभी से सी-130 हरक्यूलिस, सुखोई-30, जगुआर और एएन -32 जैसे लड़ाकू विमानों यहां उतर रहे।

### भारत की नई सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा

करीब 33 करोड़ से तैयार ये हवाई पट्टी 3 किलोमीटर लंबी और 33 मीटर चौड़ी है। दोनों सिरों पर विमान पार्किंग के लिए विशेष जोन बनाए गए हैं। एक्सप्रेस-वे की वजह से देश के अलग-अलग कोनों से यहां तेज़ और आसान कनेक्टिविटी भी संभव है। अगड़ावा एयरस्ट्रिप न सिर्फ सैन्य दृष्टि से, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी गौरव का कारण है। कभी खेती और सीमित संसाधनों का क्षेत्र माना जाने वाला अगड़ावा, आज देश की सुरक्षा का प्रहरी बन गया है। जालोर जैसे सीमांत जिले के लिए यह बदलाव प्रेरणादायक है।

## गेल ने ऊर्जा परियोजनाओं में किया समझौता

# 5 साल में 1 गीगावाट तक का नव ऊर्जा संयंत्र बनेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की गैस उपयोगिता कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने कर्नाटक सरकार के साथ राज्य में एक गीगावाट तक की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना की संभावना तलाशने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि कर्नाटक सरकार गेल को राज्य सरकार की मौजूदा नीतियों और नियमों और विनियमों के अनुसार राज्य के संबंधित विभागों से अनुमति,पंजीकरण, मंजूरी प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करेगी।



### मंत्रियों की उपस्थिति में साइन किए गए

कंपनी 2035 तक अपने परिचालन के लिए शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य बना रही है। एमओयू पर हस्ताक्षर बेंगलुरु में बड़े और मध्यम उद्योग और बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल और ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज की उपस्थिति में अधिकारियों के बीच किया गया।




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


पाकिस्तानी सेना ने ड्रोन, लॉन्ग रेंज वेपन, गोला बारूद और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर लड़ाकू सैन्य ढांचे को निशाना बनाया



एलओसी, इंटरनेशनल बॉर्डर पर भी पाकिस्तानी सेना ने भारी गोलीबारी की और ड्रोन का इस्तेमाल कर घुसपैठ की कोशिश की

*युद्ध विराम से पहले थे ये हालात...भारत ने बताया था...बॉर्डर पर सैनिक भेज रहा था पाकिस्तान, 26 जगहों पर घुसपैठ की कोशिश, स्कूल व अस्पताल को निशाना बनाया*

# थर्राया पाकिस्तान...भारतीय सेना ने उसके 7 एयरबेस उड़ाए, रडार सिस्टम को नष्ट किया



रघु आर नायर



सोफिया कुरैशी



व्योमिका सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शनिवार सुबह विदेश मंत्रालय और सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ताजा हालातों की जानकारी दी गई। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने पूरी वेस्टर्न बॉर्डर पर अपनी आक्रामक गतिविधियां जारी रखीं। पाकिस्तानी सेना ने ड्रोन, लॉन्ग रेंज वेपन, गोला बारूद और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल कर लड़ाकू सैन्य ढांचे को निशाना बनाया। एलओसी, इंटरनेशनल बॉर्डर पर भी पाकिस्तानी सेना ने भारी गोलीबारी की और ड्रोन का इस्तेमाल कर घुसपैठ की कोशिश की। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल बॉर्डर और एलओसी पर श्रीनगर से नलिया तक 26 से अधिक स्थानों हवाई घुसपैठ के प्रयास किए गए। भारत के सशस्त्र बलों ने अधिकांश खतरों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया। फिर भी वायुसेना स्टेशनों पर उधमपुर, आदमपुर, भुज, पठानकोट, बठिंडा में वायुसेना के ठिकानों पर हमारे उपकरणों और कर्मियों को नुकसान पहुंचाया।



पाकिस्तान ने रात 1:40 बजे एक हाई स्पीड का इस्तेमाल कर पंजाब के वायुसेना बेस को निशाना बनाने की कोशिश की। पाकिस्तान श्रीनगर, अवंतीपुर और उधमपुर के वायुसेना अड्डों पर चिकित्सा केंद्र और स्कूल को निशाना बनाया। इसके जवाब में भारत ने ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान के एक रडार साइट और एक एविएशन बेस पर भी लक्षित हमला किया है। इससे पाकिस्तान थर्रा उठा।

## पाक करता रहा प्रोपेगैंडा, भारत दुनिया को बताता रहा 'सच'



### ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर बोला झूठ

सैन्य कार्रवाई के बीच पाकिस्तान लगातार झूठी खबरें फैलाने की कोशिश में भी लगा हुआ था। पाकिस्तान की तरफ से दावा किया जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान में ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर ड्रोन हमला किया है। यह दावा पूरी तरह से फर्जी निकला है। भारत ने इससे पाकिस्तान की तरफ से भारत में सांप्रदायिक नफरत पैदा करने की कोशिश बताया।

### अफगानिस्तान ने कहा... हमारी तरफ नहीं आई कोई मिसाइल

दरअसल पाकिस्तान की सेना अफगानिस्तान को लेकर झूठे दावे कर रही है, जिसका विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पर्दाफाश किया। पाकिस्तान ने एक और झूठा दावा किया है कि एक भारतीय मिसाइल ने अफगानिस्तान को निशाना बनाया है। यह पूरी तरह से झूठा और बेबुनियाद आरोप है। तालिबान सरकार ने भी इसका खंडन किया।

### भारत के सैन्य ठिकानों को कोई नुकसान नहीं



पाकिस्तान ने दावा किया है कि हमारे सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाया गया, ये सरासर झूठ है। सिरसा, आदमपुर एयरबेस को नुकसान के दावे पूरी तरह से गलत हैं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इन एयरबेस की तस्वीरें भी दिखाई गईं, जिनमें दिखाई दिया कि वहां सबकुछ सामान्य है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान नागरिक ठिकानों को निशाना बना रहा है और खासकर जम्मू और पंजाब में हमले किए गए हैं। शनिवार सुबह भी पाकिस्तान ने राजौरी में गोलीबारी की, जिसमें एक प्रशासनिक अधिकारी की मौत हो गई। साथ ही जालंधर और फिरोजपुर में भी हमले हुए हैं।

### पाक को इनसे 'धोना' पड़ा हाथ

#### चकलाला एयरबेस

ये एयरबेस पाकिस्तान वायुसेना की लाइफलाइन है, इसे नूर खान एयरबेस के नाम से भी जाना जाता है। इसका नाम पाकिस्तानी एयरफोर्स के पूर्व प्रमुख एयर मार्शल नूर खान के नाम पर रखा गया है। ये ज्यादातर वीआईपी मूवमेंट और लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

#### मुरीद एयरबेस

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मौजूद ये एक प्रमुख सैन्य हवाई अड्डा है। इसका इस्तेमाल पाकिस्तान हवाई रक्षा, प्रशिक्षण और युद्ध से जुड़े अभियानों में करता है। यहां पर कई मानवरहित ड्रोन भी तैनात रहते हैं। ये एयरबेस राजधानी इस्लामाबाद से करीब 120 किमी दूर है।

#### रफीकी एयरबेस

पंजाब प्रांत के झंग जिले में मौजूद रफीकी एयरबेस आक्रामक हवाई अभियानों के लिए जाना जाता है। यहां पर जेएफ-17 और मिराज जैसे लड़ाकू विमान तैनात रहते हैं। ये पाकिस्तान की हवाई सुरक्षा का एक अहम हिस्सा है। इसका नाम 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में बलिदान हुए स्क्वाड्रन लीडर सरफराज अहमद रफीकी के सम्मान में रखा गया है।

#### रहीमयार खान एयरबेस

रहीमयार खान एयरबेस पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के दक्षिण क्षेत्र में स्थित है। ये एयरबेस पाकिस्तानी एयर फोर्स का सक्रिय सैन्य हवाई अड्डा नहीं है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा होने की वजह से इसका महत्व काफी अलग है। यह हवाई अड्डा नागरिक उड़ानों के लिए इस्तेमाल होता है और पाकिस्तान सिविल एविएशन अथॉरिटी की तरफ से संचालित किया जाता है।

#### सुक्कुर एयरबेस

दक्षिणी वायु कमान के अंतर्गत, सिंध प्रांत के कराची और हैदराबाद के बीच स्थित जामशोरो जिले में एक सक्रिय ऑपरेशनल एयरबेस है। इसे पीएएफ बेस भोलारी के नाम से जाना जाता है। यह हाल ही में शुरू किया गया था और अब यहां 19 स्क्वाड्रन और ऑपरेशनल कन्वर्जन यूनिट तैनात हैं। यहां से एफ-16ए/बी ब्लॉक 15 एडीएफ फाइटर एयरक्राफ्ट संचालित किए जाते हैं।

#### चुनियांन एयरबेस

यह पाकिस्तान एयरफोर्स (पीएएफ) का एक प्रमुख ऑपरेशनल एयरबेस है। यह एयरबेस पंजाब प्रांत के चुनियांन शहर के पास स्थित है, जो लाहौर से लगभग 70 किलोमीटर दक्षिण की ओर है। यह एयरबेस पाकिस्तान की हवाई सुरक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

### इन सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई

| | | |
|---|---|---|
| चकलाला | : | (एलओसी से 100 किमी) |
| मुरीद | : | (एलओसी से 160 किमी) |
| रफीकी | : | (फजिल्का से 175 किमी) |
| रहीमयार खान | : | (जैसलमेर से 180 किमी) |
| सुक्कूर | : | (जैसलमेर से 225 किमी) |
| चुनियांन | : | (फिरोजपुर से 62 किमी) |
| पसरुर की रडार साइट | : | (गुरुदासपुर से 75 किमी) |
| सियालकोट एविएशन बेस | : | (सांबा से 55 किमी) |



संघर्ष विराम के तीन घंटे बाद पीएम मोदी ने की बैठक

### रक्षा मंत्री, एनएसए डोभाल और सीडीएस ने दी हालात की जानकारी


भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिन से चल रहा संघर्ष शनिवार शाम पांच बजे थम गया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संघर्ष विराम की पुष्टि की। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में पीएम मोदी को रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री, एनएसए और सीडीएस ने हालात की जानकारी दी। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम को पांच बजे संघर्ष विराम हो गया। संघर्ष विराम होने के तीन घंटे बाद रात आठ बजे पीएम मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और तीनों सेनाओं के प्रमुख मौजूद रहे। उन्होंने पीएम मोदी को हालात की जानकारी दी।

inh 24x7 छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बॉर्डर पर जा रहे सैनिकों से वसूली, टीटीई सस्पेंड

इंदौर। फौजियों ने आरोप लगाया है कि ट्रेन में टीटीई ने उनसे रिश्वत ली और बदसलूकी की। सैनिक इंदौर से जम्मू जा रहे थे। घटना के प्रकाश में आने के बाद आरोपी टीटीई को सस्पेंड कर दिया गया है।



बहस का एक वीडियो भी सामने आया है। मालवा एक्सप्रेस (12919) में बैठे सूबेदार विनोद कुमार दुबे ने कहा कि अचानक जाने की वजह से वह रिजर्वेशन नहीं करा पाए। एक जनरल टिकट लेकर एस 1 कोच में चढ़ गए। टीटीआई दलजीत सिंह आए।

### मध्यप्रदेश भाजपा की वेबसाइट हो गई हैक

भोपाल। मप्र भाजपा की ऑफिशियल वेबसाइट हैक हो गई। सूत्रों के मुताबिक वेबसाइट पर सुबह कुछ यूजर्स ने जाकर देखा तो उस पर पाकिस्तान ऑपरेशन का नाम लिखा हुआ आ रहा था।



हालांकि कुछ देर बाद वेबसाइट पर 404 लिखा हुआ आने लगा। भाजपा आईटी सेल को वेबसाइट हैक होने की जानकारी जैसे ही मिली, टीम ने इसे ठीक करने का काम शुरू कर दिया।

खंडवा-बुरहानपुर जैसे क्षेत्रों को पेयजल संकट से मिलेगी राहत, निमाड़ के लिए जीवन रेखा यह प्रोजेक्ट : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना पर मप्र और महाराष्ट्र के बीच हुआ 'एमओयू' साइन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किए हस्ताक्षर

• सीएम यादव ने भरोसा जताया कि जैसे केंद्र सरकार ने केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजनाओं में मदद की, उसी तरह इस परियोजना को भी केंद्र से सहयोग मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच जल प्रबंधन और अंतर्राज्यीय सहयोग को नया आयाम देने जा रही ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना को लेकर शनिवार को मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकारों के बीच एमओयू साइन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस पर हस्ताक्षर किए। विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंड वॉटर रिचार्ज परियोजनाओं में शामिल ताप्ती बेसिन परियोजना को लेकर यह एमओयू मप्र-महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक के दौरान मिंटो हॉल में हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन परियोजना के साथ ही दोनों राज्यों के बीच एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। यहां 247 से ज्यादा नदियां हमारे मप्र से बहती हैं, और अब गोदावरी और ताप्ती से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर मिलकर काम किया जाएगा।



### प्रमुख ज्योतिर्लिंगों को जोड़कर एक धार्मिक सर्किट बनाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दोनों राज्यों के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों-.ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर (एमपी) और त्रयंबकेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर (महाराष्ट्र) को जोड़कर एक धार्मिक सर्किट बनाया जाएगा। इसके अलावा कॉरिडोर विकसित करने पर भी सहमति बनी है।

### एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के भोपाल आगमन पर एयरपोर्ट पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने स्वागत किया, वहीं मुख्यमंत्री निवास पर डॉ. मोहन यादव ने औपचारिक रूप से अगवानी की।

डॉ.यादव ने मंच से पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की जमकर तारीफ की

### कोई गांव प्रभावित नहीं होगा, पुनर्वास की भी आवश्यकता नहीं होगी

डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना को राष्ट्रीय जल परियोजना घोषित कराने के लिए केंद्र सरकार से चर्चा की जाएगी। ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना में 31.13 टीएमसी जल का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टीएमसी मध्यप्रदेश को और 19.36 टीएमसी जल महाराष्ट्र राज्य के हिस्से में आएगा। इस परियोजना में प्रस्तावित बांध एवं नहरों से मध्यप्रदेश की कुल 3 हजार 362 हेक्टेयर भूमि उपयोग में लाई जाएगी। परियोजना के अंतर्गत कोई गांव प्रभावित नहीं होगा। इसमें पुनर्वास की भी आवश्यकता नहीं होगी।

### बुरहानपुर एवं खंडवा सहित कई क्षेत्रों में आपूर्ति

ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना से मप्र के 1 लाख 23 हजार 82 हेक्टेयर भू-क्षेत्र और महाराष्ट्र के 2 लाख 34 हजार 706 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना से एमपी के बुरहानपुर एवं खंडवा जिले की बुरहानपुर, नेपानगर, खकनार एवं खालवा की कुल 4 तहसीलें लाभान्वित होंगी। इस परियोजना से महाराष्ट्र के उत्तर क्षेत्र एवं मप्र के दक्षिण क्षेत्र के हिस्से को पर्याप्त जल उपलब्ध होगा।

### महाराष्ट्र और मप्र हम भाई समान हमारा पुराना और दिल रिश्ता है : मुख्यमंत्री फड़णवीस


*महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि 25 साल बाद दोनों राज्यों की बोर्ड बैठक हुई है, पिछली बैठक साल 2000 में हुई थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद ही राज्यों के बीच जल समझौते दोबारा शुरू हुए हैं, जिससे न सिर्फ परियोजनाएं आगे बढ़ीं, बल्कि जल संकट से निपटने के प्रयास भी तेज हुए। परियोजना से मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र दोनों राज्यों को बड़ा फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के अकोला, अमरावती सहित तीन जिलों में जहां खारा पानी है। इससे यहां पर लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इससे किसानों का भी जीवन बदलेगा। अब दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री केंद्र सरकार से इस परियोजना के लिए केंद्रित योजना की तर्ज पर विशेष सहयोग का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि जामघाट परियोजना पर वर्ष 1998 में बातचीत शुरू हुई थी, और अब वर्षों बाद फिर से इस परियोजना पर चर्चा की गई है। अक्टूबर में मप्र और महाराष्ट्र के जल बोर्ड की अगली बैठककी जाएगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और मप्र हम भाई समान हैं। नागपुर मप्र की राजधानी रही है। आपके साथ हमारा पुराना और दिल रिश्ता है। आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों में समन्वय के साथ काम कर विकास को गति दी जाएगी।*

**दो मृतक** एक ही परिवार के

# छिंदवाड़ा में दो बाइक टकराईं 5 की मौत, अस्पताल में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा में शुक्रवार देर रात करीब 12 अमरवाड़ा के चौरई रोड स्थित चौरसिया पेट्रोल पंप के पास दो बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल लाया गया जहां इन तीनों ने भी दम तोड़ दिया। हादसे के दौरान बाइक सवार दूर जा गिरे। मृतकों में दो युवक एक ही परिवार के हैं। मृतकों की पहचान सुखराम यादव (21) और आयुष यादव (19) निवासी अमरवाड़ा, शहजाद खान (19), विक्रम उईके (18) और अविनाश उईके (18) शामिल हैं।




### डंपर की टक्कर से बस खाई में गिरी, 3 की मौत

शाजापुर। आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर शाजापुर से 28 किलोमीटर दूर मक्सी बायपास पर डंपर ने यात्री बस को टक्कर मार दी। इसके बाद बस 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। बस इंदौर से गुना जा रही थी। हादसे में बस ड्राइवर गुलाब सिंह निवासी गुना, यात्री अमन चौरसिया (24) पिता विमल

### तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

बालाघाट। तिरोड़ी थाना के ग्राम गोसाईटोला सादाबोड़ी में मीनाक्षी तालाब में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। मरने वाले दोनों सगे भाई हैं। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया।

पाक ड्रोन और मिसाइल को 'आकाश' ने किया ढेर, पूर्व वैज्ञानिक बोले | 8 और 9 मई की रात एलओसी पर पाक हमलों को नाकाम किया | 'आकाश' को विकसित करने में डीआरडीओ को 15 साल लगे

# मेरे लिए खुशी का दिन, यह उम्मीद से बढ़कर काम कर रहा, आने वाले लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से निशाना बना रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में स्वदेशी रूप से विकसित आकाश मिसाइल प्रणाली ने पाकिस्तान के मिसाइलों और ड्रोन को बेअसर करने और भारत के शहरों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



आकाश मिसाइल प्रणाली, एक सतह से हवा में मार करने वाली प्रणाली जिसे एक साथ कई लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है जिसे डीआरडीओ के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. प्रहलाद रामाराव ने 15 वर्षों में विकसित किया था। बता दें, देश में ही तैयार 'आकाश' सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली ने गुरुवार को भारतीय शहरों को निशाना बनाकर किए गए पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को नकाम करने में अहम भूमिका निभाई है।

8 मई और 9 मई की दरम्यानी रात भारतीय सेना ने पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से किए गए कई ड्रोन हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम किया और उनका जवाब दिया।



## आकाश की खासियत

- वॉर हेड: 60 किलोग्राम प्री-फ्रैगमेंटेड हाई एक्सप्लोसिव वॉर हेड
- प्रणोदन: सॉलिड बूस्टर और इंटीग्रल रॉकेट या रैमजेट सस्टेनर मोटर
- ऑपरेशनल रेंज: 45 किमी
- अधिकतम गति: मैक 2.5
- गाइडेंस सिस्टम मिड कोर्स: डेटालिंक के साथ कमांड मार्गदर्शन
- टर्मिनल: सक्रिय रडार होमिंग
- लॉन्च प्लेटफॉर्म: टी-72 या बीएमपी-2 चेसिस या हैवी मोबिलिटी ट्रक

## डीआरडीओ ने किया है तैयार

*'आकाश' को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने तैयार किया है। डीआरडीओ की ओर से विकसित 'आकाश' एक मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की ओर से निर्मित मिसाइलों की तरफ से विकसित किया गया है। 'आकाश' की सबसे बड़ी खासियत यह भी है कि यह कहीं भी ले जाया जा सकता है। इसे एलओसी या अन्य सीमा पर ट्रक या टैंक जैसे वाहनों के जरिए लेकर जाया जा सकता है। इसका एडवांस वर्जन आकाश-एनजी 70 से 80 किमी तक मार कर सकता है। इसकी रफ्तार लगभग 2,500 किमी/घंटा है। यह 150 किमी दूर तक 64 लक्ष्यों को देख सकता है। यह एक साथ 12 मिसाइलों को दाग सकता है।*

## पहले सेना ने दिखाई हिचकिचाहट

*78 वर्षीय डीआरडीओ के पूर्व डॉ. प्रहलाद रामाराव, उस वक्त आकाश कार्यक्रम के सबसे कम उम्र के परियोजना निदेशक थे, जब उन्हें भारत के 'मिसाइल मैन' और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने चुना था। उन्होंने उस पल को याद करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने इस प्रणाली को हासिल करने में हिचकिचाहट दिखाई थी। उन्होंने कहा कि आकाश मिसाइल निर्माण से जुड़े सभी सहयोगियों ने ड्रोन, मिसाइलों, हेलीकॉप्टरों और यहां तक कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बने सुपरसोनिक एफ-16 लड़ाकू विमानों जैसे अत्यधिक गतिशील विमानों को रोकने के लिए डिजाइन किया था, जिन्हें पाकिस्तानी पायलट उड़ाते हैं।*

**सटीकता से लक्ष्य बेध रहा देखकर आंखों में आंसू**

*डॉ. प्रहलाद रामाराव ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे खुशी का दिन है, अपने द्वारा बनाए गए मिसाइल को दुश्मन के हवाई लक्ष्यों को इतनी सटीकता और खूबसूरती से मारते हुए देखना। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने देखा कि यह उम्मीद से बढ़कर काम कर रहा है... आने वाले लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से निशाना बना रहा है, तो उनकी आंखों में आंसू आ गए।*

**18,000 मीटर की ऊंचाई 45 किमी दूरी तक निशाना**

*'आकाश' बैटरी मिसाइल प्रणाली 18,000 मीटर की ऊंचाई पर 45 किलोमीटर दूर तक के विमानों को निशाना बना सकती है। इसमें लड़ाकू जेट, क्रूज मिसाइल और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ बैलिस्टिक मिसाइलों जैसे हवाई लक्ष्यों को बेअसर करने की क्षमता है।*

## खबर संक्षेप

### पाक सेना प्रवक्ता के पिता आंतकी संगठन से जुड़े



**इस्लामाबाद।** अमृतसर में पैदा हुए सुल्तान बशीरुद्दीन पाकिस्तानी सेना के वर्तमान प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी के पिता हैं। उनके तार आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े रहे हैं। न केवल अलकायदा से संबंध, बल्कि परमाणु हथियारों से जुड़ी अहम जानकारी को गलत हाथों में पहुंचाने के आरोपों को लेकर भी महमूद विवादों में रहे। बाद में परमाणु वैज्ञानिक महमूद पर पाकिस्तानी सरकार ने प्रतिबंध भी लगाए।

### दावा निपटारे के लिए डेढ़ अरब डॉलर देगी गूगल




**वॉशिंगटन।** दिग्गज टेक कंपनी गूगल, अमेरिकी राज्य टेक्सास को 1.4 अरब डॉलर का भुगतान करेगी। यह भुगतान दावे के निपटारे के लिए किया जाएगा। दरअसल टेक्सास ने गूगल के खिलाफ यूजर्स की मंजूरी के बिना उनका डेटा इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था। टेक्सास के स्टेट अटॉर्नी जनरल ने बताया कि यह समझौता टेक कंपनियों के लिए एक संदेश है कि हम हमारे अधिकारों और आजादी को बेचकर उन्हें पैसे नहीं कमाने देंगे।


### ओडिशा में 22 लाख मूल्य के मादक पदार्थ जब्त



**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले से दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 22 लाख रुपए मूल्य की 'ब्राउन शुगर' जब्त की गई है। बालासोर के पुलिस अधीक्षक राज प्रसाद ने बताया कि पुलिस की एक टीम ने बालासोर शहर के अरद बाजार इलाके में छापा मारा और दो आरोपियों के पास से 228 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की। उन्होंने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से इन्हें खरीदने का दावा किया।

रूस के साथ जारी जंग थमने के आसार

## बिना शर्त कल से यूक्रेन 30 दिन युद्ध विराम के लिए तैयार



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग थमने के आसार हैं। यूक्रेन और उसके सहयोगी 30 दिवसीय पूर्ण और बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने बताया कि यह युद्ध विराम सोमवार से शुरू होगा। यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन और उसके सहयोगी सोमवार से कम से कम 30 दिनों के लिए रूस के साथ पूर्ण, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। शनिवार को चार देशों फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी और पोलैंड के नेता यूक्रेन पहुंचे थे। इसमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर शामिल रहे।

**खूनखराबा बंद होना चाहिए**

जेलेंस्की से मुलाकात से पहले नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा था कि हम अमेरिका के साथ मिलकर रूस से 30 दिन के पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम की अपील करते हैं ताकि एक न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में बातचीत हो सके। उन्होंने आगे कहा, हम युद्धविराम लागू करने और पूर्ण शांति समझौते की तैयारी के लिए बातचीत का समर्थन करने को तैयार हैं। नेताओं ने कहा था कि खूनखराबा अब बंद होना चाहिए, रूस को अपनी अवैध घुसपैठ रोकनी चाहिए और यूक्रेन को एक सुरक्षित, संप्रभु राष्ट्र के रूप में समृद्ध होने का हक मिलना चाहिए। साथ ही नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर रूस युद्धविराम के लिए तैयार नहीं होता, तो उस पर दबाव और बढ़ाया जाएगा और यूक्रेन को हर संभव सहायता जारी रहेगी।

**युद्ध हुए तीन साल से ज्यादा हुए**

*सभी ने राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात कर रूस पर दबाव बढ़ाने और युद्ध रोकने की कोशिशों पर चर्चा की। बता दें, रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन साल से ज्यादा हो चुके हैं। अमेरिका लगातार रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए दबाव बना रहा है।*

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उधमपुर, कठुआ और डोडा की समीक्षा की

## लोगों की देखभाल, रक्तदान शिविर समेत कई कार्यों के लिए समर्पित टीमें गठित कीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनजर केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर, कठुआ और डोडा लोकसभा क्षेत्रों में स्थिति की समीक्षा की।



उन्होंने बताया कि लोगों की देखभाल, रक्तदान शिविर समेत अन्य कार्यों के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। जितेंद्र सिंह ने बैठक से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने बैठक के बारे में भी जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री ने वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा कि भाजपा संगठन स्तर पर उधमपुर, कठुआ, डोडा लोकसभा क्षेत्रों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें भाजपा के सभी पांच जिलाध्यक्ष और प्रमुख पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। विभिन्न कार्यों के लिए समर्पित टीमें बनाई गई हैं, जिनमें सुचारू भोजन आपूर्ति सुनिश्चित करना, विस्थापित लोगों की देखभाल, रक्तदान शिविर आयोजित करना और प्रत्येक जिले में एक विशेष हेल्पलाइन की स्थापना शामिल है। साथ ही युवा मोर्चा वरिष्ठों के मार्गदर्शन में आत्मरक्षा जागरूकता शिविर आयोजित करेगा। इसके अलावा, महिला मोर्चा यंग मदर्स के साथ समूह बैठकें करेगा, ताकि उन्हें ब्लैकआउट के दौरान बच्चों को संभालने के बारे में शिक्षित किया जाए।

### आरएस पुरा में बीएसएफ के आठ जवान घायल

जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शनिवार को पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के आठ जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना आरएस पुरा सेक्टर में हुई। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों को निकटवर्ती सैन्य चिकित्सा केन्द्र में ले जाया गया है। बीएसएफ को 2,000 किलोमीटर से अधिक लंबी भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं, आरएस पुरा के एक खेत में क्षतिग्रस्त ड्रोन के हिस्से मिले। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि इस ड्रोन को भारतीय सेना ने हवा में ही मार गिराया। यह ड्रोन गुरुद्वारा कोटली अर्जन सिंह के ऊपर से उड़ा था। अगर इसे मार नहीं गिराया जाता तो गुरुद्वारे को नुकसान हो सकता था। गुरुद्वारा सुरक्षित है। भारतीय सेना पाकिस्तान के सभी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दे रही है। हम सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, जब भी जरूरत होगी हम उनके साथ होंगे।

**हजारों लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर गए**

*जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह श्रीनगर में दो जोरदार धमाके हुए। वहीं, जम्मू के अखनूर कस्बे में तीन बड़े धमाकों की आवाज सुनाई दी। पुंछ में भी इस तरह के धमाके सुने गए। गोलीबारी से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है और हजारों लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। जम्मू के बिश्नाह के रेहल और सेदगढ़ गांवों से मिसाइल के हिस्से और टुकड़े बरामद किए गए। जम्मू-कश्मीर के नौशेरा इलाके के एक गांव में तुर्की का कामिकेज ड्रोन बरामद हुआ। कुपवाड़ा में पाकिस्तान द्वारा नागरिक इलाकों को निशाना बनाए जाने से कई घर क्षतिग्रस्त हो गए।*

### पाक की ओर से धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने का प्रयास विफल किया

रक्षा मंत्रालय ने वीडियो साझा करते हुए लिखा कि पाकिस्तान ने 10 मई 2025 को जम्मू के प्रसिद्ध शंभू मंदिर जैसे पूजा स्थलों और आवासीय क्षेत्रों को निशाना बनाकर अपनी शत्रुता जारी रखी। रात में कई सशस्त्र ड्रोन भेजे गए, जिससे नागरिकों और धार्मिक स्थलों को खतरा पैदा हो गया। भारतीय सशस्त्र बल सतर्क हैं और राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। जम्मू-कश्मीर में सीएम उमर अब्दुल्ला आप शंभू मंदिर पहुंचे, जहां पाकिस्तान द्वारा नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाकर हमला किया गया था।

**नौशेरा में तुर्की का कामिकेज ड्रोन बरामद**

*शनिवार सुबह श्रीनगर में दो जोरदार धमाके हुए। वहीं, जम्मू के अखनूर कस्बे में तीन बड़े धमाकों की आवाज सुनाई दी। पुंछ में भी इस तरह के धमाके सुने गए। गोलीबारी से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है और हजारों लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। जम्मू के बिश्नाह के रेहल और सेदगढ़ गांवों से मिसाइल के हिस्से और टुकड़े बरामद किए गए। नौशेरा इलाके के एक गांव में तुर्की का कामिकेज ड्रोन बरामद हुआ। कुपवाड़ा में पाकिस्तान द्वारा कई घरों को निशाना बनाया।*

राजस्थान के 5 बॉर्डर जिलों को स्पेशल वॉच जोन घोषित किया

## सरहदी जिलों में रेड अलर्ट, लोगों को घरों में रहने की दी गई सलाह

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के 5 बॉर्डर जिलों को स्पेशल वॉच जोन घोषित किया गया है। इनमें बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर और श्री गंगानगर जिला शामिल है। श्रीगंगानगर और बीकानेर नाल इलाके के मुख्य बाजार बंद हैं।

श्रीगंगानगर के कुछ इलाकों में बिजली सप्लाई भी बंद कर दी गई है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने बीकानेर, किशनगढ़ (अजमेर), जैसलमेर, उत्तरलाई (बाड़मेर) और जोधपुर एयरपोर्ट को 14 मई तक बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।



**अफवाहों पर ध्यान न दें**

*श्रीगंगानगर जिले में भी रेड अलर्ट जारी किया गया है। जिला कलेक्टर की ओर से लोगों को घरों में रहने की अपील की गई है। पुलिस सड़कों पर उतरकर लोगों को घर भेज रही है। जिले में मुख्य बाजार बंद करा दिया गया है। जिला प्रशासन ने एक्स पर कहा कि भ्रामक और अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी तरह का पैनिक न करें। सावधान रहें, सतर्क रहें, जागरूक रहें।*

**बायतु में मिसाइलनुमा संदिग्ध वस्तु मिली**



बालोतरा जिले के गिड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पीराणी सांईयों की ढाणी (परेऊ) में एक संदिग्ध वस्तु मिली। ग्रामीणों के अनुसार यह वस्तु रात के समय आसमान से गिरी है। यह वस्तु करीब 15 फीट लंबी और मिसाइल जैसी प्रतीत हो रही है।

ट्रंप प्रशासन का फैसला

## पाकिस्तान में अमेरिकी उच्चायुक्त ने स्टाफ की आवाजाही रोकी



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन ने अपने सभी कर्मचारियों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान की सेना ने भी देश के सभी नागरिकों को घरों में रहने की सलाह दी है जब तक कि नया आदेश न आए। अमेरिकी दूतावास और कांसुलेट्स ने 'सुरक्षा चेतावनी' जारी कर देश के सभी नागरिकों से कहा है कि वे अगले आदेश तक घरों से बाहर न निकलें।

**यात्रा न करने की चेतावनी**

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों को पहले से जारी 'यात्रा न करने' की चेतावनी दोहराई है, खासकर भारत-पाक सीमा और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के नजदीक के इलाकों में, जहां आतंकवाद और संघर्ष का खतरा ज्यादा है। इसके अलावा मंत्रालय ने पूरे पाकिस्तान के लिए भी यात्रा पर पुनर्विचार करने की सलाह दी है। दूतावास ने कहा कि अगर अमेरिकी नागरिक खुद को किसी संघर्ष वाले इलाके में पाते हैं, तो वे सुरक्षित तरीके से वहां से निकलने की कोशिश करें। अगर निकलना संभव न हो, तो वहीं सुरक्षित स्थान पर रहें।

पाकिस्तान की सेना का किया मुकाबला

## पुंछ में हिमाचल के सूबेदार मेजर पवन जरियाल शहीद

एजेंसी ▶▶ शाहपुर (कांगड़ा)

हिमाचल प्रदेश के शाहपुर के सिहोलपुरी निवासी सूबेदार मेजर पवन जरियाल (48) पुत्र गरजो सिंह शहीद हो गए हैं।



शहीद सैनिक पवन सीमा पर तैनात थे। सेना की तरफ से यह जानकारी दी गई है। वे दो महीने बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे। शहीद अपने पीछे पिता पूर्व सैनिक गरजो सिंह, पत्नी सुषमा देवी, पुत्र अभिषेक कुमार, बेटी अनामिका को छोड़ गए हैं।

**बुलंदशहर का बहादुर जवान घायल**

पाकिस्तान की सेना से मुकाबला करते हुए बुलंदशहर स्थित बीबीनगर कस्बे का एक जवान गोली लगने से घायल हो गया। खुद जवान ने गोली लगने की सूचना परिजनों को दी। जवान की सलामती के लिए परिवार प्रार्थना कर रहा है। बीबीनगर कस्बा निवासी सुरेंद्रपाल सिंह राठी के पुत्र योगेश राठी भारतीय सेना की 18 जाट रेजीमेंट में हवलदार के पद पर जम्मू कश्मीर के मेंडर जिले में तैनात हैं। 8 मई को योगेश ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सीमा पर चल रही गोलाबारी में घायल होने की सूचना दी।

## भारतीय नौसेना की तटीय पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता होगी मजबूत

भारतीय नौसेना की बढ़ी ताकत मिली पहली स्वदेशी एंटी सबमरीन युद्धपोत 'अर्नाला'

### आधुनिक माइन बिछाने के साथ एंटी-सबमरीन ऑपरेशंस में सक्षम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की समुद्री ताकत को बढ़ावा देते हुए भारतीय नौसेना को गुरुवार को पहली स्वदेशी एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) 'अर्नाला' सौंप दी गई। 'अर्नाला' आठ ऐसे युद्धपोतों की श्रृंखला में पहली है, जिसे कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने डिजाइन किया है। इसे तमिलनाडु के कट्टुपल्ली स्थित एलएंडटी शिपयार्ड में तैयार किया गया है। इसे 8 मई को भारतीय नौसेना को औपचारिक रूप से सौंपा गया।

*सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) के तहत विकसित किया*



**ऐतिहासिक किले के नाम पर नाम रखा**

*'अर्नाला' का नाम महाराष्ट्र के वसई के पास स्थित ऐतिहासिक अर्नाला किले के नाम पर रखा गया है, जो भारत की समृद्ध समुद्री विरासत का प्रतीक है। इस युद्धपोत का निर्माण इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (आईआरएस) के नियमों के तहत किया गया है और यह जीआरएसई तथा एलएंडटी शिपयार्ड के सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) के तहत एक उदाहरण है*

**डीजल इंजन संचालित**

'अर्नाला' युद्धपोत की लंबाई 77 मीटर है और यह डीजल इंजन-वॉटरजेट संयोजन से संचालित होने वाला भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा युद्धपोत है। यह युद्धपोत समुद्र के नीचे निगरानी, खोज और बचाव कार्यों, कम तीव्रता वाले समुद्री अभियानों और तटीय क्षेत्रों में एंटी-सबमरीन ऑपरेशन्स को अंजाम देने में सक्षम है।

**80 प्रतिशत स्वदेशी**


'अर्नाला' में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है, जो 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान के तहत देश की स्वदेशी युद्धपोत निर्माण क्षमता को दर्शाता है। इस जहाज की तैनाती से भारतीय नौसेना की तटीय पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को काफी मजबूती मिलेगी।

एएआई ने बढ़ाई एयरपोर्ट की सुरक्षा

## 15 मई तक सिविल उड़ानों के लिए 32 हवाई अड्डे अस्थायी रूप से बंद रहेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में 32 हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 9 मई से 15 मई 2025 की सुबह 5:29 बजे तक सभी सिविल उड़ानों के लिए यह बंदी लागू की है। बंद किए गए हवाई अड्डों में अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर, चंडीगढ़, पठानकोट,



अवंतिपोरा, अंबाला, बठिंडा, भुज, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, कान्डला, पोरबंदर, राजकोट (हिरासर), नलिया, मुण्ड्रा, कांगड़ा (गग्गल), कुल्लू-मनाली (भुंतर), शिमला, लेह, लुधियाना, पटियाला, सरसावा, थोइस, उत्तरलई, जमनगर, किशनगढ़, केशोद, हलवारा, आदमपुर और हिंडन शामिल हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन हवाई अड्डों पर इस अवधि के दौरान कोई भी सिविल फ्लाइट ऑपरेशन नहीं होगा। दिल्ली और मुंबई फ्लाइट इंफॉर्मेशन रीजन के तहत आने वाले 25 एयर ट्रैफिक सर्विस मार्गों को भी सुरक्षा कारणों से अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। ये 25 एयर रूट ग्राउंड लेवल से अनलिमिटेड ऊंचाई तक 15 मई को सुबह 5:29 तक बंद रहेंगे।

## एनएसयूआई का आरोप, रादुविवि कर रहा छात्रों के भविष्य से खिलवाड़

# बिना परीक्षा लिए घोषित कर दिए परिणाम!

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय इन दिनों काफी सुर्खियों में बना हुआ है,विश्वविद्यालय कभी परीक्षा लिए बिना ही परिणाम घोषित कर रहा है तो कभी परीक्षा लेकर भी छात्रों को जीरो नंबर दे रहा है तो कभी छात्रों को सिलेबस के बाहर का पेपर थमा दिया जाता है परीक्षा होने के महीनों बाद भी परिणाम घोषित नहीं किया जाता।

इन सभी बातों को लेकर एनएसयूआई के छात्र नेता अनुराग शुक्ला और शफी खान ने राज्यपाल तथा कुलाधिपति मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र भेजकर सभी समस्याओं का समाधान करने और आयोग्य कुलपति को हटाने तथा उनकी नियुक्ति की स्वतंत्र जांच कर कर्मचारियों और छात्रों के हित में एक योग्य नैतिक और शिक्षित अनुभवी कुलगुरु की नियुक्ति की मांग की। छात्र



नेता अनुराग शुक्ला और शफी खान ने कुलगुरु राजेश वर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से उन्हें कुलगुरु बनाया है तभी से ही विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार तथा रिजल्ट में लगातार गिरावट हो रही है क्योंकि वे कुलपति बनने हेतु नियमानुसार पूरी तरह से अयोग्य हैं उनकी नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों का उल्लंघन करते हुए की गई,उनके पास इस पद के लिए आवश्यक अनुभव और योग्यता भी नहीं है।

एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि हाल ही में विश्वविद्यालय द्वारा 27 अप्रैल को बीबीए की परीक्षा कराए बिना ही परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। 3 मई शनिवार को आयोजित बीएससी की परीक्षा में वीरांगना रानी दुर्गावती के लिए 'मकबरा' शब्द का उपयोग किया गया, जो न केवल ऐतिहासिक रूप से गलत है,बल्कि हमारी सांस्कृतिक भावनाओं के भी विरुद्ध है क्योंकि रानी दुर्गावती एक हिन्दू वीरांगना थीं, हिन्दू परंपरा में 'मकबरा' नहीं होता एवं इस प्रकार का कृत्य वीरांगना रानी दुर्गावती जी का घोर अपमान है इसी तरह 7 मई बुधवार को बीए सेकंड ईयर की आयोजित परीक्षा में विद्यार्थियों को ऑउट ऑफ सेलेब्स प्रश्न पत्र थमा दिया गया जिसे विश्वविद्यालय को बीच एग्जाम पेपर अघोषित तौर पर स्थगित करना पड़ गया इसी प्रकार परीक्षा देने के बाद भी छात्रों को जीरो नंबर थमा दिए जाते हैं तथा परीक्षाएं होने के महीनों बाद भी परिणाम घोषित नहीं होते हैं।

## नौ करोड़ से अधिक मुआवजा वितरित

# लगीं राष्ट्रीय लोक अदालतें : जिले व तहसीलों में 2578 प्रकरण हुए निराकृत

### आपसी सहमति से हुआ विवादों का पटाक्षेप

हरिभूमि जबलपुर।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला अदालत जबलपुर व तहसील न्यायालय सिहोरा व पाटन में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी ने दिशा-निर्देश दिए। सुबह से शाम तक आपसी सहमति से कुल 2578 प्रकरण निराकृत हो गए। इस प्रक्रिया में नौ करोड़ से अधिक का मुआवजा वितरित हुआ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की सचिव शक्ति वर्मा ने बताया कि प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 73 खंडपीठों का गठन किया गया था। न्यायालयों में लंबित 926 और प्रीलिटिगेशन के 1652 प्रकरणों का निराकरण किया गया। आपराधिक शमनीय प्रकृति के 413 प्रकरण, धारा 138 एनआइए के 180 प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 56 प्रकरण, सिविल मामलों के 79 प्रकरण, विवाह संबंधित प्रकरण 60 व विद्युत अधिनियम के अंतर्गत 77 के अलावा अन्य प्रकृति के 34 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। चेक बाउंस के प्रकरणों में कुल 32253096 रूपये समझौता राशिके निर्णय किए गए। मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के प्रकरणों में 10439650 के अवार्ड राशि पारित की गई। विद्युत के न्यायालयों में लंबित 77 प्रकरणों में 1761816 की राशि की वसूली हुई। इसी प्रकार बैंक रिकवरी के 131 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में निराकरण पश्चात 11938500 की समझौता राशि लोक अदालत में प्राप्त हुई।

## माह जून से अगस्त तक वितरित किया जाएगा एकमुश्त राशन

**जबलपुर।** राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने मानसून में संभावित बाढ़ के कारण राशन सामग्री के परिवहन, भंडारण एवं वितरण में आने वाली समस्याओं के निराकरण तथा पात्र परिवारों को समय-सीमा में राशन सामग्री उपलब्ध कराने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को जून से लेकर अगस्त माह तक एकमुश्त राशन सामग्री का आवंटन, उठाव एवं वितरण करने के निर्देश सभी जिलों को दिए हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने जिलों को माह जून से अगस्त तक का एकमुश्त आवंटन जारी किया है तथा इसका 31 मई तक प्रदाय केन्द्रों से उठाव कराकर उचित मूल्य दुकानों पर भंडारण सुनिश्चित कराने कहा गया है। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार माह मई के लिए 20 मई तक सभी पात्र परिवारों को राशन सामग्री वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा।

## अधारताल पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

# खरीदने के नाम पर करते थे लूट

हरिभूमि जबलपुर।

अधारताल थाना अतंर्गत रिछाई में ओएलएक्स साईट में पसंद आए मोबाइल को खरीदने के बहाने बुलाकर लूटपाट करने वालें तीन आरापियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में टीआई प्रवीण कुमरे ने बताया कि जयप्रकाश नगर निवासी 22 वर्षीय आयुष्मान मिश्रा ने ओएलएक्स साईट पर एक मोबाइल खरीदने के लिए चयन किया था। उसके बाद उसके पास एक फोन आया और कहा गया कि मोबाइल लेने रिछाई आ जाओ। वह अपने भाई आकर्ष मिश्रा के साथ मोटर सायकल से बिस्किट फैक्ट्री के पास रिछाई अधारताल पहुंचा जहॉ पर एक लड़का मुंह मे मफलर बांधे हुये मिला जिससे उसकी मोबाइल के संबंध मे बातचीत हुई उस लड़के ने कहा कि जिस मोबाइल को आप खरीदने आये हैं वह मोबाइल रोशन का है जिन्होंने हमे यहां खड़ा किया है इसके बाद उस लड़के ने एक लड़के को रोशन सर को बुलाने के लिये भेजा इतने मे 2 अज्ञात लड़के आये और उसके साथ डंडे से मारपीट किये और उसके पेंट के वांये जेब में रखे नगद 10 हजार रूपये छीन लिये तो उसके भाई ने तुरंत मोटर सायकल मोड़ा और हम दोनों वहां से मोटर सायकल से भागकर महाराजपुर तिराहा पहुंचे मारपीट से उसके सिर, नाक आंख के पास चोट आ गई थी। इसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

इसके बाद पुलिस ने मामले की पतासाजी करते हुए ग्राम इमलिया निवासी राहुल रजक, ग्राम छोटी खैरी अधारताल निवासी दीपसिहं ठाकुर, ग्राम छोटी खैरी निवासी अंकित उर्फ अंकू यादव को गिरफ्तार किया, पूछताछ में तीनों ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से नगद 2 हजार 950 रूपये तथा मोबाईल जप्त किए है। लुटेरों को गिरफ्तार करने में एसआई राहुल बघेल, एएसआई रामसनेही शर्मा, हवलदार अजीत पटेल, सिपाही राजेश केवट, दुर्गेश की सराहनीय भूमिका रही।



# एडवांस सिविल डिफेंस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफोर्मेशन सेंटर में सिविल डिफेंस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें एडवांस सिविल डिफेंस के संबंध में विस्तृत चर्चा कर सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपदा की स्थिति में वे अपने-अपने दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वाहन करें। इस दौरान मुख्य रूप से मुख्यालय, वार्डेन, संचार, दुर्घटना, अग्निशमन, बचाव सेवा, कल्याण से संबंधति, परिवहन, प्रशिक्षण, सालवेज सेवा तथा आपूर्ति आदि सेवाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्ययोजनाओं को बताया। आपदा के समय सायरन सेवा पर भी चर्चा की गई और कहा कि आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत समस्त अस्पताओं में आवश्यक जीवन रक्षक सुविधाएं सुनिश्चित हों। साथ ही विद्युत, जल, राशन, गैस, पेट्रोल आदि की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि आपदा प्रबंधन के प्लान को हमेशा अपडेट करते रहें, क्योंकि यह सभी प्रकार की आपदा में काम आते है। उन्होंने आपदा प्रबंधन में नवाचारों पर ध्यान रखते हुए मौजूदा आपदा प्रबंधन व्यवस्था में जो कमियां है उन्हें दूर करने के निर्देश दिये। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी और अधिनस्थ अमला मौजूद रहा।

## संभाग प्रभारी राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार ने किया संबोधित

# जिले के समस्त मंडल अध्यक्षों की परिचयात्मक बैठक संपन्न

**जबलपुर।** भाजपा के शहरी एवं ग्रामीण जिले के समस्त मंडल अध्यक्ष गण की परिचयात्मक बैठक संभाग प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार की उपस्थिति में भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में संपन्न हुई। बैठक को संभाग की प्रभारी, राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष पूर्ण ईमानदारी से संगठन के कार्य में लगें एवं बूथ तक पार्टी की नीति रीति को पहुंचाएं, संगठन विस्तार करते हुए आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर उनका उचित क्रियान्वयन करे। बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व की मनसा



रूप भाजपा कार्यकर्ता जबलपुर में संगठनात्मक कार्य पूरी निष्ठा से कर रहे हैं एवं नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष भी संगठन कार्य विस्तार में पूरी मेहनत कर रहे हैं।

बैठक को ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने भी संबोधित किया। बैठक में संगठन के संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई। मंडल अध्यक्षों की परिचयात्मक बैठक में महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव, राजेश दाहिया सहित समस्त शहर एवं ग्रामीण जिले के मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

## सब्जी खरीद रहे लोगों को कार ने टक्कर मारी

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत भैंसासुर बाबा के पास रोड किनारे सब्जी की दुकान लगाकर बेच रही एक सब्जी विक्रेता महिला और सब्जी खरीद रहे एक युवक को एक कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए।


गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खापा निवासी 50 वर्षीय श्रीमति चुन्ना बाई बर्मन गत रोज की तरह गोराबाजार मेन रोड किनारे भैंसासुर बाबा के पास सब्जी की दुकान लगाकर सब्जी बेच रही थी शाम लगभग 6 बजे पेंटी नाका तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 एफ 8596 के चालक ने कार को तेज गति से चलाते हुये उसकी सब्जी की दुकान में टक्कर मार दी जिससे उसके सिर में चोटें आ गयी, वहीं दुकान में सब्जी खरीदने वाले शेषराज कुशवाहा के हाथ पैर में चोटे आ गयी है। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## पूर्व आदेश की नाफरमानी पर कैट ने रेलवे बोर्ड चैयरमैन सहित अन्य अफसरों को जारी किया अवमानना नोटिस

# जोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में वाइस प्रिंसिपल को क्यों नही किया बहाल

हरिभूमि जबलपुर।

अपने पूर्व आदेश की नाफरमानी पर केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) ने रेलवे बोर्ड चेयरमैन सतीश कुमार, सेंट्रल रेलवे महाप्रबंधक धरम वीर मीणा और प्राचार्य (जेडआरटीआई) सेंट्रल रेलवे को अवमानना नोटिस जारी किया। न्यायिक सदस्य जस्टिस एके



श्रीवास्तव व प्रशासनिक सदस्य मल्लिका आर्य की खंडपीठ ने दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

याचिकाकर्ता राजकुमार दुबे की ओर से अधिवक्ता अजय रायजादा ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता जोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में वाइस प्रिंसिपल के पद पर पदस्थ थे। उनकी पत्नी ने उन पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था, जिस पर 2020 में उन्हें 2 वर्ष के कारावास की सजा हुई। बाद में अपर सत्र न्यायाधीश ने उन्हें बरी कर दिया। कैट ने अक्टूबर 2024 को रेलवे को निर्देश दिए थे कि याचिकाकर्ता को 90 दिन के भीतर बहाल करें। आदेश का पालन नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर की गई।



## खबर संक्षेप



### विश्व शांति धम्म यात्रा आज

**जबलपुर।** बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में 11 मई को विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की 2569वीं त्रिगुण पावन पूर्णिमा एवं गौतम बुद्ध की जयंती की पूर्व संध्या पर शाम 05 बजे से सिविक सेंटर से विश्व शांति धम्म यात्रा निकाली जाएगी। जो मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, बड़ी ओमती, घोड़ा नक्कास होते हुए डॉ. आम्बेडकर चौक पहुंचेगी। महिला मंडल की सदस्य छाया धाबर्डे, सविता लोखंडे, मनीषा पुनवटकर, सुनीता पाटिल, सुनीता शेण्डे, सहित समिति सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थिति का आग्रह किया है।

### वाणिज्य संकाय में साक्षी का सुयश

**जबलपुर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेला की वाणिज्य संकाय की छात्रा कु. साक्षी पटेल ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (MPBSE) की 12वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 91.4%0अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। साक्षी ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल किया। साक्षी बरेला निवासी चैन सिंह पटेल, चेना पटेल की सुपुत्री हैं।

### प्रियांश तिवारी कान्हा का सुयश

**सिहोरा।** नगर के मिस्पा मिशन सिनियर सेकेंडरी स्कुल कक्षा दसवीं के छात्र प्रियांश तिवारी कान्हा ने घोषित हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में 96 प्रतिशत 500 में 480 अंक हासिल कर परिवार के साथ विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। वे शिक्षक सुनील तिवारी निधि तिवारी के सुपुत्र है।

### श्री नरसिंह प्रकटोत्सव पर आज अनेक कार्यक्रम

**सिहोरा।** श्री नरसिंह प्रकटोत्सव के अवसर पर आज रविवार को नरसिंह टेकरी खितौला बाजार सिहोरा मे अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। मंदिर के महंत गोविंद दास जी महाराज ने बताया कि प्रातः भगवान नरसिंह का अभिषेक तत्पश्चात सहस्त्रनाम अर्चना एंव पुष्पांजलि एंव दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर सिहोरा हॉस्पीटल और देव जी नेत्रालय के द्वारा तथा भव्य आरती के संगीतमय संकीर्तन एंव प्रसाद वितरण भंडारे का आयोजन किया गया है।

## भक्तों ने पखारे भगवान के पैर

# धूमधाम से हुआ श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह



**हरिभूमि, जबलपुर।**

पंजाब बैंक कालोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी जी का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोचार के बीच वरमाला पहनाकर श्री कृष्ण रुक्मणी जी का विवाह हुआ। भक्तों ने श्री कृष्ण रुक्मणी जी के पैर पखार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा में पहुंचे भक्तों ने भगवान का पूजन अर्चन किया। व्यासपीठ से कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने श्री कृष्ण रुकमणी विवाह सहित अन्य प्रेरक प्रसंगों का वर्णन किया। शास्त्री जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान श्री कृष्ण का रूप है। आप सभी सौभाग्यशाली हैं जो भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणी जी के विवाह के साक्षी बने हैं। व्यासपीठ एवं देवी देवताओं का पूजन पंडित अमित उपाध्याय, संजय शास्त्री ने संपन्न कराया। इस दौरान अहिल्या शुक्ला, राकेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, नरेश , नीलेश, राजेश्वरी, निर्मला, रचना, स्वर्णलता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

### बधाई गीतों पर हुआ नृत्य

कथा स्थल पर व्यासपीठ से सुरेंद्र दुबे शास्त्री महाराज ने श्री कृष्ण रुक्मणी जी के विवाह का प्रसंग सुनाया। उसके बाद श्री कृष्ण रुकमणी जी की सुंदर झांकी श्रोताओं के सामने आई। भगवान श्रीकृष्ण बैंड बाजों, बारातियों के साथ कथा स्थलvपहुंचे। श्री कृष्ण के साथ बारातियों का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर मिष्ठान एवं शरबत बांटकर किया गया। मनमोहक झांकी के साथ मधुर भजनों की प्रस्तुति से भक्तों के कदम थिरकने लगे। भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी जी के विवाह का सभी लोगों ने खुशियां मनाते हुए नृत्य किया।



## शैक्षणिक और कॅरियर परामर्श सत्र का आयोजन

# विद्यार्थी स्वयं का आत्मविश्लेषण करें, निरंतर सीखें और अपने स्किल्स को विकसित करें : प्रो. अरुण शुक्ल

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत "शैक्षणिक एवं कॅरियर परामर्श" सत्र का आयोजन किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि योजना के अंतर्गत आज स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक एवं कॅरियर परामर्श का सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमताओं के साथ किस फील्ड में आगे पढ़ाई करना चाहिये इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थी स्वयं का आत्मविश्लेषण करें, साथ ही निरंतर सीखें और अपने स्किल्स को विकसित करें। शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि कॅरियर की दिशा तय करने का माध्यम है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को कॅरियर परामर्श देते हुये कहा कि एक सही कॅरियर विकल्प विद्यार्थी की रुचि, क्षमताओं, मूल्यों और दीर्घकालिक लक्ष्यों पर आधरित होता है। विद्यार्थियों के पास सरकारी सेवा, निजी क्षेत्र, स्टार्टअप एवं उद्यमिता के क्षेत्र में अपने कॅरियर को आगे बढ़ा सकते हैं। डॉ. आर.के. गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी देते हुये कहा गया कि लघु उद्योग, कुटीर उद्योग, डिजिटल प्लेटफार्म, तकनीकी स्टार्टअप, कौशल विकास योजना द्वारा विद्यार्थी अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकता है। इस अवसर पर डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया के साथ 52 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एपीएन स्कूल का कक्षा 5वीं व 8वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा




**जबलपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित कक्षा पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा में एपीएन शाला के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए गए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने बधाई देते हुए कहा कि यह हमारी शाला के शिक्षक, शिक्षिकाओं के अथक परिश्रम का परिणाम है कि सभी विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, कक्षा पांचवीं में तरंग चौहान ने 77.75 अंक, अनंत चित्रे ने 77.25 प्रतिशत, कक्षा आठवीं में योगेन्द्र बेन ने 86.5, आस्था सिंह ने 86 प्रतिशत, समृद्धि विश्वकर्मा ने 81.6 प्रतिशत, नवीन बेन ने 81.5 प्रतिशत, रिजवान हज्जाम ने 80.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, शाला प्राचार्य अजय कुमार वर्मा, उप प्राचार्य मनु श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बधाई दी ।

# ज्ञान सागर हायर सेकेंडरी के बच्चों ने दसवीं बारहवीं बोर्ड में मारी बाजी




**भेड़ाघाट।** ज्ञान सागर हायर सेकेंडरी स्कूल भेड़ाघाट चौराहा में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण दसवीं में नितिन ठाकुर 80.6% वंश सोनकर 80.01%पूनम साहू 12वीं कक्षा में सत्येंद्र सिंह ठाकुर 85.0% लक्ष्मी रजक 77.02% खुशबू पटेल 75.8 % अंक अर्जित कर स्कूल का नाम को गौरवान्वित किया साथी भेड़ाघाट क्षेत्र के अभिभावकों ने बच्चों को अच्छे अंक अर्जित करने पर ज्ञान सागर हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक एवं प्राचार्य ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामनाएं करते हुए बधाई थी।

### आज रोपा जाएगा पौधरोपण अभियान का 7604वां पौधा

**जबलपुर।** कदम संस्था द्वारा 11 मई रविवार को सिविक सेंटर पार्क में साहू समाज जबलपुर के सहयोग से पौधरोपण अभियान के अंतर्गत 7604वां पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित है। इसी क्रम में प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक कदम गोष्ठी आयोजित की गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशीष दुबे सांसद जबलपुर, अध्यक्षता डॉ. कैलाश गुप्ता संरक्षक कदम संस्था एवं संस्थापक योगेश गनोरे मुख्य वक्ता रहेंगे।

## पुलिस लाईन में दिया जा रहा ग्रीष्मकालीन फुटबॉल प्रशिक्षण

# फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



**जबलपुर।** पुलिस ब्वयॉज फुटबाल क्लब, युवा पुलिस ब्वयॉज फुटबाल क्लब एवं सिटी स्पोर्टस पुलिस लाइन के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उक्त ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण का आयोजन वर्ष 1990 से नवीन चंद कंडवाल के द्वारा लगाया जाता रहा है। उक्त परंपरा को रुपेश सिंह, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी एवं बी डिप्लोमा फुटबाल कोच के द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। उक्त ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण का शुभांरभ सम्पत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक/ जबलपुर के द्वारा किया गया एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया है। पुलिस लाइन में जारी ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण में फुटबाल डॉ. विशाल बन्ने, खेल निदेशक, आरडीवीवी, डॉ. संजू सरदार, खेल निदेशक बिलासपुर, मनीष करुनाकरण के द्वारा फुटबाल प्रदान की गयी। ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण में शेख नदीम, बी डिप्लोमा फुटबाल कोच, दीप तिवारी एवं अरुन मिश्रा के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# इलेक्ट्रिकल व्यापारी अमित की अनूठी पहल

**जबलपुर।** जम्मू काश्मीर स्थित पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं,दोनों और से लगातार सैन्य प्रतिक्रिया जारी है, ऐसे में जबलपुर के आई टी आआई निवासी इलेक्ट्रिकल गुड्स के व्यापारी अमित नामदेव जो कि करमेता में अपनी दुकान संचालित करते हैं, उनके द्वारा भारतीय सेना को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अनूठा प्रयास किया गया है। अमित के द्वारा अपनी दुकान के बाहर एक बैनर लगाया गया है, जो इन दिनों पूरे जबलपुर में चर्चा का विषय बना हुआ है।बैनर में अमित ने लिखवाया है कि जो भी उनकी दुकान से सामान ख़रीदता है, उस बिक्री से जो लाभ प्राप्त होगा, उसका आधा पैसा 50 प्रतिशत की राशि भारतीय सेना को समर्पित करेंगे, जिससे उनका देश सैन्य मामलों में वैश्विक स्तर पर और मजबूत बनें। उन्होंने बाकायदा पिछले माह हुए फायदे में से 50 प्रतिशत की राशि जो की 10 हजार रुपये है को भी ऑनलाइन नेशनल डिफेंस फण्ड में जमा की है। अमित का यह जज़्बा न केवल प्रशंसनीय है, अपितु अनुकरणीय भी है। सीमा पर हमारे जवान लड़ते हैं, परंतु अमित जैसे व्यापारी भी किसी फौजी से कम नहीं है, जो इस प्रकार से सेना की सहायता कर सच्चे देशभक्त होने का फर्ज अदा करते हैं, यदि अमित की भाँति हमारे देश के प्रत्येक व्यापारी सोच रखने लगें तो हमारी सेना के पास इतना फण्ड होगा कि हम भविष्य में न केवल सेना को तकनीकी रूप से सक्षम बनता देखेंगे, अपितु सैन्य ताकत में हम अमेरिका और रूस से भी आगें होंगे ।

# महाकोशल लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के दर्जनों सदस्य सिविल डिफेंस के सदस्य बने



**जबलपुर।** महाकोशल लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में एसोसिएशन के दर्जनों सदस्यों ने 10/5/2025 को सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का पंजीयन करवाया। जिसमें एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहित प्यासी एवं रोहित कुरील ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात को देखते हुए देशभर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और आपात स्थिति में आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का पंजीयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को एसोसिएशन अध्यक्ष अंकुश चौधरी ओमती थाना पहुंचे, जहां उन्होंने एसोसिएशन के सदस्यों के साथ स्वयं को सिविल डिफेंस वालेंटियर के रूप में पंजीकृत कराया। इस अवसर पर अंकुश चौधरी का कहना है कि वर्तमान हालात में देश के हर एक नागरिक की यही जवाबदारी है की राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भारतीय सेना का साथ दे। देश में आपात स्थिति में एसोसिएशन प्रशासन को सहयोग देने के लिए सड़कों में भी उतरेगा। एसोसिएशन आगे भी सैकड़ों सदस्यों को इस अभियान से जोड़ेगा। इस अवसर पर अंकुश चौधरी, राहुल अगरिया, एड. मोहित प्यासी, रोहित कुरील, हर्ष प्रताप सिंह, सादिक खान, राहुल झरिया, शोहिल खान, सौरभ सोनकर एवं अन्य उपस्थित रहे।

## रंगमंच बना आत्मविकास का माध्यम

# 'नाट्य लोक' द्वारा बाल नाटक कार्यशाला का शुभारंभ



**जबलपुर।** शब्दों की शक्ति, भावनाओं की अभिव्यक्ति और रंगमंच की आत्मा को समर्पित सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था नाट्य लोक द्वारा श्री जानकीरमन महाविद्यालय में एक नवीन नाट्य यात्रा (बाल नाटक कार्यशाला) का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को अभिनय, अभिव्यक्ति और आत्मानुशासन की बारीकियों से परिचित कराना है, जहाँ रंगमंच केवल एक कला न होकर आत्मविकास की साधना बन जाता है। कार्यशाला का उद्घाटन शरद भाई पालन, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, नवीन चतुर्वेदी, डॉ. आनंद सिंह राणा एवं दविंदर सिंह ग्रोवर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। यह कार्यशाला 08 मई से 1 जून तक आयोजित की जा रही है, जिसमें बच्चों को थिएटर की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण भोपाल के अभिषेक गर्ग द्वारा दिया जा रहा है, जिन्होंने भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ से थिएटर आर्ट्स में डिप्लोमा प्राप्त किया है एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की थिएटर इन एजुकेशन शाखा के साथ सात वर्षों तक बच्चों के साथ रंगकर्म में सक्रिय रूप से कार्य किया है।

कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर विनय शर्मा, संजय गर्ग, डॉ. शिप्रा सुल्लेरे, माही सोनी, पराग तेलंग, पलक गुप्ता समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## निधन




**श्री श्याम कुमार श्रीवास्तव-** धनवंतरी नगर निवासी श्री श्याम कुमार श्रीवास्तव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भैया लाल रजक-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री भैया लाल रजक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री धनराज मालवीय-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री धनराज मालवीय (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तीरथ प्रसाद कुशवाहा-** सिद्धबाबा शिव मंदिर के सामने निवासी श्री तीरथ प्रसाद कुशवाहा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तारा मिश्रा-** सुहागपुर शहडोल निवासी श्री सूर्यवंश मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती तारा मिश्रा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक जाट-** छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री अशोक जाट (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री किशन कुमार-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री किशन कुमार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जयंती विश्वकर्मा-** भानतलैया बकरा मार्केट निवासी श्री जगदीश विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती विश्वकर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोपाल प्रसाद सोनी-** घाना खमरिया निवासी श्री गोपाल प्रसाद सोनी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंदा बिरहा-** सीओडी कॉलोनी सुहागी निवासी श्री मूलचंद बिरहा की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बिरहा (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामदास जाटव-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री रामदास जाटव (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हेमंत वर्मा-** केंट सदर निवासी श्री हेमंत वर्मा (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री संजीव शर्मा-** गढ़ाफाटक मोची कुआं के पास निवासी श्री संजीव शर्मा (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र रजक-** बिलपुरा मड़ई निवासी श्री लीलाधर रजक के पुत्र श्री राजेंद्र रजक (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेश अग्रवाल-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री राजेश अग्रवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303[illegible], 940[illegible]362[illegible]

### सुषमा खरे की बुंदेली कृति का अतिथियों ने किया विमोचन

**सिहोरा।** अभिव्यक्ति साहित्य संस्था एंव पाथेय संस्था के संयोजन में नगर की प्रतिष्ठित साहित्यकार सुषमा वीरेंद्र खरे द्वारा रचित बुंदेली किस्सा कहानियों और फिर उनपर दोहा चौपाइयों का समावेश सहित कृति सुषमा की बुंदेली किस्सा नामक पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम खितौला के छोटू महाराज सभागार में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम शिप्रा खरे तथा प्रांजल खरे द्वारा लेखिका श्रीमती खरे द्वारा रचित सरस्वती वंदना प्रस्तुत की तथा भगवान चित्रगुप्त महाराज का पूजन अर्चन अतिथियों द्वारा किया। आयोजन में आये अतिथियों में डॉ हरिशंकर दुबे,नगर के वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक,प्रतुल श्रीवास्तव, भगवत आचार्य दुबे,राजेश पाठक प्रवीण,संतोष नेमा,डॉ,संध्या जैन श्रुति,डॉ मुकुल तिवारी,कायस्थ समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रत्ना श्रीवास्तव,देवेंद्र श्रीवास्तव,अमरेन्द्र श्रीवास्तव,शशि खरे,रेखा श्रीवास्तव आदि ने श्रीमती खरे के लिए अपने आत्मीयता भाव प्रस्तुत कर अनुग्रहित किया।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, VIMLA BAI W/O LATE NOKHE LAL date of birth 11/05/1964 R/O H NO. 36A, RAGBI GROUND, NEAR YADGAR CHOUK, MALHOTRA COMPOUND, POST OFFICE SADAR CANTT, JABALPUR (MP)-482020 I, have changed of my name and date of birth from name BIMLA BAIN and date of birth 21/06/1963 (Name and date of birth as per my AADHAR CARD) to name VIMLA BAI and date of birth 11/05/1964 (name and date of birth as per my PENSION PAYMENT ORDER (PPO) NO. C/AOC/FT/10055/2011) vide affidavit dated 09/05/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT NAME - VIMLA BAI
CORRECT DATE OF BIRTH -11/05/1964
INCORRECT NAME BIMLA BAIN
INCORRECT DATE OF BIRTH 21/06/1963

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र 11/19-20/ दिनांक 10-05-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति उमाबाई पति स्व. श्री प्रीतम ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड भवन क्रमांक 2453/2ए+1 कुचबधिया मोहल्ला कॉचघर समपत्ति के पिन क्रमांक 10004293154 पर दर्ज जिस पर निर्मित भूतल 300 वर्गफुट आर.सी.सी. मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति फूलबाई चडार पति स्व. श्री भैरो प्रसाद का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./443/अ-6/2025-2026
जबलपुर, दिनांक-09/05/2025

**// आम इश्तहार //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष अग्रवाल पिता मुन्ना लाल अग्रवाल निवासी सराफा बाजार जबलपुर के द्वारा मौजा 48 ब्लाक, प्लॉट नंबर 173 रकवा 436 वर्गफुट भूमि पर राधारानी अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 7/1/2011 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 26/5/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 09/05/2025
पेशी दिनांक - 26/05/2025
सील
तहसीलदार
आधारताल, जबलपुर

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने संपत्ति स्वामी श्रीमती मालोबिका मुखर्जी उर्फ मालोबिका राउत पति श्री एस मुखर्जी निवासी चंदन कालोनी, रांझी, जबलपुर से इनकी संपत्ति जो सिविल स्टेशन ब्लॉक न 21, प्लॉट न 13/3 के भाग पर निर्मित अपार्टमेंट अनमोल आवास के तृतीय मंजिल पर स्थित फ्लेट न 401 जिसका कार्पेट एरिया 600 वर्गफुट है, जो कि साउथ सिविल लाइंस जबलपुर मैं स्थित फ्लेट को खरीद कर सौदा तय कर लिया है, केवल विक्रय का पंजीयन होना शेष है, यदि इस कारवाही में किसी संस्था / शासकीय अर्दशासकीय, बैंक, वित्तीय संस्थान, आम या खास व्यक्ति को कोई आपत्ति व ऐतराज है तो वह मुझसे मेरे कार्यालय मैं इस सूचना प्रकाशन की अवधि के 07 दिवस के अंदर मेय कागजी सबूत के साथ संपर्क करे । अवधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य व अस्वीकार होगी एव मेरा पक्षकार उक्त जायदाद की रजिस्ट्री बेनामा करने हेतु पूर्ण रूप से स्वतंत्र होगा ।

जबलपुर दिनांक - 09/05/2025

(दिलीप नायर एडवोकेट)
एम.पी. हाई कोर्ट जबलपुर
मोबा: 9303022888



# तुरंत मिल सकता है 20 हजार रुपये का लोन, पे-स्लिप भी जरूरी नहीं

**सुझाव** | **बिजनेस डेस्क**

कभी-कभी जिंदगी में अचानक पैसों की जरूरत पड़ जाती है। कोई मेडिकल इमरजेंसी, घर में कोई परेशानी या जरूरी खर्च, लेकिन अगर आपकी कोई सैलरी नहीं है, तो लोन मिलना मुश्किल लग सकता है। ऐसे में आदमी परेशान हो जाता है। हालांकि ऐसी स्थिति में भी आपको घबराना नहीं चाहिए, बल्कि सूझबूझ से काम लेना चाहिए। अच्छी बात यह है कि आज कई डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म ऐसे लोगों को भी लोन दे रहे हैं, जिनके पास सैलरी स्लिप नहीं है। यानी अगर आप पारंपरिक नौकरीपेशा नहीं हैं, तब भी 20,000 रुपये तक का लोन बड़ी आसानी से आपको मिल सकता है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि आप कैसे बिना सेलरी स्लिप के भी बड़े आराम से 20000 रुपये तक का लोन लेकर अपने खर्च को चला सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा परेशान होनी की भी जरूरत नहीं है। सिर्फ आपको अपना क्रेडिट स्को मेंटेन करना है। लोन के लिए क्रेडिट स्कोर 300 से 900 के बीच होना जरूरी है। यह आपके लोन चुकाने की क्षमता को दर्शाता है।

### लोन लेने से पहले ध्यान दें

**क्रेडिट स्कोर**
लोन के लिए क्रेडिट स्कोर बहुत जरूरी होता है। यह 300 से 900 के बीच का एक नंबर होता है, जो आपकी लोन चुकाने की क्षमता बताता है। अगर आपका स्कोर 750 से ऊपर है, तो बिना सैलरी स्लिप के भी लोन मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

**इनकम प्रूफ**
अगर आप खुद का बिजनेस करते हैं या फ्रीलांसर हैं, तो इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर), बैंक स्टेटमेंट या इनकम सर्टिफिकेट से अपनी आमदनी दिखा सकते हैं।

**गारंटर या गिरवी**
अगर आपके पास सैलरी नहीं है, तो कुछ बैंक या लेंडर गारंटर या कोई संपत्ति गिरवी रखने पर लोन दे सकते हैं। गारंटर की स्थायी इनकम आपके लोन अप्रूवल में मदद कर सकती है।

**सिक्योर्ड लोन विकल्प**
अगर आप कोई गहना या अन्य संपत्ति गिरवी रखते हैं, तो सिक्योर्ड लोन लेना आसान हो सकता है। इससे लेंडर को भरोसा होता है कि लोन वापस मिलेगा।

**पुराने लेंडर से संबंध**
अगर आपने पहले किसी लेंडर से लोन लिया है और समय पर चुकाया है, तो वह आपको दोबारा आसानी से लोन दे सकता है – भले ही सैलरी स्लिप न हो।

**को-अप्लिकेंट के साथ लोन लें**
अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति के साथ लोन अप्लाई करते हैं जिसकी क्रेडिट हिस्ट्री अच्छी हो, तो लोन मिलने के चांस बढ़ जाते हैं।

**जरूरी डॉक्युमेंट्स**
■ **केवाईसी डॉक्युमेंट्स** : आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि ■ **पते का प्रमाण** : बिजली बिल, रेंट एग्रीमेंट, राशन कार्ड ■ **वैकल्पिक इनकम प्रूफ** : बैंक स्टेटमेंट, आईटीआर, या बिजनेस से जुड़ा कोई दस्तावेज ■ लोन अप्लाई करने का प्रोसेस ■ सभी डॉक्युमेंट्स तैयार रखें ■ केवाईसी पते का प्रमाण और इनकम प्रूफ साथ रखें ताकि प्रोसेस जल्दी हो सके।

**एलिजिबिलिटी चेक करें**
लोन अप्लाई करने से पहले बैंक या ऐप पर अपनी योग्यता चेक करें। इससे समय और मेहनत दोनों की बचत होगी और लोन मिलने में आसानी भी होगी।

**लोन अमाउंट और अवधि तय करें**
ईएमआई कैलकुलेटर का इस्तेमाल करके देखें कि 20,000 रुपये का लोन कितनी ईएमआई में चुकाया जा सकता है। इससे आपकी योजना मजबूत बनेगी।

**क्या कहते हैं जानकार**
बैंकिंग विशेषज्ञों का कहना है कि अगर किसी को इमरजेंसी में पैसों की जरूरत है, तो बैंक से मदद ली जा सकती है। उनका कहना है कि बैंक तात्कालिक जरूरतों के लिए टेम्परारी ओवरड्राफ्ट की सुविधा देते हैं। इसके अलावा, ग्राहक पर्सनल लोन भी ले सकते हैं।" पर्सनल लोन पर ब्याज दर 10% से 24% सालाना तक हो सकती है, जो हर बैंक में अलग-अलग होती है। इसकी अवधि आमतौर पर 1 साल से 3 साल तक हो सकती है।

## चांदी का वॉल्यूम 313 करोड़ रुपये पर पहुंचा, इस गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की मांग जबरदस्त बढ़ी

# लगातार चमक रही चांदी, इसके आगे सोना फेल, सिल्वर ईटीएफ में 3.3 गुना तेजी आई



**निवेश मंत्रा** | बिजनेस डेस्क

- ईटीएफ एक आकर्षक निवेश का विकल्प बन रहे
- बेहतर लिक्विडिटी के कारण ट्रेडिंग में रुकावट नहीं आती
- निवेशक भी इसमें बढ़चढ़कर दिलचस्पी दिखा रहे

*फिजिकल गोल्ड में निवेश करने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, और इसके साथ ही यह जागरूकता भी बढ़ रही है कि खरीदे गए सोने की शुद्धता की जांच जरूरी है। लोग अब जांच परख के बाद ही सोना खरीद रहे हैं।*

इस साल चांदी की चमक लगातार बढ़ती जा रही है। चांदी की रफ्तार के आगे सोना भी फेल हो गया। हालांकि सोने ने भी इस अपना सर्वकालिक उच्च सतर हासिल किया है, लेकिन देखा जाए तो चांदी सोने से काफी आगे निकली है। इस साल सिल्वर ईटीएफ में 3.3 गुण तक की तेजी देखने को मिली है। गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की मांग में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) द्वारा जारी किए गए डेटा के मुताबिक, पूरे इंडस्ट्री का कुल वॉल्यूम लगभग 2.9 गुना बढ़कर 644 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि पिछले साल यह 224 करोड़ रुपये पर था। इस तेज बढ़त से यह साफ है कि त्योहारों के मौके पर एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) एक आकर्षक निवेश विकल्प के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। स्थानीय निवेशक भी इसमें बढ़चढ़कर दिलचस्पी दिखा रहे हैं। ऐसे में सिल्वर ईटीएफ निवेश का सबसे बढ़िया विकल्प बनकर उभर रहे हैं।

गोल्ड ईटीएफ में बीते एक साल में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। 30 अप्रैल 2025 तक इनका ट्रेडिंग वॉल्यूम 130 करोड़ से 2.5 गुना बढ़कर 331 करोड़ हो गया। हालांकि, सिल्वर ईटीएफ की बात करें तो इसने भी शानदार प्रदर्शन किया। इसका वॉल्यूम 95 करोड़ से 3.3 गुना की जबरदस्त ग्रोथ लेकर 313 करोड़ पहुंच गया। ट्रेडिंग वॉल्यूम के लिहाज से सिल्वर ईटीएफ इस साल का सबसे तेज ग्रोथ देने वाला सेगमेंट बन गया। इसने इस मामले में सोने को भी पीछे छोड़ दिया।



**ईटीएफ में तेजी की वजह**

**सुविधा**
ट्रेडिंग वॉल्यूम में आई इस तेज बढ़ोतरी के पीछे कई अहम कारण हैं। जैसे निवेशकों को सोने या चांदी में निवेश करने के लिए अब उसकी शुद्धता या सुरक्षित स्टोरेज की चिंता नहीं करनी पड़ती। ईटीएफ को शेयर की तरह ही डिमैट अकाउंट के जरिए खरीदा-बेचा जा सकता है। इससे किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती और इसे खरीदना और बेचना बेहद आसान है। इसमें एसआईपी की तरह ही निवेश किया जा सकता है।

**लागत में बचत**
फिजिकल गोल्ड खरीदने पर मेकिंग चार्ज, स्टोरेज खर्च और शुद्धता का जोखिम जुड़ा होता है। इसके मुकाबले ईटीएफ में लेनदेन की लागत कम होती है और बेहतर लिक्विडिटी के कारण ट्रेडिंग में रुकावट नहीं आती। इसलिए यह निवेश का एक बेहतरीन विकल्प बनकर सामने आ रहा है और निवेशकों को मालामाल कर रहा। इसलिए इस सेगमेंट में निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है।

**निवेशकों की रुचि**
पारंपरिक रूप से अक्षय तृतीया पर फिजिकल गोल्ड की बिक्री में तेजी देखने को मिलती है। अब यही रुझान एक्सचेंज पर भी नजर आ रहा है। इंडस्ट्री लेवल पर गोल्ड ईटीएफ का टर्नओवर सालाना आधार पर 2.5 गुना बढ़ा है, जबकि सिल्वर ईटीएफ का टर्नओवर 3.3 गुना बढ़ा है। सिल्वर की तेज बढ़त यह संकेत देती है कि निवेशक अब सिर्फ गोल्ड तक सीमित नहीं हैं और पोर्टफोलियो में डायवर्सिफिकेशन की ओर बढ़ रहे हैं। उदाहरण के लिए बता दें कि वित्त वर्ष 2025 में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ का औसत डेली वॉल्यूम, कुल ईटीएफ टर्नओवर का लगभग 60% था। यह दर्शाता है कि इन प्रोडक्ट्स की पकड़ भारतीय बाजार में लगातार मजबूत हो रही है।

### लोअर इम्पैक्ट कॉस्ट्स भी ईटीएफ को बना रहे आकर्षक

अक्षय तृतीया के दिन इंडस्ट्री-वाइड आंकड़ों के मुताबिक, गोल्ड ईटीएफ में औसत इम्पैक्ट कॉस्ट 20 बेसिस पॉइंट (बीपीएस) रही। हालांकि, कुछ प्रमुख ईटीएफ में यह लागत सिर्फ 2 बीपीएस तक ही रही। सिल्वर ईटीएफ में औसतन इम्पैक्ट कॉस्ट 32 **bps** रही, लेकिन सबसे ज्यादा लिक्विड ईटीएफ में यह घटकर लगभग 3 बीपीएस तक आ गई। हाई लिक्विडिटी से ईटीएफ अपने अंडरलाइन एसेट प्राइस को बेहतर तरीके से ट्रैक करते हैं, जिससे निवेशकों को ज्यादा सटीक एक्सपोजर मिलता है।

### क्या पोर्टपोलियो में गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ शामिल करना चाहिए

हालांकि गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इनकी भूमिका पोर्टफोलियो में एकदम खास होती है। वैल्यू रिसर्च इसे विस्तार से समझाता है।

■ डाइवर्सिफायर (विविधता लाने वाले एसेट): ऐतिहासिक रूप से गोल्ड और सिल्वर का इक्विटी मार्केट से कम संबंध होता है। इस वजह से ये पोर्टफोलियो में जोखिम को कम करने में मददगार साबित होते हैं।

■ बेशकीमती धातु (प्रेशियस मेटल्स): आमतौर पर महंगाई बढ़ने या भू-राजनीतिक तनाव के समय बेहतर प्रदर्शन करते हैं। हालांकि, ये एसेट ग्रोथ देने वाले प्रमुख निवेश विकल्प नहीं माने जाते।

■ लॉन्ग टर्म में इक्विटी ने गोल्ड और सिल्वर दोनों से बेहतर रिटर्न दिया है। उदाहरण के तौर पर, पिछले एक दशक में गोल्ड ने औसतन 7-8% सालाना रिटर्न दिया है, जबकि इक्विटी मार्केट ने करीब 12-14% सालाना रिटर्न दिया है।

■ सिल्वर की बात करें तो उसमें थोड़ा अलग ट्रेंड देखा जाता है, क्योंकि यह आंशिक रूप से एक इंडस्ट्रियल मेटल भी है। इसलिए इसकी कीमतें मैन्युफैक्चरिंग डिमांड और निवेशकों की धारणा दोनों से प्रभावित होती हैं। यही वजह है कि सिल्वर ईटीएफ थोड़े ज्यादा वोलाटाइल हो सकते हैं, लेकिन जो निवेशक जोखिम समझते हैं उनके लिए यह एक दिलचस्प डाइवर्सिफायर बन सकता है।

## समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें

# पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां को दे सकते हैं कुछ खास तोहफे

**जानकारी** | **बिजनेस डेस्क**

*इस बार मदर्स डे पर आप अपनी मां के लिए कुछ खास प्लान कर सकते हैं। कुछ अलग, कुछ ऐसा दे सकते हैं जो उन्हें न सिर्फ खुशी देगा, बल्कि उनका भविष्य भी सुरक्षित करेगा। इसलिए आप भी इस बार मदर्स डे को खास बनाना चाहते हैं और समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें। पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां के लिए कुछ खास गिफ्ट हो सकते हैं, जिन्हें आप अपनी मां को भेंट कर सकते हैं।*

मदर्स डे यानी मां के नाम एक खास दिन। इस बार 11 मई, रविवार को हम सब अपनी मां के लिए कुछ खास करने की तैयारी में हैं। ये दिन हर उस मां के लिए समर्पित होता है जो अपने बच्चों की तरक्की के लिए बिना थके, बिना किसी उम्मीद के लगातार योगदान देती हैं। इस दिन बच्चे अपनी मां को खुश करने के लिए उन्हें सरप्राइज गिफ्ट देते हैं, बाहर खाना खिलाने ले जाते हैं या फिर घर पर खुद खाना बनाते हैं। लेकिन इस बार आप मां को कुछ अलग, कुछ ऐसा दे सकते हैं जो उन्हें न सिर्फ खुशी देगा बल्कि उनका भविष्य भी सुरक्षित करेगा। इसलिए आप भी इस बार मदर्स डे को खास बनाना चाहते हैं और समझदारी और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो एक बार जरूर विचार करें। पीपीएफ से लेकर हेल्थ इंश्योरेंस तक मां के लिए कुछ खास गिफ्ट हो सकते हैं, जिन्हें आप मदर्स डे पर अपनी मां को भेंट कर सकते हैं। अगर आप इस बार एक समझदारी भरा और प्यार से भरा गिफ्ट देना चाहते हैं, तो फाइनेंशियल गिफ्ट्स पर जरूर सोचें। ये गिफ्ट्स मां को टैक्स बचाने, बेहतर रिटर्न पाने और हेल्थ कवर जैसे फायदे भी दे सकते हैं।

### 1. पीपीएफ (पब्लिक प्रॉविडेंट फंड)

पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) एक सुरक्षित और टैक्स बचत वाली स्कीम है, जिसमें हर वित्त वर्ष में कम से कम 500 रुपये और अधिकतम 1,50,000 रुपये तक निवेश किया जा सकता है। इसमें खाता खुलने के तीसरे साल से छठे साल तक लोन की सुविधा मिलती है, जबकि सातवें साल से हर साल आंशिक निकासी की अनुमति भी होती है। ऐसे में यह खाता 15 साल में मैच्योर होता है, लेकिन इसे 5-5 साल के ब्लॉक में जितनी बार चाहें बढ़ाया जा सकता है। परिपक्वता के बाद बिना नया निवेश किए भी खाता चालू रखा जा सकता है और ब्याज मिलता रहेगा। खाते में जमा राशि पर आयकर की धारा 80-सी के तहत टैक्स छूट मिलती है और ब्याज पूरी तरह टैक्स फ्री होता है (धारा 10)। साथ ही, इस खाते की राशि कोर्ट के किसी आदेश से जब्त नहीं की जा सकती।



### 2. फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी)

मां को आप फिक्स्ड डिपॉजिट का गिफ्ट भी दे सकते हैं। इसमें सालाना 6-7% ब्याज मिलता है। हालांकि ब्याज पर टैक्स लगता है, लेकिन अगर आपकी मां वरिष्ठ नागरिक हैं और उनकी आय टैक्सेबल लिमिट से कम है, तो वो फॉर्म 15जी/15एच भरकर टीडीएस से छूट ले सकती हैं। यह भी मां के लिए एक खास गिफ्ट हो सकता है।

### 3. हेल्थ इंश्योरेंस

अगर आपकी मां के पास पहले से एक हेल्थ पॉलिसी है, तब भी आप उन्हें एक अतिरिक्त हेल्थ कवर गिफ्ट कर सकते हैं। मान लीजिए उनके पास 5 लाख की पॉलिसी है और आप उन्हें 5 लाख रुपये की एक और पॉलिसी गिफ्ट करते हैं, तो उनका कुल मेडिकल कवर 10 लाख रुपये हो जाएगा। यह गिफ्ट मात्र 6,000 से 10,000 रुपये के बीच में मिल सकता है। इससे उनकी स्वास्थ्य संबंधी चिंता खत्म होगी।

### 4. सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम

अगर आपकी मां की उम्र 60 साल से ज्यादा है, तो आप उनके नाम से सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम (एससीएसएस) में खाता खुलवाकर उन्हें एक शानदार तोहफा दे सकते हैं। इस स्कीम में अभी 8.20% सालाना ब्याज मिल रहा है। यह योजना न सिर्फ सुरक्षित है, बल्कि नियमित आय का भी जरिया बन सकती है।

### 5. सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी)

अगर आप मां को इस बार सोना गिफ्ट करना चाहते हैं, तो फिजिकल गोल्ड की जगह सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश करें। इसमें सोने की कीमत के साथ ब्याज भी मिलता है। यह निवेश न सिर्फ सुरक्षित है, बल्कि लंबे समय में अच्छा रिटर्न भी देता है।




## घर की रजिस्ट्री में पत्नी का भी नाम डालें, 3 लाख तक की बचत होगी

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी रियल एस्टेट में निवेश कर टैक्स बचाना चाहते हैं तो आप मकान की रजिस्ट्री में पत्नी का नाम भी डालें। इससे आप तीन लाख रुपये तक का टैक्स बचा सकते हैं। अक्सर कहा भी जाता है कि रियल एस्टेट निवेश के सबसे अच्छे विकल्पों में से एक है। बढ़ती आबादी और तेज शहरीकरण के चलते हाउसिंग सेक्टर कुछ साल से अच्छी ग्रोथ भी देख रहा है। इस सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 2016 में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) स्थापित की थी। इसका उद्देश्य रियल एस्टेट में पारदर्शिता लाना, जवाबदेही तय करना, दक्षता बढ़ाना और घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा करना है। इससे निवेशकों के बीच रियल एस्टेट को लेकर भरोसा बढ़ा है। इस सेक्टर में निवेश करके आप खुद के घर का सपना भी पूरा कर सकते हैं। इसके साथ ही न सिर्फ अच्छा रिटर्न कमा सकते हैं, बल्कि आयकर अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत टैक्स बेनिफिट्स भी ले सकते है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे ऐसे ही कुछ तरीके, जिससे आप निवेश के साथ टैक्स भी बचा पाएंगे और अपने घर के साथ -साथ अच्छा मुनाफा व बचत भी कर पाएंगे। ये टिप्स आपके लिए बेहद जरूरी हो सकते हैं।

**स्टाम्प ड्यूटी की छूट**

घर की कीमत पर स्टाम्प ड्यूटी लगती है। धारा 80सी के तहत इस पर आप 1.50 लाख रुपये तक छूट ले सकते हैं। यदि ड्यूटी इससे ज्यादा हो, तो दो या ज्यादा लोगों के नाम पर रजिस्ट्री कराने पर सभी को समान छूट मिलेगी। यानी पत्नी के साथ मिलकर इस छूट को 3 लाख रुपये तक पहुंचा सकते हैं। इसलिए मकान खरीदने के दौरान रजिस्ट्री में आप अपनी पत्नी का नाम जोड़ सकते हैं।

**ब्याज पर कटौती**

यदि आप मकान खरीदने के लिए लोन लेते हैं तो ऐसी स्थिति में चुकाए गए ब्याज पर इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 24 के तहत कुल आय में 2 लाख रुपये तक कटौती का लाभ ले सकते हैं। मूलधन पर भी धारा 80सी के तहत 1.50 लाख तक छूट पा सकते हैं।

**एक घर बेचा, दूसरा मकान खरीदने पर छूट**

यदि आप एक रेसीडेंशियल प्रॉपर्टी बेचकर दूसरा मकान खरीदना चाहते हैं, तो धारा 54 आपकी मदद करेगी। इसके तहत पुरानी प्रॉपर्टी बेचने से जितना भी प्रॉफिट हुआ, यदि उस पूरी रकम से आप कोई नई प्रॉपर्टी खरीदते हैं तो पुरानी प्रॉपर्टी से हुए मुनाफे पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। शर्त ये होगी कि बेची और खरीदी गई, दोनों प्रॉपर्टी रेसिडेंशियल ही हों। यदि आप जमीन जैसी कोई अन्य प्रॉपर्टी बेचकर तैयार मकान खरीदना चाहते हैं, तो ऐसी स्थिति में भी आयकर कानून की धारा 54एफ के तहत छूट मिलेगी। लेकिन यह कटौती समान कानून की धारा 54 के तहत मिली छूट से कम होगी।

**प्रॉपर्टी न्यूनतम 24 माह होल्ड करना अच्छा**

यदि आप खरीदी हुई प्रॉपर्टी को न्यूनतम 24 महीने अपने पास रखने के बाद बेचते हैं तो आपको 12.5% लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स चुकाना होगा। यदि इससे पहले प्रॉपर्टी बेचते हैं तो आपको नॉर्मल स्लैब रेट से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स देना पड़ेगा।

# एसआईपी निवेश ने बनाया रिकॉर्ड, लेकिन इक्विटी फंड में घटा

**प्लान** | **बिजनेस डेस्क**

## इक्विटी एमएफ में अप्रैल में 24,269 निवेश हुआ जो मार्च के 25,082 करोड़

### म्यूचुअल फंड एयूएम 70 लाख करोड़ के ऑल टाइम हाई पर

अप्रैल 2025 में भले ही शेयर बाजार में तेजी आई। एसआईपी निवेश ने रिकॉर्ड बनाया, लेकिन इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेशक सतर्क रहे। इसी के चलते इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश अप्रैल में 3.24 फीसदी घटकर 24,269 करोड़ रुपये रहा है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की के चलते बाजार में जारी अस्थिरता के बीच यह गिरावट आई है। हालांकि अप्रैल महीने में एसआईपी के जरिए निवेश ने रिकॉर्ड बनाया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एसआईपी योगदान अप्रैल में 2.7% बढ़कर 26,632 करोड़ रुपये रहा, जो कि मार्च में 25,926 करोड़ रुपये था। ग्रॉस इनफ्लो अप्रैल में नई ऊंचाई पर पहुंच गया और दिसंबर 2024 के 26,459 करोड़ रुपये के आंकड़े के पार निकल गया। इक्विटी फंड में लगातार चौथे महीने निवेश में गिरावट दर्ज की गई, लेकिन यह लगातार 50वां महीना रहा, जब म्यूचुअल फंड योजनाओं में नेट इनफ्लो देखने को मिला।



### डेट फंड में 2.19 लाख करोड़ का निवेश

डेट फंड में भी अप्रैल महीने में 2.19 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि मार्च में 2.02 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में अप्रैल में 2.77 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि मार्च में 1.64 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। इस निवेश से इंडस्ट्री का एसेट अंडर मैनेजमेंट अप्रैल में बढ़कर रिकॉर्ड 70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जो मार्च के अंत में 65.74 लाख करोड़ रुपये था।

### इक्विटी फंड में क्यों घटा निवेश

इक्विटी एमएफ में अप्रैल में 24,269 निवेश हुआ जो मार्च के 25,082 करोड़ रुपये, फरवरी के 29,303 करोड़ रुपये, जनवरी के 39,688 करोड़ रुपये और दिसंबर के 41,156 करोड़ रुपये से कम है। हालांकि यह मार्च के 25,082 करोड़ रुपये की तुलना में 3.24 फीसदी की मामूली गिरावट दर्शाता है, लेकिन फ्लो का वॉल्यूम महत्वपूर्ण बना हुआ है। खासकर चुनौतीपूर्ण ग्लोबल माहौल व 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते जियो-पॉलिटिकल टेंशन के बीच।

### इक्विटी फंड : किस श्रेणी में कितना निवेश

इक्विटी फंड कैटेगरीज में, फ्लेक्सी कैप फंड में अप्रैल में सबसे अधिक 5,542 करोड़ रुपये का निवेश हुआ. हालांकि, इक्विटी से जुड़ी बचत योजनाओं से 372 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई. अप्रैल में मिड-कैप और स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंडों में निवेशकों की दिलचस्पी बनी रही, जिसमें 3,314 करोड़ रुपये और 4,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ. मार्च में 2,479 करोड़ रुपये की तुलना में लार्ज-कैप फंड को 2,671 करोड़ रुपये मिले।

### इसे ऐसे समझें

- **लार्जकैप फंड्स :** इनफ्लो 2,479.31 करोड़ से बढ़कर 2,671.46 करोड़ रुपये
- **मिडकैप फंड्स :** इनफ्लो 3,438.87 करोड़ से घटकर 3,313.98 करोड़ रुपये
- **स्मॉलकैप फंड्स :** इनफ्लो 4,092.12 करोड़ से घटकर 3,999.95 करोड़ रुपये
- **फ्लेक्सी कैप फंड्स :** इनफ्लो 5,615 करोड़ से घटकर 5,542 करोड़ रुपये
- **मल्टीकैप फंड्स :** इनफ्लो 2,752.98 करोड़ से घटकर 2,551.71 करोड़ रुपये

### क्या है इक्विटी फंड

इक्विटी फंड एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो इक्विटी शेयरों में निवेश करता है। इक्विटी फंड का उद्देश्य लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करना होता है और यह निवेशकों को शेयर बाजार में निवेश करने का अवसर प्रदान करता है।

### इक्विटी फंड की मुख्य विशेषताएं

1. **इक्विटी शेयरों में निवेश:** इक्विटी फंड इक्विटी शेयरों में निवेश करते हैं जो विभिन्न कंपनियों के शेयर होते हैं।
2. **लंबी अवधि का निवेश:** इक्विटी फंड लंबी अवधि के लिए निवेश करने के लिए उपयुक्त होते हैं।
3. **जोखिम:** इक्विटी फंड में जोखिम होता है क्योंकि शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

### इक्विटी फंड के कुछ मुख्य फायदे

1. **पूंजी वृद्धि:** इक्विटी फंड लंबी अवधि में पूंजी वृद्धि करने में मदद कर सकते हैं।
2. **विविधीकरण:** इक्विटी फंड विभिन्न शेयरों में निवेश करते हैं जिससे जोखिम कम होता है।
3. **पेशेवर प्रबंधन:** इक्विटी फंड का प्रबंधन पेशेवर फंड प्रबंधकों द्वारा किया जाता है।

**पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के बाद भारत ने प्रशासनिक कदम और सैन्य ऑपरेशन से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और पीओके स्थित नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। इस ऑपरेशन को लेकर भारत ने स्पष्ट कहा कि उसका एक्शन आतंकवाद के खिलाफ है, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है। लेकिन भारत के सैन्य ऑपरेशन से बौखलाए पाकिस्तान की फौज ने एलओसी पर नागरिकों को निशाना बनाकर गोलीबारी की और भारत के सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। न केवल भारत ने पाक के सभी हमले को नाकाम किया, बल्कि जबावी कार्रवाई में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर लाहौर, सियालकोट, रावलपिंडी, कराची, बहावलपुर, इस्लामावाद में सैन्य अड्डों पर भारी तबाही मचाई। भारत ने संयम बरतते हुए पाकिस्तानी आवाम को निशाना नहीं बनाया। अभी दोनों मुल्कों के बीच युद्ध जैसे हालात हैं, तनाव चरम पर है। इस भी भारत ने निर्णय लिया है कि आगे से पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद की कोई भी कार्रवाई युद्ध माना जाएगा और दो दिन के लिए सीमा पर दोनों देश सीजफायर पर सहमत हुए हैं। इसमें अमेरिका की भूमिका मानी जा रही है। केंद्र व सेना की हर कार्रवाई बदले भारत के मिज़ाज को बयां करती है। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्लेषण...**

# नए भारत का 'बदला' मिज़ाज



रणनीति
प्रभात कुमार राय
विदेश मामलों के जानकार

**22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान ने प्राक्सी वार की अपनी रणनीति के तहत नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया। इस बर्बर हत्याकांड के समुचित प्रति उत्तर में भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का बाकायदा इस्तेमाल करके पाकिस्तान के मुख्तलिफ इलाकों में विद्यमान जिहादी आतंकवादियों के नौ ठिकानों को पूर्णतया नेस्तनाबूद किया। भारत की बुनियादी तौर पर परिवर्तित सैन्य रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह रहा है कि पाकिस्तान को यह पुख्ता पैगाम दे दिया गया है कि प्रॉक्सी वार की रणनीति के तहत यदि कोई भी जिहादी आतंकवादी आक्रमण अंजाम दिया जाएगा तो भारत उसका समुचित जवाब अपनी शक्तिशाली सैन्य रणनीति से तत्काल देगा।**

कश्मीर में विगत 36 वर्षों से निरंतर जारी पाकिस्तान द्वारा संचालित प्रॉक्सी वार का सशस्त्र प्रतिरोध करने की भारतीय सैन्य रणनीति अब बाकायदा परिवर्तित कर दी गई है। पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा परिपोषित जिहादी आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिए गए नृशंस हत्याकांड के तत्पश्चात भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध एकदम नई और अनोखी सैन्य रणनीति अख्तियार की गई है। पुराने दौर में जिहादी आक्रमणों के पश्चात भारत सरकार कूटनीतिक स्तर पर पाकिस्तान के विरुद्ध कार्रवाई करने की कोशिश करती रहती थी। वर्ष 1993 में मुंबई नगरी को पाक प्रायोजित आतंकवादी बम विस्फोटों द्वारा दहलाया गया था। इस वारदात में तकरीबन 260 बेगुनाह नागरिक मारे गए थे। 13 दिसंबर सन् 2001 में जब भारतीय संसद भवन पर आतंकवादी हमला हुआ था और उसके बाद 26 नवंबर 2008 में मुंबई नगरी पर जिहादी आक्रमण अंजाम दिया गया था । इस वारदात में तकरीबन 160 नागरिक हलाक हो गए थे और सैकड़ों लोग बुरी तरह से जख्मी हुए थे। हुकूमत ए हिंदुस्तान ने इन समस्त नृशंस जिहादी आक्रमणों के प्रतिरोध में कदाचित कोई भी ठोस सैन्य कार्रवाई अंजाम नहीं दी थी। वर्ष 2016 में जम्मू कश्मीर के उरी क्षेत्र में पाकिस्तान आईएसआई द्वारा प्रशिक्षित जिहादी आतंकवादियों द्वारा अंजाम दी गई 19 भारतीय सैनिकों की शहादत के तत्पश्चात भारत सेना की एक कमांडो टुकड़ी ने कथित नियंत्रण रेखा को रौंद कर मेजर माइक टैंगों के नेतृत्व में जिहादी दहशतगर्दों के दो प्रशिक्षण शिविर पर सर्जिकल स्ट्राइक अंजाम दी। इस सर्जिकल स्ट्राइक में 40 जिहादी दहशतगर्दों को हलाक कर दिया गया था। वर्ष 2019 में पुलवामा में एक जिहादी द्वारा भयानक आत्मघाती विस्फोट अंजाम दिया गया।

## आतंकवादियों के नौ ठिकाने नेस्तनाबूद

इस आत्मघाती विस्फोट के परिणाम स्वरूप भारतीय अर्ध सैनिक बलों के 40 जवान मौत के घाट उतार दिए गए। पुलवामा के आतंकवादी आक्रमण का सैन्य प्रतिशोध लेने के लिए भारतीय सेना फाइटर जेट्स ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की काग़ान घाटी में बालाकोट स्थित जिहादी कैंप को सटीक एयर स्ट्राइक्स द्वारा पूर्णत ध्वस्त कर दिया गया था। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुकूमत ए पाकिस्तान ने प्राक्सी वार की अपनी रणनीति के तहत नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया। इस बर्बर हत्याकांड के समुचित प्रति उत्तर में भारत ने अपनी सैन्य शक्ति का बाकायदा इस्तेमाल करके पाकिस्तान के मुख्तलिफ इलाकों में विद्यमान जिहादी आतंकवादियों के नौ ठिकानों को पूर्णतया नेस्तनाबूद किया। भारत की बुनियादी तौर पर परिवर्तित सैन्य रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह रहा है कि पाकिस्तान को यह पुख्ता पैगाम दे दिया गया है कि प्रॉक्सी वार की रणनीति के तहत यदि कोई भी जिहादी आतंकवादी आक्रमण अंजाम दिया जाएगा तो भारत उसका समुचित जवाब अपनी शक्तिशाली सैन्य रणनीति से तत्काल देगा। पाकिस्तान और भारत के मध्य निरंतर जारी वर्तमान सैन्य संघर्ष पर विश्व के अनेक देशों ने गहन चिंता का इज़हार तो किया है, लेकिन पाक फौज द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध भारत की सैन्य कार्रवाइयों का ज्यादातर देशों ने कदाचित विरोध नहीं किया है। भारत सरकार द्वारा ठोस सबूत पेश करके सारी दुनिया को तल्ख तथ्यों से अवगत कराया गया है कि विगत 36 वर्षों से पाकिस्तान प्राक्सी वार द्वारा भारतीय कश्मीर को हथियाने के लिए निरंतर कितनी नृशंस आतंकवादी वारदातें अंजाम देता रहा है।

## कश्मीर विवाद पर तीसरे देश की मध्यस्थता

भारत और पाकिस्तान दोनों ऐसे पड़ोसी मुल्क हैं, जिनके मध्य सैन्य संघर्षों की तल्खी वर्ष 1947 से बनी रही है। दोनों देशों के मध्य चार भीषण युद्ध लड़े जा चुके हैं। सैन्य तनाव के विकट हालात में अन्य देशों की सक्रियता बाकायदा बनी रही है। पाकिस्तान तो सन् 1947 से सदैव यह चाहता रहा कि कश्मीर विवाद पर कोई तीसरा देश मध्यस्थता करें। पाकिस्तान की फौज़ ने 22 अक्टूबर सन् 1947 में जब जम्मू कश्मीर रियासत पर कबायली नकाब धारण करके आक्रमण अंजाम दिया था तो पाकिस्तानी फौज के विरुद्ध अपनी विजय पताका लहराती हुई भारतीय सेना को युद्ध विराम का यकायक आदेश देकर दुर्भाग्य से तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा संयुक्त राष्ट्र को कश्मीर विवाद पर मध्यस्थता के तौर पर लाया गया। जनरल अयूब खान के ऑपरेशन जिब्राल्टर के तहत अंजाम दिए गए सन् 1965 के भारत पाक युद्ध के दौर में भारत द्वारा सोवियत यूनियन को मध्यस्थ बनाया गया। वर्ष 1971 में बांग्लादेश युद्ध के दौरान इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत सरकार ने स्पष्ट रणनीति अख्तियार की कि किसी भी देश को मध्यस्थ नहीं बनाया जाएगा। आज के दौर में भी भारत की स्पष्ट सैन्य रणनीति है कि हम इंटरनेशनल ओपिनियन की जरा सी भी परवाह किए बिना पाकिस्तान को उसके द्वारा संचालित प्रॉक्सी वार का वाजिब प्रति उत्तर देंगे।

## पाक के प्रॉक्सी वॉर का समुचित जवाब

प्रॉक्सी वॉर के तहत पाकिस्तान निरंतर भारत पर आक्रमण अंजाम देता रहा है। भारत का भी सैन्य अधिकार है कि वह प्रति उत्तर में पाकिस्तान के विरुद्ध कठोर सैन्य कार्रवाई अंजाम दे। इस दफा भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में ही नहीं, वरन् पाकिस्तान के अन्य महत्वपूर्ण फौजी ठिकानों पर भी जबरदस्त मिलिट्री स्ट्राइक्स अंजाम दी हैं। भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट तौर पर सैन्य पैगाम दे दिया है कि पाकिस्तान द्वारा संचालित प्रॉक्सी वॉर का समुचित जवाब भारत द्वारा सीधे सशक्त सैन्य कार्रवाइयों से दे दिया जाएगा। भारत द्वारा किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान के विरुद्ध कोई गुहार नहीं लगाई गई है, जो कि पहले के दौर में सामान्य तौर पर लगाई जाती रही। अमेरिका पर जब कोई आक्रमण अंजाम दिया जाता है तो फिर अमेरिकन सरकार किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर जाकर किसी से कोई फरियाद नहीं किया करती। अमेरिकन सेना सीधे सैन्य कार्रवाई अंजाम देती है। सन् 2001 में 9/11 को न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर अंजाम दिए गए बर्बर जिहादी आक्रमण के तत्पश्चात अमेरिका ने अफगानिस्तान की मुल्ला उमर हुकूमत के विरुद्ध सशस्त्र कार्रवाई अंजाम दी थी और काबुल पर अपना आधिपत्य स्थापित किया था। अमेरिका के नक्शे कदम पर चलते हुए इसराइल भी किसी भी वैश्विक मंच पर जाकर कोई राग नहीं अलापा करता कि हमारे मुल्क पर आक्रमण हुआ है, बताओ कि हम अब क्या करें? एक महान देश के रूप में भारत ने भी स्पष्ट सैन्य रणनीति अख्तियार कर ली है कि भारत अब सशस्त्र पैगाम देगा कि भारत के नागरिक हलाक किए गए तो फिर हम सीधे सैन्य कार्रवाई अंजाम देंगे।

यह बात अवश्य है कि सैन्य संघर्ष अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाए जाएंगे तो वहां भी पुख्ता सबूतों के साथ भारत अपना स्पष्ट नजरिया पेश करेगा। भारत के पास स्पष्ट और ठोस सबूत विद्यमान है कि पाकिस्तान फौज द्वारा परिपोषित की जाने वाली जिहादी आतंकवादी तंजीम दि रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम के नृशंस आक्रमण की बाकायदा जिम्मेदारी ले ली है। टीआरएफ का सीधा ताल्लुक पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित और परवरिश पाने वाली जिहादी आतंकवादी तंजीम लश्कर ए तैयबा के साथ बाकायदा स्थापित है। विश्व पटल पर एक ऐसा दौर था जबकि एक ध्रुवीय महाशक्ति के तौर पर अमेरिका द्वारा पाकिस्तान का अंध समर्थन किया गया। भारत के विरुद्ध पाकिस्तान को अमेरिका द्वारा सेंटो सैन्य संगठन का सदस्य बनाया गया था। कश्मीर में वर्ष 1989 से पाकिस्तान द्वारा संचालित जिहादी जंग को अमेरिका द्वारा जंग ए आजादी निरूपित किया गया। सन् 2001 में न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर आतंकवादी आक्रमण के बाद अमेरिका की आंखें खुल गई और अमेरिका एक हद तक पाकिस्तान का दामन छोड़कर भारत के निकट आने लगा। भारत के साथ सैन्य संघर्ष के वर्तमान दौर में भारत सरकार के सख्त ऐतराज के बावजूद पाकिस्तान को 2.3 बिलियन डॉलर्स का बेलआउट पैकेज इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) द्वारा प्रदान कर दिया गया है, ताकि पाक आर्थिक तौर पर दिवालिया होने से बच सके। सर्वविदित है अमेरिका की रजामंदी के बिना आईएमएफ द्वारा पाक को यह बेल आउट पैकेज कदाचित प्रदान नहीं किया जा सकता था। अमेरिका बनाम चीन की ट्रेड वार के दौर में अमेरिका के कूटनीतिज्ञों को बेहद फिक्र लगी रहती है कि पाकिस्तान पूरी तरह से कहीं चीन के सैन्य गुट में शामिल न हो जाए। पाकिस्तान के हाथों अत्यंत संगीन आतंकवादी जख्म खाए हुए अमेरिका को क्या पाकिस्तान द्वारा निरंतर की जा रही टेरर फंडिंग की जरा सी भी चिंता नहीं है। टेरर फंडिंग पर अंतरराष्ट्रीय निगरानी रखने वाले संगठन फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट से बड़ी मुश्किल से पाकिस्तान वस्तुतः चीन की कूटनीतिक मदद से बाहर निकला है। हालांकि पाकिस्तान का आका मुल्क तुर्कीए ग्रे लिस्ट में बाकायदा शामिल है। भारत को बार-बार परमाणु युद्ध की धमकी देने वाले पाकिस्तानी राजनेता और फौजी जनरल जानते हैं कि भारत के पास 172 परमाणु वारहेड विद्यमान हैं और साथ ही भारतीय सेना हाइड्रोजन बमों से भी लैस है। व्यावहारिक तौर पर विचार करें तो परमाणु हथियारों से सन्नद किसी देश को परमाणु आक्रमणों से बचाते हैं, लेकिन ये ना आतंकवादी हमले रोक सकते हैं और ना ही पारंपरिक आक्रमणों को रोक सकते हैं। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि परमाणु ताकत संपन्न होना सिर्फ सीमित स्तर तक सुरक्षा प्रदान करता है। पारंपरिक युद्ध में चार दफा पाकिस्तान की फौज को भारतीय सेना बुरी तरह शिकस्त दे चुकी है। विगत 36 वर्ष की प्रॉक्सी वार के तहत भी कश्मीर घाटी में पाकिस्तान को अभी तक कोई निर्णायक कामयाबी हासिल नहीं हो सकी है।

## सांप्रदायिकता को गहराई से दफन करना जरूरी

इसका सबसे बड़ा कारण है कि पाकिस्तानी फौज का इंटेलिजेंस विंग आईएसआई अपने तमाम प्रयासों के बावजूद जम्मू कश्मीर की सरजमीं पर हिंदुओं और मुसलमानों के मध्य सांप्रदायिक विभाजन करने में विफल साबित हुआ है। भारतीय सेना ने अपनी सशक्त धर्मनिरपेक्ष परंपरा का निर्वाह करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में अंजाम दी गई एयर स्ट्राइक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ सैन्य प्रवक्ता के तौर पर कमान कर्नल सोफिया ताजुद्दीन कुरैशी और एयरफोर्स की पायलट कोमोडोर व्योमिका सिंह को सौंपी गई। भारत को यदि पाक प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक विजय प्राप्त करनी है तो फिर एकजुट होकर भारत में हर किस्म की सांप्रदायिकता को गहराई से दफन करना पड़ेगा। जिहादी आतंकवाद का निर्णायक सफाया करने के लिए भारतीय सेना द्वारा बांग्लादेश युद्ध की तरह पाकिस्तान फौज की कमर तोड़ देनी होगी।



# युद्ध में अधिक नुकसान उठाएगा पाक



विश्लेषण
डॉ. एल.एस. यादव
स्वतंत्र पत्रकार

प्रसिद्ध सैन्य विचारक कैप्टेन लिडिल हार्ट ने बहुत पहले कहा था कि 'यदि तुम शांति चाहते हो तो युद्ध को समझो'। इस तथ्य की तरफ भारत ने अब ध्यान दिया है। पाकिस्तान पोषित आतंकवादी भारत में काफी दिनों से अशांति फैलाए हुए थे जबकि भारत बार-बार आगाह कर रहा था लेकिन पाकिस्तान पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा था। इधर काफी प्रयासों के बाद जब जम्मू कश्मीर विकास की राह पर आगे बढ़ने लगा तो ऐसा लगने लगा कि अब वहां पर आतंकवाद समाप्ति की ओर है। यही बात पाक हुक्मरानों व आईएसआई को बर्दाश्त नहीं हुई और कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों में बढ़ोत्तरी करने के प्रयास शुरू कर दिए जिसका परिणाम पहलगाम की आतंकी घटना के रूप में सामने आया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह आतंकी हमला 2019 में हुए पुलवामा की आतंकवादी घटना के बाद घाटी में हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला था। घटना को अंजाम देने वाले आतंकी चकमा देने के लिए सेना की वर्दी पहने हुए थे। इस घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा बीच में छोड़कर स्वदेश लौटे और उन्होंने एक्स पर लिखा कि 'आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह अधिक मजबूत होगा।'

## आतंकवादी ठिकानों पर स्ट्राइक

पहलगाम आतंकवादी हमले के 15 दिन बाद निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए 6 मई की रात लगभग पौने दो बजे भरतीय सेना तथा वायु सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में चल रहे आतंकवादी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक करके उन्हें ध्वस्त कर दिया। इस अभियान में पाकिस्तान के पंजाब के बहावलपुर में अहमदपुर व मुरीदके तथा पीओके के बाघ, मुजफ्फराबाद व कोटली में चलने वाले नौ आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूद कर दिए। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक बयान के अनुसार ये वही ठिकाने थे जहां से भारत विरोधी आतंकी हमलों की साजिश रची जाती थी और उन्हें संचालित किया जाता था। यह पूरी कार्रवाई नपी-तुली, केंद्रित और गैर उत्तेजक प्रकृति की थी। इसमें पाकिस्तान के किसी सैनिक केन्द्र या नागरिक ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। पहलगाम की घटना के बाद से पाकिस्तान की तरफ से गोलीबारी की जा रही थी। जब भारत ने आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त किया तो पाकिस्तान ने पुंछ के शाहपुर सेक्टर, मेंढर के मनकोट क्षेत्र व कृष्णा घाटी सेक्टर में भारी गोलाबारी प्रारम्भ कर दी। इसके अलावा कुपवाड़ा, बारामूला, उरी व अखनूर सेक्टर में छोटे हथियारों व तोपों का प्रयोग करते हुए गोलाबारी की गई। इसमें सबसे ज्यादा पुंछ सेक्टर प्रभावित हुआ और गोलाबारी में तकरीबन 16 लोगों की मौत हो गई।

## एयर डिफेंस सिस्टम ध्वस्त किया

पाकिस्तान यहीं नहीं रुका बल्कि उसने मिसाइलों व ड्रोन से हमले जारी रखे। पाकिस्तान ने मिसाइलों व ड्रोन हमलों के जरिए जम्मू की एयर



स्ट्रिप तथा अन्य जगहों के सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाना चाहा लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने उसके नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया। इस डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान की ओर से दागी गई सभी मिसाइलों व ड्रोनों को आसमान में ही ध्वस्त कर दिया। भारत ने पाकिस्तानी मिसाइलों को जम्मू एयरपोर्ट व साम्बा सेक्टर में मार गिराया। जम्मू यूनिवर्सिटी के पास भी दो ड्रोनों को मार गिराया गया। इसके अलावा भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान व जेएफ-17 लड़ाकू विमान को भारतीय वायु सेना ने मार गिराया। पाकिस्तान की इन हरकतों के बाद भारत के ड्रोन कराची, रावलपिण्डी व लाहौर सहित प्रमुख नौ शहरों में घुसे और लाहौर का एयर डिफेंस सिस्टम एचक्यू-9 ध्वस्त कर दिया। लाहौर के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करने का काम हार्पी ड्रोन्स ने किया।

हार्पी ड्रोन्स को इजराइल की कंपनी इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज द्वारा विकसित किया गया है। यह उन्नत श्रेणी का लोइटरिंग म्यूनिशन सिस्टम है जो हवा में मंडराने वाले शत्रु पर नजर रखता है और संकेत मिलते ही उसे नष्ट कर देता है। यह निगरानी व हमला अर्थात दोनों के प्रयोग में लाया जाता है। यह शत्रु की वायु सुरक्षा प्रणाली को नष्ट करने का अचूक हथियार माना जाता है। यह 9 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है और 1000 किलोमीटर तक की रेंज में हमला कर सकता है। 9 मई को पाकिस्तान ने अपने हमलों को और तेज कर दिया। सेना के अनुसार, भारत के जम्मू, सांभा, पठानकोट व अमृतसर समेत कई बड़े शहरों में पाकिस्तानी ड्रोन दिखाई दिए। पाकिस्तान के साथ लगने वाली अन्तरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के पास उत्तर में बारामूला से लेकर दक्षिण में भुज तक 26 स्थानों के अलावा बारामूला, श्रीनगर, अवंतीपोरा, नगरोटा, जम्मू, फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, लालगढ़ जट्टा, जैसलमेर, बाड़मेर, भुज, कुवारकोट व लखी नाला में पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए। इससे एक दिन पहले पाकिस्तान ने घुसपैठ के लिए तकरीबन 400 ड्रोन भेजे थे जिन्हें नाकाम कर दिया गया था। सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने इनमें से 50 को मार गिराया तथा 20 को जाम कर दिया। पाकिस्तान ने यूएवी की मदद से बटिंडा सैन्य स्टेशन को निशाना बनाने की कोशिश की जिसे नाकाम कर दिया गया। चंडीगढ़, पोखरन व जैसलमेर में तो सीमा से 100-200 किलोमीटर अंदर तक ड्रोन आ गए थे जिन्हें बराक-8 व आकाश मिसाइलों, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम व हार्पी ड्रोन्स के द्वारा नष्ट कर दिया गया।

## आधुनिक हथियारों से लैस भारत

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में नागास्त्र, स्कैल्प मिसाइल व हैमर बॉम्ब जैसे अत्याधुनिक हथियारों का प्रयोग करके आतंकवादियों की कमर तोड़ दी थी तो पाकिस्तान को भारत की अन्य मिसाइलों की ताकत पता होनी चाहिए। भारत ब्रह्मोस मिसाइल जल, जमीन व हवा से दागी जा सकती है। पृथ्वी मिसाइल के तीनों वैरियंट 2000 किलोमीटर तक अचूक निशाना लगाने में सक्षम हैं। शौर्य मिसाइल एटमी हमले में सक्षम है। प्रहार मिसाइल अलग-अलग दिशाओं में लक्ष्य भेदने में माहिर है। धनुष व आकाश मिसाइलें आसमान तक तबाही मचा सकती हैं। अमोघ मिसाइल अंधेरे में भी टारगेट करती है। जबकि निर्भय मिसाइल दिशा बदल कर हमला करती है। सागरिका बैलिस्टिक मिसाइल नैविगेशन सिस्टम से लक्ष्य भेद सकती है। अग्नि मिसाइल को भारत के किसी कोने से छोड़े जाने पर पाकिस्तान का हर छोर कवर कर लेगी। इन सबका प्रयोग होने पर पाक का क्या हाल होगा वह खुद समझ सकता है। सामुद्रिक क्षेत्र में भी भारत की ताकत कम नहीं है। भारत के पास विमानवाहक पोत, अन्य युद्धपोत व परमाणु पनडुब्बियां हैं। ये समुद्र में किसी भी चुनौती से निपट सकते हैं।

# भारत को आत्मरक्षा करने का अधिकार



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ स्तंभकार

पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले के साथ भारत ने पाकिस्तान पर जिस तरह से चौतरफा शिकंजा कसा है, उससे पाकिस्तान अलग-थलग तो पड़ ही गया है, भारतीय सैन्य हमलों की मार ने दिखा दिया कि पाक की सामरिक रक्षा शक्ति में कोई दम नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर को आगे बढ़ाते हुए भारतीय सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की शुरुआत में 9 आतंकी ठिकाने तो तबाह किए ही, अगले दिन भारत ने लाहौर में तैनात पाक की वायु सुरक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया और कराची एवं रावलपिंडी में मिसाइलें दागीं। 1971 में पाकिस्तान से हुए युद्ध के बाद यह पहला अवसर था कि रावलपिंडी पर भारत ने सीधा आक्रमण किया। यही नहीं भारत ने पाकिस्तान के उन चुनिंदा नगरों के आतंकी अड्डों पर भी ड्रोन हमले किए, जहां से पाक सेना भारत के नगरों पर हमले करने के लिए तत्पर थी। पाक सेना भारत के 15 स्थलों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की जुगत में थीं, जिसे भारतीय सेना की वायु सुरक्षा प्रणाली एस-400 सुदर्शन चक्र ने आसमान में ही नेस्तनाबूत कर दिया।

## आतंकवाद से निपटना ही लक्ष्य

भारत ने यह जवाबी कार्रवाई तब की, जब बौखलाया पाकिस्तान नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर न केवल उकसावे की कार्यवाही कर रहा था, बल्कि नागरिक आबादियों पर भी हमले कर रहा था। इन हमलों में 16 भारतीय नागरिक मारे गए हैं। चूंकि भारत का लक्ष्य आतंकवाद से निपटना है, जबकि पाकिस्तान आतंकवादियों का समर्थक देष होने के साथ उन्हें पालता-पोसता भी रहा है। अतएव भारत ने आतंक के खिलाफ जो ऑपरेशन चलाया हुआ है, उसके समर्थन में भारत को विश्व समुदाय खुला समर्थन दे रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का ही कमाल है, कि वैष्विक षक्तियां कह रही हैं कि भारत को आत्मरक्षा का अधिकार है। इसलिए आतंकियों को पालने वालों का खात्मा होना चाहिए। इस सिलसिले में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, नीदरलैंड और इजरायल के बड़े नेताओं ने भारत द्वारा आत्मरक्षा के लिए चलाए जा रहे सामरिक अभियान का समर्थन किया है। फ्रांस के विदेश मंत्री जेएन बैरों ने कहा है कि फ्रांस आतंकी समूहों के खिलाफ भारत के संघर्ष का समर्थन करता है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का कहना है कि किसी भी देश को दूसरे देश से होने वाले आतंकी हमले स्वीकार नहीं करने चाहिए। अतएव भारत का आतंकवाद के ढांचे पर हमला उचित है। आतंकवादियों को बिना सजा दिए नहीं छोड़ा जा सकता है। इजरायल के राजदूत आर अजार ने कहा, भारत को आत्मरक्षा का पूरा हक है, आतंकवादियों के अपराधों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। अमेरिकी सांसद थानेदार ने कहा कि आतंकी बिना दंड मिले आतंकवाद नहीं छोड़ सकते हैं। भारत को अपनी रक्षा का अधिकार है, हम भारत के साथ हैं। भारतीय मूल की रिपब्लिकन नेता और यूएन में अमेरिका की राजदूत रहीं निकी हेली ने दुख जताते हुए कहा कि आतंकी हमले में दर्जनों भारतीय मारे गए हैं। इसलिए भारत के पास अपनी सुरक्षा और जवाबी




कार्यवाही का पूरा अधिकार है। पाकिस्तान खुद को पीड़ित के तौर पर प्रदर्शित न करे, किसी भी देश को आतंकवाद का पोषण करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। इसी मुद्दे पर ब्रिटिश की संसद में चर्चा हुई। इसमें भारतीय मूल की सांसद प्रीति पटेल ने आक्रामक लहजे में कहा कि भारत को अपनी रक्षा के लिए सख्त कदम उठाने का अधिकार है। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा बन गए हैं। यह वही देश है, जहां अमेरिका पर आतंकी हमले का दोषी ओसामा बिन लादेन छिपा हुआ था।

## भारत का आत्मबल मजबूत

तय है, विश्व के प्रमुख देशों के इस समर्थन से भारत का आत्मबल मजबूत बना रहेगा। यदि पाकिस्तान हठी रुख अपनाए रखता है तो भारत मुंहतोड़ जवाब देकर पाकिस्तान और उसकी आतंक परस्त सेना के हौसले पस्त कर देगा। यानी पाकिस्तान पीछे नहीं हटता तो युद्ध के हालात गंभीर होंगे और पाक को बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत अब नियंत्रण रेखा हो या अंतरराष्ट्रीय सीमा लांघने से संकोच नहीं करेगा। भारत ने यह 2016 और 2019 में पाक स्थित आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक करके दिखा भी दिया था। वे दिन लद गए जब आतंकियों द्वारा कराए गए छद्म युद्ध में केंद्र में स्थित सरकारें कठोर निर्णय लेने में हिचकिचाती रही हैं। पहलगाम हमले के बाद जिन पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया गया था, तब प्रधानमंत्री ने संकल्प लेते हुए कहा था कि इस बार आतंकियों को कल्पना से परे सजा दी जाएगी।

## भारत की मजबूत रणनीति

अंततः मोदी ने सेना के तीनों अंगों और सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर मजबूत रणनीति बनाई और फिर आतंकियों और पाक के सुरक्षा उपकरणों को दो दिन के भीतर जमींदोज कर दिया। हालांकि युद्ध के संकल्प को तार्किक कामयाबी तक पहुंचाना मुश्किल होता है। क्योंकि कोई भी सैन्य कार्यवाही न सरल होती है और न ही एकतरफा होती है, लेकिन मोदी के नेतृत्व ने पाकिस्तानी सेना के मंसूबों और उसके सरपरस्त आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके दुनिया को यह जता दिया कि भारत और हिंदू धर्म के लिए स्त्री के सुहाग का कोई मोल नहीं है। आरंभ में यह सैनिक अभियान नहीं था, लेकिन जब पाक सेना ने सीमा पर गोलाबारी करके भारतीय नागरिकों को मौत के घाट उतारना शुरू कर दिया तो भारत को हमला करने के लिए मजबूर होना पड़ा। बावजूद पाक सेना को भारत प्रत्यक्ष निशाना नहीं बना रहा है। नागरिक वस्तुओं पर हमला करने से बच रहा है। हां, आतंकी ठिकानों पर जरूर हमले किए हैं, जिनमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। इस अर्थ में भारत की यह कार्रवाई रक्षात्मक थी। नतीजतन पाक को जवाबी कार्रवाई की कोई नैतिक गुंजाइश नहीं रह गई थी। बावजूद पाकिस्तान ने नागरिक बस्तियों पर हमले बोले। अलबत्ता भारत ने जो पलटवार किया है, वह संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अंतर्गत ही किया है। इस हमले के बाद भारत के पक्ष में जिस तरह विश्व समुदाय उठ खड़ा हुआ है, उससे पाक फिलहाल अलग-थलग पड़ गया लग रहा है। जाहिर है, मोदी ने अनेक देशों की यात्राएं करके जो द्विपक्षीय कूटनीतिक संबंध राष्ट्रहित में बनाए हैं, वे अब फलीभूत होते लग रहे हैं। इसीलिए कहीं से भी समर्थन नहीं मिल पाने की वजह से एक तो पाक बौखला रहा है, दूसरा उसका मनोबल भी टूट रहा है। मोदी ने वैश्विक आतंकवाद से लड़ने के लिए बीते पांच साल से जो मुहिम चलाई हुई थी, वह एक रंग में रंगी दिखाई दे रही है। उधर, बलूचिस्तान ने पाकिस्तान की सभी चौकियों से सेना को खदेड़कर स्वतंत्र देश की मांग संयुक्त राष्ट्र से कर दी है और पीओके के नागरिक भारत में विलय की मांग कर रहे हैं, यानि पाकिस्तानी की मुश्किलें अभी और बढ़ेंगी।

# पंद्रह करोड़ से होगा मंडला में शंकर शाह, रघुनाथ शाह के महल का जीर्णोद्धार

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि जनजातीय पराक्रम, शौर्य और बलिदान के प्रतीक राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह और राजा हृदय शाह के मंडला स्थित प्राचीन किले के जीर्णोद्धार में 15 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। जरूरत पड़ने पर और राशि दी जाएगी।

डॉ. यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी जनजातीय कलाओं के संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

तीन दिनों तक चलने वाले आदि शिल्पग्राम महोत्सव में जनजातीय मृदा, बांस, काष्ठ, धातु एवं चित्रकला शिल्प और विभिन्न जनजातियों के पारम्परिक व्यंजनों के साथ प्रतिदिन शाम 7 से 9 बजे तक जनजातीय नृत्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी।

*जनजातीय कलाओं का संरक्षण और कलाकारों को प्रोत्साहन हमारी प्राथमिकता: मुख्यमंत्री डॉ. यादव*

*सीएम ने रवींद्र भवन में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आदि शिल्पग्राम महोत्सव का किया शुभारंभ*

## जनजातीय संस्कृति को प्रशिक्षण देने खालवा में बनेगा देश का पहला ट्रायबल हॉस्टल





**गोंड चित्रकला को मिला जीआई टैग वैश्विक सम्मान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि हमारी सरकार विरासत से विकास की ओर बढ़ने के संकल्प के अनुरूप सभी प्राचीन कला, संस्कृति, परंपराओं और इनके कलाकारों को संरक्षण दे रही है। गोंड चित्रकला को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी प्रकार की जनजातीय शिल्प, चित्रकारी और कलाकारों को उनकी कला प्रदर्शन एवं बाजार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न आयोजनों के जरिए समुचित मंच प्रदान करने का प्रयास कर रही है।

### स्टॉल्स का किया अवलोकन, चित्रकारी की प्रशंसा की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय शिल्प ग्राम महोत्सव में जनजातीय कला और खान-पान को प्रदर्शित करते स्टॉल्स का अवलोकन किया और यहां लकड़ियों पर चित्रकारी, मिट्टी से बनी आकृतियां और कपड़ों पर चित्रकारी और जनजातीय व्यंजनों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 1000 जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला

### मुख्यमंत्री ने की कर्नल सोफिया की तारीफ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश के सीमा पार से बढ़ती अतिवादी घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए की जा रही प्रतिरक्षा कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपनी सेना पर पूरा विश्वास है। हम एक सामर्थ्यवान देश के नागरिक है, जो हमारी संप्रभुता और नागरिकों पर आघात करेगा, हम मजबूती से उसका जवाब देंगे। उन्होंने दुनिया के सामने अतिवाद का काला चिट्ठा पेश करने वाली मध्यप्रदेश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि कर्नल सोफिया की तीन पीढ़ियां सेना में रही हैं। वे देश में मध्यप्रदेश की शान बढ़ा रही हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश को आर्थिक रूप से मजबूती देते हुए तीनों सेनाओं को भी मजबूत और अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया है।

### मंत्री शाह ने माना मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार

जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कला, संस्कृति, बोली, रहन-सहन, वेशभूषा, वाद्य यंत्र बजाना सीखने का प्रशिक्षण देने के लिए देश का पहला ट्रायबल हॉस्टल खण्डवा जिले के खालवा में स्थापित किए जाने की घोषणा की है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का हृदय से आभार माना। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग के युवाओं और स्कूली छात्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार ने सालाना बजट में 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसके साथ ही 12वीं पास करने के बाद अगर कोई जनजातीय वर्ग का विद्यार्थी नीट, क्लेट और जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहता है तो उसे भी प्रतिवर्ष 1.5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि, सहायता प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### अभिराम बने भोपाल मंडल के नए एडीआरएम

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल एडीआरएम रश्मि दिवाकर को ट्रांसफर कर दिया है। इनकी जगह पमरे जोन भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा (आईआरएसएमई) अभिराम खरे को भोपाल मंडल के नए एडीआरएम बनाया गया।

### बीयू की कार्यपरिषद में हुई सदस्यों की नियुक्ति

**भोपाल।** राज्यपाल द्वारा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में सदस्यों की नियुक्ति की गई है। कार्यपरिषद में डॉक्टर दीपक पालीवाल, निदेशक पंडित सुंदर लाल शर्मा केंद्रीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान, धीरेंद्र चतुर्वेदी, सेवा निवृत्त अपर संचालक शिक्षा विभाग, अनिल कुमार पिल्लई समाज सेवी, डॉ. किरण शेजवार, चिकित्सक, विक्रांत सिंह कुमरे अधिवक्ता उच्च न्यायालय तथा डॉ. भारती कुम्भारे साटनकर को नामांकित किया गया है। इस सभी सदस्यों का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष के लिए रहेगा। यह अवधि 19 मई 2025 से 18 मई 2028 तक की होगी।

### मप्र अस्पताल संघ की बैठक, चुनौतियों पर चर्चा

**भोपाल।** मप्र अस्पताल संघ की बैठक शुक्रवार को हुई, जिसमें प्रदेश भर के निजी अस्पताल संचालकों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य निजी स्वास्थ्य संस्थानों के सामने आने वाली प्रशासनिक और व्यवस्थागत चुनौतियों पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए रणनीति तैयार करना था। इनमें लाइसेंस नवीनीकरण, फायर एनओसी प्राप्त करने की जटिल प्रक्रिया और आयुष्मान भारत योजना पर चर्चा की गई। संघ के अध्यक्ष डॉ. विशाल बघेल ने कहा हमारा लक्ष्य है कि सभी प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी हों, जिससे मरीजों को निर्बाध रूप से बेहतर उपचार मिल सके।

### आयुक्त ने गोशालाओं का किया निरीक्षण

**भोपाल।** गो-शालाओं में निकलने वाले गोबर से जो गोशाला संचालक गोकाष्ठ नहीं बना पा रहे हैं, उन्हें इसके लिए प्रेरित किया जाए, क्योंकि गोकाष्ठ से गोशाला तो स्वावलंबी बनती है, हजारों पेड़ इसके माध्यम से बच भी जाते हैं। उक्त निर्देश भोपाल संभाग के कमिश्नर संजीव सिंह ने हलाली डैम स्थित बृजमोहन रामकली गो संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए।

### सेवानिवृत अधिकारियों को किया सम्मानित

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय में तकनीकी संचालक एसएस राजपाल, अनुभाग अधिकारी, जयंती रामहरिया, सहायक ग्रेड-2 गीता ठाकुर, सहायक ग्रेड-3 घनश्याम सिंह, अब्दुल सलीम, प्रवीण कुमार जैन, राम प्रसाद शर्मा, गोपाल सोनी और कन्हैयालाल चौरसिया को विधानसभा भवन में विदाई दी गई। प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने सेवानिवृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

### सीएम हाउस रायपुर से मुख्यमंत्री ने किया गंतव्य स्थल के लिए रवाना

## देश के पहले हाइड्रोजन ईंधन चलित ट्रक को हरी झंडी

राज्य के बिजली संयंत्र तक कोयले के परिवहन के लिए किया जाएगा इसका इस्तेमाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने शनिवार को सीएम हाउस रायपुर से भारत के पहले हाइड्रोजन ईंधन चलित ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए देश के पहले हाइड्रोजन ईंधन सेल ट्रक को हरी झंडी दिखाकर गतव्य के लिये रवाना किया। इस ट्रक का इस्तेमाल गारे पेल्मा थर्ड ब्लॉक से राज्य के बिजली संयंत्र तक कोयले के परिवहन के लिए किया जाएगा। स्मार्ट तकनीक से लैस ये ट्रक 200 किलोमीटर की दूरी तक 40 टन तक का माल ले जा सकते हैं। हाइड्रोजन से चलने वाले ये ट्रक धीरे-धीरे कंपनी के लॉजिस्टिक्स संचालन में इस्तेमाल होने वाले डीजल वाहनों की जगह ले लेंगे। एक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी फर्म और एक प्रमुख ऑटो निर्माता के सहयोग से अडानी कार्गो परिवहन के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित कर रहा है।

### कार्य में लापरवाही बरतने पर हुई कार्रवाई

## पांच लापरवाह शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित




*जगदलपुर। जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर ने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में पांच शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के उल्लंघन के आधार पर की गई है।*

*निलंबित शिक्षकों और उनके मुख्यालय निम्नलिखित हैं। प्राथमिक शाला कहच्छेनार में सहायक शिक्षक सहायक शिक्षक को अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण निलंबित किया गया है। प्राथमिक शाला छोटेमुरमा के प्रधानाध्यापक मोसूराम को शाला समय में शराब पीकर आने, नशे में रहने, अनुपस्थिति और समय से पहले शाला बंद करने के लिए निलंबित किया गया है। प्राथमिक शाला बाजारपारा करंजी के प्रधानाध्यापक राजकिशोर आचार्य को अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण निलंबित किया गया है। प्राथमिक शाला आमादुला के प्रधानाध्यापक प्रेमनाथ कश्यप को शाला समय में शराब पीकर आने, बच्चों को नहीं पढ़ाने और अनियमित उपस्थिति के लिए निलंबित किया गया है। प्राथमिक शाला मिचनार के सहायक शिक्षक दीपक कुमार ध्रुव को अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सभी शिक्षकों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा। यह कार्रवाई संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के प्रस्ताव के आधार पर की गई है।*

### मगरलोड के शुक्लाभांठा नहर में गिरा था शख्स

## नहर में गिरे युवक का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



मगरलोड थाना क्षेत्र के शुक्लाभांठा नहर में एक युवक का शव मिला है। ग्रामीणों ने सुबह शुक्लाभांठा पुल से गुजरते समय नहर में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू की। मृतक की पहचान तुकाराम कंवर पुत्र पदुम लाल कंवर निवासी भोथली थाना कुरूद के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, तुकाराम नौ मई को ग्राम सांकरा में एक रिश्तेदार के विवाह समारोह में शामिल हुआ था। रात में वह मोटरसाइकिल से शुक्लाभांठा में रिश्तेदार के घर जा रहा था, तभी ग्राम आमाचानी के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। दुर्घटना में सिर, चेहरे और अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### तेंदूपत्ता तोड़ने गए तीन लोग घायल, एक गंभीर

## पांच लोगों पर जंगली सुअर का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



जिले के ग्राम गुरसिया बीट के नेटीभैसा जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर एक मादा जंगली सूअर ने हमला कर दिया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों में सुहानी (18), पवारो बाई (42) और गंभीर साय (80) शामिल हैं। सुहानी की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, लगभग 10-12 ग्रामीण जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ रहे थे, तभी अचानक एक मादा जंगली सूअर ने हमला कर दिया। भगदड़ मचने से तीन लोग घायल हो गए। अन्य ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए घायलों को मुख्य मार्ग तक पहुंचाया और 112 नंबर की सहायता से उन्हें पोड़ी-उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया।

## ठेकेदारों से मिले मेट्रो एमडी, सिग्नलिंग प्रणाली, रोलिंग स्टाक, ट्रैक्शन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के काम जुलाई तक पूरे करने के लिए मेट्रो प्रबंधन एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा है। दरअसल, इस कॉरिडोर को शुरू करने के लिए कई बार समय सीमा को बदला जा चुका है।

बार-बार बदली जा रही समय सीमा से मेट्रो की छवि खराब हो रही है। इसको ध्यान में रखकर तय की गई समय सीमा में प्रायोरिटी कॉरिडोर के कामों को लेकर मेट्रो के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य काफी चिंतित हैं। उन्होंने गुरुवार को प्रायोरिटी कॉरिडोर में चल रहे कामों का निरीक्षण किया था। शुक्रवार को काम के दौरान देखी खामियों को लेकर ठेकेदारों से चर्चा की। उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट पैकेज के अंतर्गत स्टेशन, डिपो, व्याडक्ट, सिग्नलिंग प्रणाली, रोलिंग स्टाक, ट्रैक्शन जैसे कामों की समीक्षा की।

बैठक में एमडी ठेकेदारों से कहा कि प्रायोरिटी कॉरिडोर के कामों को तय समय में पूरा करने के



लिए संसाधनों के प्रबंधन को प्राथमिकता दें। साथ ही आपस में बाचीत करें, प्रत्येक पैकेज के लिए निरंतर लक्ष्य निर्धारित करें और प्रगति की रियल टाइम ट्रैकिंग करें। बैठक में अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), अरुण कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (सिग्नलिंग एवं पीएसडी) सहित एमपी एमआरसीएल वरिष्ठ अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट्स और कांट्रेक्टर्स के शीर्ष प्रतिनिधि शामिल हुए।

## धनंजय सिंह जबलपुर के संभाग आयुक्त बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों की पदस्थापना में फेरबदल हुआ है। सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के मुताबिक आयुक्त अनुसूचित जाति विभाग एवं प्रबंध संचालक अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम धनंजय सिंह भदौरिया को संभाग आयुक्त जबलपुर बनाया गया है। वहीं संकेत एस भोंडवे को आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास के तौर पर नवीन पदस्थापना दी गई। वहीं मीनाक्षी सिंह उप सचिव अनुसूचित जाति कल्याण विभाग को अतिरिक्त प्रभार के तौर पर आयुक्त अनुसूचित जाति विकास और प्रबंध संचालक अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम की जिम्मेदारी सौपी गई है। वहीं सीबी चक्रवर्ती एम को आयुक्त नगरीय प्रशासन विकास विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है।

### संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में रखी बात

## अब बाघों को जंगल में रोकने बनेगा लॉन्ग टर्म एक्शन प्लान, वन क्षेत्रों से हटेगा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की ओर बढ़ रहे बाघों को जंगल के अंदर ही रोकने के लिए लांग टर्म एक्शन प्लान पर काम शुरू हो गया है। जिसमें गांवों के विस्थापन से लेकर ग्रास लैंड, स्टॉप डेम, तालाब बनाने का काम शुरू होगा। परिवारों की हर यूनिट यानि व्यक्ति की गिनती और जमीन का आंकलन किया जा रहा है, जिससे बाघों को संरक्षित किया जा सके।

यह बात शुक्रवार को संभाग स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक में रखी गई। संभाग कमिश्नर दफ्तर में रखी गई बैठक में संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने अफसरों



को हिदायत देते हुए कहा कि टाइम लिमिट में कामों को निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध कटाई और अवैध खनन पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने राजस्व, वन और खनिज विभाग के बीच तालमेल बनाकर संयुक्त बैठक रखने की हिदायत दी। कमिश्नर ने कहा कि जिन वन भूमि पर अतिक्रमण किया गया है, उसे हटाने के लिए समिति की नियमित बैठक रखी जाए। इसके साथ विभाग के पोर्टल पर भी इसकी जानकारी को अपलोड किया जाना चाहिए, जिससे पता चल सके कि कितनी वन भूमि से अतिक्रमण हटाया जाना है।

कमिश्नर ने कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, मुख्य वन संरक्षक राजेश खरे, राजस्व उपायुक्त किरण गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि वन क्षेत्र में चल रही अवैध गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए। अवैध उत्खनन, पेड़ कटाई और शिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बांदकपुर में रखी देवश्री जागेश्वरनाथ लोक की आधारशिला

# जागेश्वरनाथ धाम कॉरिडोर बनने से मंदिर क्षेत्र की बढ़ेगी भव्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दमोह जिले के जागेश्वरनाथ मंदिर के नवनिर्माण का हम संकल्प ले रहे हैं। भगवान देवश्री जागेश्वरनाथ का अभिषेक देश की पवित्र नदियों के जल और पवित्र धार्मिक स्थलों की मिट्टी से शिवलिंग का पूजन हुआ है।

देवश्री जागेश्वरनाथ मंदिर में 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कॉरिडोर से भगवान श्री जागेश्वरनाथ मंदिर की भव्यता बढ़ेगी। मंदिर के कॉरिडोर बनने से मंदिर सहित क्षेत्र की भव्यता बढ़ेगी, सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दमोह के सुप्रसिद्ध देवश्री जागेश्वरनाथ मंदिर में 10 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले प्रथम चरण के कॉरिडोर के भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक नेता हैं। उनके नेतृत्व में बनारस में बाबा विश्वनाथ का धाम भव्य रूप ले चुका है। अयोध्या में भी भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना है। आज सेना शौर्य दिखा रही है। देश एकजुट है। यही भारतीय लोकतंत्र की ताकत है, जिसे देखकर दुनिया अचंभित है। कार्यक्रम में आतंकी हमले के शिकार पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

### 26 मई को नरसिंहपुर में किया जाएगा कृषि मेले का आयोजन



**प्रदेश के धार्मिक पर्यटन केंद्र रोजगार के सेंटर बनकर उभरेंगे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में विकसित हो रहे धार्मिक पर्यटन केन्द्र युवाओं के लिए रोजगार के केन्द्र बनकर उभरेंगे। यहां आध्यात्म के साथ, शैक्षणिक और रोजगार मूलक गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। इन कार्यों के लिए राज्य सरकार बजट की कोई कमी नहीं आने देगी। प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के लिए अभियान चल रहा है।


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मना रही है। मंदसौर में 3 मई को किसानों के लिए हुए कृषि मेले के ऐतिहासिक और सफल आयोजन के बाद अब 26 मई को नरसिंहपुर में कृषि मेला आयोजित किया जाएगा। यहां खेती के आधुनिक उपकरण और खाद्य प्र-संस्करण की इकाइयों की जानकारी किसानों को मिलेगी। दमोह एवं निकटवर्ती जिलों के किसान भी नरसिंहपुर के कृषि मेले में आमंत्रित हैं। किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया है। अब घर-घर गाय होंगी और हर घर गोकुल होगा।

### जागेश्वर धाम धार्मिक आस्था का केंद्र: पटेल

पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा प्रसिद्ध तीर्थ स्थल जागेश्वर धाम धार्मिक आस्था का केन्द्र है। लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाले कॉरीडोर की नींव आज मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रखी है। उन्होंने प्रदेश एवं जिले के आम नागरिकों, श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक व धर्मस्य विभाग राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि देवश्री जागेश्वरनाथ धाम बहुत ही दिव्य और भव्य बनेगा। कॉरिडोर में दुकान, फूड कोर्ट, संस्कृत विद्यालय और 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृति भी बनेगी।

### भगवान जागेश्वरनाथ का सीएम ने किया पूजन

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बांदकपुर में देवश्री जागेश्वर नाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की। उन्होंने माता पार्वती का आशीर्वाद लिया। मंदिर कमेटी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया।
- मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश भर में पवित्र स्थलों पर बनाए गए कॉरिडोर की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर बांदकपुर कॉरीडोर मॉडल को भी सराहा।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में साधु संतों का पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया।



# भारत-पाक तनाव के बीच कमल ने टाला 'ठग लाइफ' का कार्यक्रम...

**मुंबई।** भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। इसके बाद से ही भारत और पाक के बीच काफी तनाव बढ़ गया है, जिसके चलते कई बड़े समारोहों को स्थगित किया जा रहा है। हाल ही में राजकुमार राव की 'भूल चूक माफ' को सिनेमाघरों में रिलीज करने के बजाय सीधे ओटीटी पर रिलीज करने का फैसला लिया गया। अब कमल हासन ने फिल्म 'ठग लाइफ' के ऑडियो लॉन्च कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। बता दें कि 'ठग लाइफ' के निर्देशक मणिरत्नम हैं। 'ठग लाइफ' का ऑडियो लॉन्च कार्यक्रम 16 मई को होने वाला था, जिसे अब स्थगित कर दिया गया है। निर्माताओं ने बयान जारी करते हुए लिखा, 'कला इंतजार कर सकती है, भारत पहले आता है।

## लाइफ Style



# वामिका

## हम देश के साथ खड़े हैं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वामिका गब्बी इन दिनों फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसमें उनकी जोड़ी राजकुमार राव के साथ बनी है। 'भूल चूक माफ' कल यानी 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म रिलीज से एक दिन पहले निर्माताओं ने एक बड़ा ऐलान किया।

वामिका गब्बी बताया कि अब यह फिल्म 16 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। 'भूल चूक माफ' की ओटीटी रिलीज पर अब वामिका ने प्रतिक्रिया दी है। अमर उजाला को दिए इंटरव्यू में वामिका ने कहा, इस समय भारत-पाकिस्तान के बीच के हालात नाजुक हैं। देश की स्थिति को देखते हुए सिनेमाघर में फिल्म रिलीज करना संभव नहीं था। हम अपने देश के साथ खड़े हैं। यही हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने आगे कहा, "हम इस बात से खुश हैं कि फिल्म आखिरकार दर्शकों तक पहुंच रही है। मेरा मानना है कि अगर यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी तो यह और अधिक लोगों तक पहुंचेगी। वामिका ने कहा, मैं निर्माताओं के इस फैसले से बहुत खुश हूं। फिल्म का सिनेमाघर में रिलीज होना हम सभी के लिए खास था, लेकिन हालात को देखते हुए हम खुश हैं कि फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज होगी। बता दें कि 'भूल चूक माफ' को ओटीटी पर रिलीज करने का निर्णय देश में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस फिल्म का निर्देशन करण शर्मा ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# अब हॉलीवुड में आजमाएंगी किस्मत...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण जैसी कई अभिनेत्रियां बॉलीवुड के साथ-साथ हॉलीवुड में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं और अब इस कड़ी में अगला नाम जुड़ने जा रहा है कंगना रनौत का। बताया जा रहा है कि एक धमाकेदार हॉरर ड्रामा फिल्म अभिनेत्री के हाथ लग गई है। भले ही अब कंगना हॉलीवुड का हिस्सा बनने के लिए तैयार हैं, लेकिन एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद हॉलीवुड में काम करने से तौबा की थी। 'ब्लेस्ड बी द एविल' होगी कंगना की पहली हॉलीवुड फिल्म।




# 'फिफ्टी शेड्स' के निर्देशक जेम्स नहीं रहे, कैंसर ने ली जान..

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आ रही है। दरअसल, लोकप्रिय फिल्म 'फिफ्टी शेड्स' के निर्देशक जेम्स फोले का निधन हो गया है। 71 साल की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। जेम्स काफी समय से ब्रेन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। निर्देशक के अचानक निधन से हॉलीवुड में शोक की लहर दौड़ गई है। फिल्मी दुनिया से जुड़े कई सितारों ने उनके निधन पर शो व्यक्त किया है। जेम्स अपने पीछे भाई केविन फोले, बहन ऐलीन और जो ऐन फोले और भतीजे क्विन फोले को छोड़ गए हैं। उनके भाई जेरार्ड फोले पहले ही दुनिया से चले गए थे। बता दें कि जेम्स ने साल 1984 में अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'रैकलेस' से की थी। हालांकि, उन्हें पहचान 'ग्लेनगैरी ग्लेन रॉस' (1992) से मिली। इसके अलावा जेम्स ने नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय और चर्चित वेब सीरीज 'हाउस ऑफ कार्ड्स' का भी निर्देशन किया था।



# साई पल्लवी ने की ताबड़तोड़ कमाई

**मुंबई।** साई पल्लवी का नाम दक्षिण भारतीय सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने दम पर दर्शकों के बीच अपनी एक खास पहचान बनाई है। अपनी सादगी और तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में अपनी उम्दा से दिल जीतने वाली साई को जल्द ही बॉलीवुड फिल्म 'रामायण' में अभिनेता रणबीर कपूर के साथ देखा जाएगा। 9 मई को साई ने अपना 33वां जन्मदिन मनाया। यह साई के एक्टिंग करियर की पहली फिल्म थी, जिसमें साई ने लीड रोल किया था। फिल्म मलयालम भाषा में बनी थी। इसकी कहानी जॉर्ज नाम के लड़के की है, जो अपनी जिंदगी में 3 अलग-अलग लड़कियों से प्यार करता है। फिल्म में उसके स्कूल से लेकर बड़ा होने तक के सफर को दिखाया गया है। करीब 4 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 73 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी।




# 'फर्जी-2' के लिए मिली मोटी रकम...

**मुंबई।** शाहिद कपूर पिछली बार पूजा हेगड़े के साथ फिल्म 'देवा' में नजर आए थे, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ कमाल नहीं दिखा सकी। आने वाले समय में शाहिद एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। इसके अलावा उनके पास वेब सीरीज 'फर्जी' का सीक्वल भी है। 'फर्जी' की सफलता के बाद से ही प्रशंसक 'फर्जी 2' की मांग कर रहे हैं। अब शाहिद की फीस का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'फर्जी 2' के लिए निर्माताओं से तरफ से शाहिद को 45 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।खास बात यह है कि यह राशि अब तक किसी भी प्रोजेक्टर के लिए मिली शाहिद के करियर की सबसे बड़ी रकम है। 'फर्जी 2' की कहानी लिखी जा चुकी है। इस साल के अंत तक शाहिद इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे।

## टीवी मसाला

# टीवी का मशहूर सितारा, अब 45 की उम्र में करेगा धांसू कमबैक

**नई दिल्ली।** 'उतरन', 'साड्डा हक' और 'बिग बॉस' के जरिए पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले एक्टर गौरव चोपड़ा पांच साल के लंबे ब्रेक के बाद अब टीवी पर लौट रहे हैं। खबरों के अनुसार गौरव सोनी सब चैनल के नए शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में नजर आएंगे। इस खबर को सुनकर उनके फैंस काफी एक्साइटिड है।



***पांच साल बाद इस शो में नजर आएंगे गौरव :*** सोनी सब के नए शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में गौरव चोपड़ा वकील का दमदार किरदार निभाने वाले हैं। शो में राजवीर शास्त्री बनकर एक बार फिर अपनी एक्टिंग का हुनर दिखाएंगी। शो की पूरी कहानी गौरव के आसपास ही घूमती है। जो बड़े वकील होते है लेकिन एक वक्त बाद उनकी लाइफ बदल जाती है और वो नशे की लत लगवा लेते हैं।

***गौरव का चैलेंजिंग लगा ये किरदार :*** गौरव चोपड़ा ने इस शो पर बात करते हुए कहा कि, जब मैंने शो की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मुझे ये करेक्टर काफी आकर्षक और चैलेंजिंग लगा। वो एक प्रतिभाशाली इंसान है, लेकिन अंदर से टूटा हुआ इंसान है। हालांकि, उसकी जिंदगी का सफर दर्द से भरा हुआ है। अब एक्टर के फैंस शो के टेलीकास्ट होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

***आखिरी बार इस सरीज में नजर आए थे गौरव :*** बता दें कि गौरव चोपड़ा को आखिरी बार अल्ट बालाजी की वेब सीरीज 'फोरप्ले' और 'वियू की लव लस्ट एंड कन्फ्यूजन' में देखा गया था। इसके बाद एक्टर अपनी पर्सनल लाइफ में बिजी हो गए। उन्होंने 19 फरवरी 2018 को एक निजी समारोह में हितिशा चेरंडा संग सात फेरे लिए थे। वहीं साल 2020 में वो एक बेटे के पापा भी बने।


# 'खिसियानी बिल्ली बनकर खंभा नोंचने में लगा हुआ है : पाक पर भड़के 'शक्तिमान'

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच आम लोगों से लेकर फिल्मी और टीवी सितारे तक भारतीय सेना की हौसला अफजाई कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर हर भारतीय शख्स सेना से पाकिस्तान की ईंट से ईंट बजा देने की अपील कर रहा है। इसी कड़ी में टीवी के 'शक्तिमान' यानी मुकेश खन्ना ने भी एक पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने पाकिस्तान को खिसियानी बिल्ली कहते हुए जमकर खरी-खोटी सुनाई है। मुकेश खन्ना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा- 'युद्ध का मैदान सज चुका है। पाकिस्तान के 12 बज चुके हैं। फिर भी वो खिसियानी बिल्ली बनकर खंभा नोंचने में लगा हुआ है। इंडियन फौज चुन चुन कर उन्हें ठोक रही है। फिर भी वो उठ-उठकर छोटे-मोटे मिसाइल इंडिया के बॉर्डर पर फैंक रहा है, जिसे इंडियन फौज चौके-छक्के लगा कर आकाश में ही ध्वस्त कर रही है।



# विजय के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा, 'वीडी 14' से

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता विजय देवरकोंडा ने 9 मई को अपना 36वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर देवरकोंडा की आगामी फिल्म 'वीडी 14' से उनकी पहली झलक सामने आ गई है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान राहुल सांकृत्यायन ने संभाली है, जिन्हें नानी और साई पल्लवी की फिल्म 'श्याम सिंघा रॉय' (2021) के लिए जाना जाता है। इसके साथ 'वीडी14' के निर्माताओं ने देवरकोंडा को जन्मदिन की बधाई दी है।



***'पुष्पा' वाले निर्माता कर रहे इस फिल्म का निर्माण :*** 'वीडी 14' के निर्माताओं ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'ईश्वर ने उसे शक्ति दी और युद्ध ने उसे एक उद्देश्य दिया।' फिल्म में देवरकोंडा का अनदेखा अवतार सामने आएगा। पोस्टर में उनका चेहरा नहीं दिखाया गया है। 'पुष्पा' फ्रैंचाजी वाले निर्माताओं ने देवरकोंडा की इस फिल्म पर पैसा लगाया है। बता दें कि देवरकोंडा मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म 'किंगडम' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म 30 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट' में इस तमिल सुपरस्टार की एंट्री, सामने आई पहली झलक

**मुंबई।** अनुपम खेर पिछली बार फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में नजर आए थे, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म नहीं चली। अब जल्द ही अनुपम फिल्म 'तन्वी दे ग्रेट' में नजर आएंगे। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अब 'तन्वी द ग्रेट' में तमिल सुपरस्टार अरविंद स्वामी की एंट्री हो चुकी है। वह फिल्म में मेजर श्रीनिवासन का किरदार निभाएंगे।

## अनुपम ने यूं किया अरविंद का स्वागत

'तन्वी द ग्रेट' से अरविंद की पहली झलक सामने आ गई है। उनका टीम में स्वागत करते हुए अनुपम ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'पहली बार जब मैंने अरविंद स्वामी को 'रोजा' में देखा तो मैं उनके प्रदर्शन से दंग रह गया। इसके बाद जब मैंने उन्हें 'बॉम्बे' में देखा, तो लगा जैसे भारतीय सिनेमा को एक शानदार अभिनेता मिल गया है।' बता दें कि अनुपम और अरविंद फिल्म 'सात रंग के सपने' में साथ काम कर चुके



## जैकी श्रॉफ भी आएंगे नजर

अनुपम ने आगे लिखा, 'जब मुझे 'तन्वी द ग्रेट' के लिए मेजर श्रीनिवासन का किरदार निभाने के लिए किसी अभिनेता की तलाश थी, तो मेरे जहन में केवल एक ही नाम आया- अरविंद स्वामी। उनका प्रदर्शन देखकर मुझे गर्व महसूस हुआ। धन्यवाद स्वामी जी आपकी दोस्ती, मुझ पर विश्वास और आपकी शानदार कला के लिए। आप न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन दोस्त भी हैं। बता दें कि जैकी श्रॉफ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

# 'द डिप्लोमैट' से भूमि पेडनेकर की 'द रॉयल्स' तक, इस हफ्ते देखिए ये फिल्में और सीरीज

***मुंबई।*** *हर हफ्ते मनोरंजन प्रेमियों को एक नई फिल्म या नई वेब सीरीज का इंतजार रहता है। हर बार की तरह इस बार भी नई फिल्में और वेब सीरीज की रिलीज का मेला देखने को मिलने वाला है। एक से बढ़कर एक फिल्में और सीरीज दर्शकों को मनोरंजन का डोज देने के लिए तैयार हैं। आइए जानते हैं कौन-कौन सी फिल्में या सीरीज कब और किस प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही हैं।*



## 'द डिप्लोमैट'

अभिनेता जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' को होली के मौके पर यानी 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर सकी। हालांकि, फिल्म की कहानी और जॉन के अभिनय को समीक्षकों ने जमकर सराहा। 'द डिप्लोमैट' की कहानी भारतीय डिप्लोमैट जेपी सिंह के जीवन से प्रेरित है, जिनका किरदार जॉन ने निभाया है। 9 मई को नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म स्ट्रीम हो गई है।



## 'द रॉयल्स'

अभिनेता ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की वेब सीरीज 'द रॉयल्स' 9 मई को नेटफ्लिक्स पर आ गई है। इस सीरीज का ट्रेलर देखने के बाद से ही इसे लेकर प्रशंसकों का उत्साह चरम पर था। एक ओर जहां भूमि की यह पहली वेब सीरीज है, वहीं ईशान के साथ उनकी जोड़ी भी पहली ही बार बनी है। उधर एक और खास बात ये है कि 'द रॉयल्स' में आपको दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान की झलक भी देखने को मिलेगी।

## 'ग्राम चिकित्सालय'



'पंचायत' और 'दुपहिया' जैसी कमाल की कॉमेडी सीरीज के बाद अब अमेजन प्राइम वीडियो एक मजेदार वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जिसका नाम 'ग्राम चिकित्सालय' है। इसे जितेंद्र कुमार की वेब सीरीज 'पंचायत' के निर्माताओं ने ही बनाया है। इस सीरीज में एक पढ़े-लिखे शहरी और गांव के झोलाछाप डॉक्टर की शानदार कहानी को दिखाया जाएगा। 9 मई को सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है। इसमें अमोल पराशर व विनय पाठक सहित कई धुरंधर कलाकार हैं।

## 'गुड बैड अग्ली'



तमिल सुपस्टार अजित कुमार की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' ने बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई की थी।इस फिल्म की कमाई बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये के पार चली गई। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' OTT पर दस्तक दे चुकी है। एक्शन और कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। 'गुड बैड अग्ली' 8 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुकी है।

# अजय की कई फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया था धमाल

**मुंबई।** काफी समय से अजय देवगन फिल्म 'रेड 2' को लेकर चर्चा में चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली है, वहीं अजय की अदाकारी ने हमेशा की तरह दर्शक का दिल जीत लिया। यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। आइए इस कड़ी में हम आपको अजय की सबसे कमाऊ फिल्म के बारे में बताते हैं।



***'तानाजी' है अजय की सबसे कमाऊ फिल्म***
अजय की सबसे कमाऊ फिल्म 'तानाजी: द अनसंग वॉरियर' है। यह फिल्म 10 जनवरी, 2020 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई की। इसमें अजय के साथ काजोल और सैफ अली खान नजर आए थे। फिल्म के निर्देशन की कमान ओम राउत ने संभाली थी, जबकि अजय ने इसका निर्माण भूषण कुमार के साथ मिलकर किया था। फिल्म में शरद केलकर और नेहा शर्मा ने भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाया था। 'तानाजी: द अनसंग वॉरियर' ने भारत में 279.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि यह दुनियाभर में 361 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इस फिल्म को केवल 150 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया था। 'तानाजी' एक वीर मराठा योद्धा तानाजी मालुसरे की कहानी है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के लिए सिंहगढ़ किले को मुगलों से वापस लेने के लिए लड़े थे। बता दें कि इस फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

नई दिल्ली। भारतीय शसस्त्र बलों ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले का बदला ले लिया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है और पाकिस्तान में उसके नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। वहीं, पाकिस्तान ने भी 07 और 08 मई 2025 की दरमियानी रात को भारत के 15 शहरों में सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सैनिकों ने इन हमलों को नाकाम कर दिया। भारत ने इसके लिए पहली बार S-400 मिसाइल्स डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया। भारतीय सेना यहीं नहीं, बल्कि समुद्र में भी काफी मजबूत है। भारत यहां से भी दुश्मनों को ध्वस्त कर सकता है।

# इधर, अरब सागर में दबेगा बटन, उधर मिनटों में पाकिस्तान हो जाएगा धुआं-धुआं

### आईएनएस विक्रांत

आईएनएस विक्रांत भारत का पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर है, जिसे 2022 में नेवी में शामिल किया गया था। इसका वजन लगभग 45,000 टन है। यह मिग-29के फाइटर जेट और उन्नत हेलीकॉप्टर को लॉन्च कर सकता है। यह एयरक्राफ्ट कैरियर अरब सागर में पश्चिमी तट के पास तैनात रहता है, जो भारत की समुद्र की सुरक्षा करता है। इसकी खासियत यह है कि किसी भी आपात स्थिति या 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे खास मिशन के वक्त इसे तुरंत तैनात किया जा सकता है।

### आईएनएस विशाखापत्तनम

आईएनएस विशाखापत्तनम भारत के सबसे उन्नत गाइडेड-मिसाइल विध्वंसकों में से एक है। यह जहाज प्रोजेक्ट 15बी क्लास का हिस्सा है, जो ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों, बराक-8 एयर डिफेंस सिस्टम्स और एक व्यापक लड़ाकू सूट से लैस है। इसकी खासियत यह है कि यह तट-बेस्ट टारगेट्स पर लंबी दूरी के सटीक हमले कर सकता है और हवाई और मिसाइल खतरों से बचाव कर सकता है।



### आईएनएस करंज

आईएनएस करंज प्रोजेक्ट 75 के तहत डीजल-इलेक्ट्रिक अटैक पनडुब्बियों में से एक है, जिसे उथले पानी में चुपके और चपलता के लिए बनाई गई है। टारपीडो और एक्सोसेट मिसाइल क्षमताओं के साथ यह खुफिया निगरानी, स्पेशल ऑपरेशन और जहाज-रोधी हमले कर सकती है।

### आईएनएस कोलकाता

कोलकाता क्लास के विध्वंसक जहाजों में सबसे आगे आईएनएस कोलाकाता ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम, टॉरपीडो और पनडुब्बी रोधी रॉकेट से लैस है। इसे नेटवर्क-सेंटरिक वॉरफेयर के लिए डिज़ाइन किया गया. यह ज्वाइंट ऑपरेशंस के दौरान बेड़े के कमांड जहाज के रूप में काम कर सकता है और बढ़ते संघर्ष की स्थितियों के दौरान आक्रामक हमले कर सकता है। साथ ही, ये कैरियर ग्रुप्स की रक्षा भी कर सकता है।

### आईएनएस चक्र

आईएनएस चक्र को हाल ही में भारत ने रूस को वापस कर दिया गया है, लेकिन भारत ने गहरे समुद्र में निगरानी और बचाव के लिए इसी तरह की न्यूक्लियर एनर्जी से से चलने वाली हमलावर पनडुब्बियों का इस्तेमाल किया है। स्वदेशी आईएनएस अरिहंत-क्लास और आने वाले आईएनएस अरिघात के साथ भारत इस क्षेत्र में अपनी मजबूत क्षमता और पानी के नीचे ताकत को बनाए रखा है। ये पनडुब्बियां परमाणु-युक्त बैलिस्टिक मिसाइलों को ले जा सकती हैं।


**हमारे पास पहले से ही काफी मजबूत क्षमताएं हैं, बस उन्हें लगातार बढ़ाने की जरूरत है**

# आसमान में जासूस तैनात करेगा भारत, हल्की चूक भी की तो मिनटों में दुश्मन हो जाएगा तबाह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शसस्त्र बलों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है।भारतीय सेना पाकिस्तान में उसके नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इस बीच, भारत ने अपनी अंतरिक्ष क्षमताओं को और मजबूत करने के लिए एक अहम कदम उठाया है। भारत अपनी स्पेस बेस्ड डिफेंस कैपेबिलिटी को मजबूत करने के लिए अगले पांच सालों में 52 जासूस सैटेलाइट्स का एक ग्रुप लॉन्च करेगा। इसकी पुष्टि दिल्ली में ग्लोबल एक्सप्लोरेशन अंतरिक्ष कॉन्फ्रेंस 2025 के दौरान इंडियन नेशनल स्पेस प्रोमोशन और प्राधिकरण केंद्र के चीफ पवन कुमार गोयनका ने की।

ये सैटेलाइट आर्मी, नेवी और एयरफोर्स को दुश्मन की हरकतों पर नज़र रखने, बॉर्डर की निगरानी करने और सही वक्त में मिलिट्री ऑपरेशंस का कोऑर्डिनेशन करने में मदद करेंगे। गोयनका ने बताया, 'हमारे पास पहले से ही काफी मजबूत क्षमताएं है। बस उन्हें लगातार बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि आधे सैटेलाइट इसरो द्वारा विकसित किए जाएंगे, जबकि बाकी प्रोइवेट संस्था द्वारा बनाए जाएंगे।



### एसएसएलवी तकनीक

गोयनका ने संकेत दिया कि एसएसएलवी तकनीक ट्रांसफर एडजेसेंट है, जो यह दर्शाता है कि इसे अगले पखवाड़े में औपचारिक रूप दिया जा सकता है। वहीं, गोयनका ने इस बात पर जोर दिया कि हालांकि इन-स्पेस सैटेलाइट तैनाती का नेतृत्व कर रहा है, लेकिन निगरानी कामों के संबंध में आगे का फैसला केंद्रीय गृह मंत्रालय और रक्षा बलों पर निर्भर करेगा।

### ऐलान का वक्त

यह रणनीतिक कदम ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर उठाया गया है। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों पर सटीक हमला किया। इस हमले में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। ऐसे तनावपूर्ण वक्त के दौरान इस तरह के फैसले भारतीय सेना की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने में फायदेमंद साबित हो सकते है।

### 'लॉन्च-ऑन-डिमांड' मिशनों के लिए अहम

जबकि इसरो से प्राइवेट इंडस्ट्री को लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) तकनीक का ट्रांसफर शामिल है। एसएसएलवी न्यूनतम टर्नअराउंड और बुनियादी ढांचे के साथ 10-500 किलोग्राम वजन वाले सैटेलाइट्स को पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित करने में स्किल्ड है। यह क्षमता इमरजेंसी हालत के दौरान तुरंत प्रतिक्रिया स्थितियों और 'लॉन्च-ऑन-डिमांड' मिशनों के लिए खासतौर पर अहम है।



### भारत के लिए कितना अहम

एक बार चालू हो जाने पर, 52 सैटेलाइट वाला नेटवर्क संवेदनशील क्षेत्रों को लगातार कवरेज करेगा और भारत की प्रिवेंटिव स्टेटस को मजबूत करेगा।

## भारत के मिसाइल के आगे पाकिस्तान की निकली हवा; सोशल मीडिया पर आई मीम्स की सुनामी!




**नई दिल्ली।** 6 और 7 मई की रात को भारत ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इन हमलों का उद्देश्य आतंकी ढांचों को खत्म करना था। लेकिन, इस हमले ने पाकिस्तान की सुरक्षा प्रणाली की पोल खोल दी।पाकिस्तान ने चीन से खरीदे एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल किया, जो पूरी तरह फेल हो गया और एक भी मिसाइल को इंटरसेप्ट नहीं कर सका।

**सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ :** पाकिस्तान की इस नाकामी के बाद सोशल मीडिया पर मीम्स की सुनामी आ गई। लोग इस मुद्दे पर चुटकी ले रहे हैं और पाकिस्तान की सेना और प्रधानमंत्री पर तंज कस रहे है। एक यूजर ने फिल्म 'खुद्दार' की एक क्लिप शेयर की जिसमें गोविंदा का डायलॉग चल रहा है। 'अब तेरी बारी है।' वहीं, एक और यूजर ने 'गोलमाल' फिल्म के वसूली भाई के सीन को एडिट कर पाकिस्तानी पीएम की तुलना उससे कर डाली।


**वैवाहिकी**

**वधु चाहिए**

**वधु चाहिए**
विश्वकर्मा (लोहार) 17/09/82/ 6', एमबीबीएस, अविवाहित, डॉ. प्राइवेट क्लीनिक हेतु शिक्षित हायर सेकेण्डरी, ग्रेजुएट, अविवाहित सजातीय हिन्दू जाति बंधन नही, वधु चाहिए। मैरिज ब्यूरो क्षमा। साधारण विवाह।
9131453175

**वर चाहिए**

**GROOM WANTED**
29Yr Muslim Doctor (Pursuing Post Graduation) from a respected family, Seeks alliance with a Well educated Muslim P.G. Doctor (any Specialization) Professionally Well settled from a deeny good family background
8435639998

वधु चाहिए- (मुस्लिम कालम ) वधु चाहिए जाति मुस्लिम कुंवारा उम्र 54/हाइट 5'9'', रंग गेहुआ, शिक्षा BA तलाकशुदा, विधवा, कुंवारी लड़की चाहिए। जाति बंधन नहीं है मो. 94252-53078 (1572)

वधु चाहिए- पंजाबी 30 वर्षीय युवक 5 फुट 8 इंच (B.Sc.Ag.) Sales Officer एवं व्यवसायी परिवार के इकलौते बेटे हेतु वधु चाहिए। दहेज बंधन नहीं। मैरिज ब्यूरो क्षमा करें। छत्तीसगढ़ को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7509396155 (7331)

वधु चाहिए- रंग गोरा स्मार्ट 36 वर्षीय, हाईट 5 फुट 6 इंच व्यावसायिक लड़का (अनाथ एवं विकलांग) के लिए वधु चाहिए तलाकशुदा भी स्वीकार्य है। जाति बन्धन नहीं। सम्पर्क करें- 8435278895 (7330)

**मैरिज ब्यूरो**

**मैरिज ब्यूरो**
योग्य महाराष्ट्रीयन वर वधु की तलाश हेतु श्री स्वामी समर्थ उपासना मंडल भिलाई- दुर्ग द्वारा संचालित शोध वधू-वारांचा मैरिज ब्यूरो में अपना नाम रजिस्टर करने संपर्क करें
9131455917

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- भर्ती-भर्ती -भर्ती आवश्यकता है इंदौर एवं देवास स्थित दवाई कंपनी में पैकिंग कार्य हेतु हेल्परों की आवश्यकता है सुविधा रहना खाना फ्री वेतन - 12000 से 15000 तक संपर्क सूत्र 9753109129, 6264798051 (गाडरवारा/11/मई 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।




हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789


## ताइपे ओपन : आयुष और उन्नति सेमीफाइनल में हारे

**ताइप।** उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा की शनिवार को यहां क्रमशः पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में हार के साथ बीडब्ल्यूएफ ताइपे ओपन सुपर 300 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इस 2.40 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में अंतिम चार तक के अपने सफर में प्रभावशाली प्रदर्शन कर प्रभावित किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज स्थानीय खिलाड़ी चोऊ टीएन चेन को कड़ी टक्कर दी। लगभग दो दशक से अंतरराष्ट्रीय सर्किट में खेल रहे चीनी ताइपे खिलाड़ी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए आयुष को 21-18, 21-17 से मात दी।

## राशिफल

**मेष** कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर में हुआ अजीब मुकाबला**

## यूएई की पूरी टीम रिटायर आउट, फिर भी कतर को हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम ने शनिवार को कतर के खिलाफ महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले के दौरान अपने फैसले से सभी को चौंका दिया। यूएई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पूरी टीम को रिटायर आउट किया। यूएई ने कतर के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था और 16 ओवर में 192 रन बनाए। जवाब में कतर की पूरी टीम 29 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह यूएई ने यह मुकाबला 163 रनों से जीता।



### रिटायर आउट का फैसला

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की ओर से सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश और कप्तान ईशा रोहित ओजा ने पहले विकेट के लिए 192 रनों की साझेदारी की। लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए यूएई ने अपनी पूरी टीम को रिटायर आउट करने का फैसला किया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टी20 में टीम घोषित करने का नियम लागू नहीं होता है। यूएई का प्रत्येक बल्लेबाज पैड पहनकर मैदान पर उतरा और उसे रिटायर आउट करार दिया गया।

### कतर नहीं पेश कर सका चुनौती

यूएई के लिए यह स्कोर काफी साबित हुआ क्योंकि कतर की टीम कोई चुनौती भी पेश नहीं कर सकी। यूएई के लिए ईशा ने सबसे ज्यादा 55 गेंदों पर 14 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 113 रन बनाए। वहीं, तीर्था ने 42 गेंदों पर 11 चौकों के सहारे 74 रन बनाए। ईशा ने साथ ही एक विकेट भी लिया और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। यूएई की ओर से मिचेले बोथा ने तीन विकेट लिए। इस जीत के साथ यूएई की टीम टूर्नामेंट में चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है।

## गिल-पंत टेस्ट टीम की कप्तानी के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** प्रतिभाशाली बल्लेबाज शुभमन गिल को टेस्ट में भारतीय टीम की कमान सौंपी जा सकती है जबकि खेल के इस पारंपरिक प्रारूप में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत नए उप-कप्तान होंगे। उप-कप्तान का चयन सरल लगता है क्योंकि पंत विदेशी परिस्थितियों में भारत के बेहतरीन टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं और जसप्रीत बुमराह का कद इतना बड़ा है कि उन्हें उप-कप्तान की भूमिका के लिए नहीं चुना जा सकता है और साथ ही जब उनकी खुद की फिटनेस भी संदिग्ध है तो उनका पूरी श्रृंखला के लिए खेलना अनिश्चित है। पंत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में शतकों के साथ 42 से अधिक के औसत से इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। वह इन देशों में सात बार 90 और 99 के बीच स्कोर बना चुके हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, "अगर बुमराह कप्तान नहीं हैं तो उन्हें उप-कप्तानी की पेशकश करने का कोई मतलब नहीं है। 'क्रिकेट जगत जहां करिश्माई विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा से हैरान है तो वहीं पता चला है कि चयन समिति ने इंग्लैंड में उन्हें कप्तानी सौंपने के विचार पर विचार किया है ताकि गिल को खुद को निखारने के लिए कुछ और समय मिल सके।


## शब्द पहेली - 5863



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

### शब्द पहेली -5862 का हल



### सूडोकू नवताल- 5873

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल- 5872 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

मातृ दिवस विशेष

# मां के चरणों में बसती है मेरी दुनिया



इस दुनिया के हर रिश्ते में सबसे बड़ा दर्जा मां को दिया जाता है। मां और उसकी संतान का रिश्ता सबसे गहन और अनूठा होता है। हर हाल में अपनी संतान का सुख, उसका हित और उसकी खुशी की कामना करने वाली मां की छवि की उदात्तता असीम होती है। आज मातृ दिवस पर हम संकल्प करें कि मां को कभी कोई तकलीफ न हो, उसका साया, उसका आशीर्वाद हम पर सदैव बना रहे। यही इस दिवस की सार्थकता होगी।

आवरण कथा
डॉ. ओम निश्चल

जब कभी गीतकार प्रसून जोशी के लिखे और शंकर महादेवन के गाए मां को समर्पित गीत '...तुझे सब है पता, मेरी मां..' के बोल सुनाई पड़ते हैं तो हृदय भावनाओं से भर उठता है। जेहन में मां की तस्वीर उभर आती है। बच्चे का यह कहना, 'यूं तो मैं दिखलाता नहीं, तेरी परवाह करता हूं मैं मां...' सुन कर मन की आंखों को जैसे एक अजीब सी तृप्ति मिलती है। मां का संबंध ही कुछ ऐसा है। यह ऐसी शै है कि सारे वृक्षों से कागज तैयार किया जाए तो भी उस पर लिखी मां की महिमा कम पड़ जाएगी। जाने-माने कवि कैलाश वाजपेयी ने लिखा है, *अगर तुम्हें गर्भ में यह पता चलता/ जिस घर में तुम होने वाले हो, नमाज नहीं पढ़ता, वहां कोई यज्ञ होम कीर्तन नहीं होता/ कोई नहीं जाता रविवार को गिरिजाघर या ग्रंथपाठ में/ अगर तुम्हें यह पता चलता पेट के निदाघ और पर्व के हिसाब से अधेड़ बाप कभी बनाता है रंगीन कागज के ताजिए/ ईसा का तारा, कभी दुर्गा गणेश कभी अंधी ऊंचाई को थाहते सिर्फ आकाशदीप/ नीले हरे जोगिया/ अगर तुम्हें यह पता चलता/ तब तुम क्या करते/ क्या मां बदलते। (सूफीनामा)* कितने दार्शनिक अंदाज में कवि ने कह दिया कि मां से बच्चे का रिश्ता कितना अटूट है कि वह किसी भी हालत में बदला नहीं जा सकता।

## मां की महिमा अवर्णनीय

दुनिया में यों तो रिश्ते-नातों की बड़ी लंबी परंपरा है। देखें तो हर इंसान एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है, भावनाओं के स्तर पर, सामाजिक स्तर पर, सांस्कृतिक स्तर पर, भौगोलिक स्तर पर लेकिन जो खून के रिश्ते हैं, उनमें सबसे ज्यादा अहमियत मां को प्राप्त है। शास्त्रों में पृथ्वी को मां और आकाश को पिता कहा गया है। कभी रवींद्रनाथ ठाकुर ने यह कहा था कि *भगवान अभी बच्चों को धरती पर भेज रहा है, इसका अर्थ यह है कि अभी वह मानव जाति से निराश नहीं हुआ है और मानव जाति को जिस इकाई ने अपनी ममता, दया, करुणा और मोहब्बत से सबसे ज्यादा सींचा है, उसका नाम मां है।* देवताओं से लेकर संतों, महापुरुषों ने मां की महिमा बखान की है। मां के ऋण से एक बच्चा पूरे जीवन भर उऋण नहीं हो पाता। मां की इसी महिमा को स्मरण करने के लिए हर साल मई माह का दूसरा रविवार मातृ दिवस के रूप में मनाया जाता है। बच्चे अपनी मां के प्रति अपने लगाव, स्नेहिल प्रेम का इजहार करते हैं।



## निःस्वार्थ होती है मां की ममता

शास्त्र कहते हैं, *माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः।* यानी, मां पृथ्वी है और हम सब उसके पुत्र हैं। एक पृथ्वी के रूप में मां जो दुख-दर्द सहती है, वह शायद और कोई दूसरा नहीं समझ सकता। शायर मुनव्वर राना अपनी एक गजल में कहते हैं, *बुलंदियों का बड़ा से बड़ा निशान छुआ, मां ने जो गोदी में उठाया तो आसमान छुआ।* इसका अर्थ यह है कि इंसान की उपलब्धियों और तरक्की के पीछे मां की दुआएं ही होती हैं। रिश्तों में यह मां ही है, जो अपनी संतानों के प्रति अपने दायित्व को नहीं भूलती। खुद रूखा-सूखा खाकर भी बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए पूरा जीवन होम कर देती है, बिना किसी प्रत्याशा में कि यह बच्चा आगे चल कर उसके बुढ़ापे की लाठी बनेगा भी या नहीं। उसकी ममता निःस्वार्थ होती है। अकसर देखा जाता है कि मांएं अपने कमजोर बच्चों के प्रति अपेक्षाकृत अधिक दयावान होती हैं। यह तो उस बच्चे के प्रति न्याय है कि जो किसी कारणवश तरक्की की दौड़ में कहीं पीछे रह गया है, उसे मां विशेष तरजीह दे, सहारा दे, उसे संभलने में मदद करे। इस पर मुनव्वर राना ने तो एक गजल में यह तक कहा है, *मां अगर पागल भी है तो उसे गौर से देखिए अपने बच्चों के प्रति मोह-ममता नहीं छोड़ती। यह चीज उसे पागलपन में भी नहीं भूलती। खुदा ने यह सिफत दुनिया की हर औरत को बख्शी है/ कि वो पागल भी हो जाए तो बच्चे याद रहते हैं।*



## मां में समायी होती है संतान की पूरी दुनिया

यह सही है कि आज रिश्ते-नातों से जुड़े हर संबंध को पैसों की तुला पर तोला जाता है। अगर मां के पास बच्चों को कुछ ठोस देने के लिए है तो उसके लिए इज्जत है। लेकिन अगर वह वृद्धावस्था में हैं या जीवन में अकेली पड़ गई हैं तो बहुत कम बच्चे ऐसे हैं, जो मां का सहारा बनते हैं या मां को अपने घर में आदर से रखते हैं और उसकी मोह ममता के प्रति सदैव कृतज्ञ बने रहते हैं। यह कृतज्ञता उनके लिए एक दिन का दिखावा नहीं होता, बल्कि यह उनके दैनंदिन संस्कार में शामिल रहती है। ऐसे भी बच्चे हैं, जो मां की हर पल की अनुपस्थिति को याद करते हुए जीते हैं। कवि यश मालवीय के शब्दों में, *किस तरह कैसे न पूछो। जी रहा बेटा सलोना। मां तुम्हारा नहीं होना।*

## मां को देते रहें प्यार-सम्मान

मां की ममता, दया, करुणा, हृदय की विशालता की बहुत चर्चा होती है। वह होती है तो घर का दूसरा पर्याय होती है। वह नहीं होती तो उसकी कमी खलती रहती है। वह होकर भी और न होकर भी हमारे भीतर होती है। लेकिन क्या हम जीते जी मां को पहचान पाते हैं? उसके सुख-दुख से वास्ता रख पाते हैं? ऐसा सर्वथा नहीं होता। दुनिया इतनी स्वार्थी हो चुकी है कि कभी बूढ़ी स्त्री को किसी तीर्थ किसी अजाने स्टेशन पर छोड़ कर अपने दायित्व से मुक्ति पा लेती है। सच, कितनी बहुरंगी दुनिया हो चुकी है कि हर दिन को किसी न किसी के लिए मुकर्रर कर रखा है। जैसे कि उस एक दिन के अलावा उसकी कोई अहमियत ही न हो। मां के लिए भी एक दिन मुकर्रर है। पर मां तो हर दिन मां है, वह है भी तो, नहीं भी है तो भी। जरूरत है मां को प्यार दिया जाए। उसे सम्मान दिया जाए। इसलिए मां जब तक हमारे बीच हैं, उस ममतामयी मूर्ति का ध्यान रखें। आज मातृ दिवस पर आइए मां को स्मरण करें। उनके साथ समय बिताएं। उनसे बचपन के किस्से व कहानियां सुनें और उसे जताएं कि मां हम आज भी तुम्हें कितना स्नेह करते हैं, कितना आदर करते हैं। *

### कुछ मांएं क्यों रह जाती हैं उपेक्षित



**मां की** महिमा का कितना गुणगान किया जाता है, फिर भी जैसे-जैसे समाज पूंजीपरस्त होता जा रहा है, दुनिया में धन-दौलत का बोलबाला बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे ही हमारे दिलों की दुनिया संकीर्ण होती जा रही है। एक जमाना था, मांएं अपने छह-सात बच्चों को एक साथ पाल-पोस कर बड़ा करती थीं और उन्हें शिक्षा-दीक्षा दिलाते हुए जीवन की सच्ची राह दिखाती थीं। लेकिन आज की उत्तरोत्तर छोटी होती दुनिया और एकल होते परिवारों में उसकी जगह नहीं है या उसकी जगह कम पड़ती जा रही है। आज स्थिति यह है एक मां के साथ उसके छह-सात बच्चे एक साथ रह सकते हैं लेकिन किसी एक बच्चे के परिवार के साथ मां-पिता का रहना मुश्किल हो जाता है। इसलिए आज जो स्थिति है, उसमें मांएं निरंतर अकेली हो रही हैं। हाल के वर्षों में एकल मांओं की संख्या बढ़ी है। पति-पत्नी के बीच खट्टे होते संबंधों के इस दौर में कितनी मांए अपने बच्चों के साथ अकेले रहने को विवश हैं। ऐसे संकीर्ण वातावरण में मातृ दिवस हर साल मां के महत्व को याद दिलाने के लिए आता है और सोशल मीडिया मां की ममता और मां के सम्मान की पोस्टों से भर जाते हैं। ऐसे लगता है मां के प्रति इस समाज में कितना प्यार और कृतज्ञता है। ऐसी स्थिति में हर साल मातृ दिवस आकर फिर हमें एक बार झकझोरता है कि क्या मां के प्रति प्रेम हमारे भीतर बचा हुआ है, हम स्वतः मां के प्रति अपने दायित्व से जुड़े हैं या हम समाज के रवायत के रूप में उसके प्रति मोहब्बत और आदर का दिखावा मात्र कर रहे हैं?

जुड़ाव
डॉ. अनिता राठौर



यह सही है कि जीवन के अधिकांश काम करने में सक्षम डिजिटल वर्ल्ड के इस दौर में दुनिया भर में किसी को हम अपना दोस्त बना सकते हैं, नया रिश्ता जोड़ सकते हैं। लेकिन मां-बच्चे का रिश्ता और आपसी जुड़ाव इससे परे होता है। ऐसा होने की क्या वजहें हैं...

# मां-बच्चे का रिश्ता सबसे गहन-सबसे अनूठा

आज के दौर में डिजिटल दुनिया हमारी लगभग हर समस्या का तुरंत एक रेडीमेड विकल्प मुहैय्या कराती है। यह दोस्ती के लिए सोशल नेटवर्क देती है। जानकारी पाने के लिए गूगल उपलब्ध कराती है। मनोरंजन के लिए यू-ट्यूब है। इसके पास हमारी हर तरह की भावना के लिए, हर तरह की जरूरत के लिए कोई न कोई विकल्प होता है। लेकिन इसके पास मां का कोई विकल्प नहीं है।

**अद्वितीय होती है मांः** मां का रिश्ता किसी लैंग्वेज बाइनरी से नहीं, किसी पिक्सल या डिजिट से नहीं, सीधे-सीधे दिल से जुड़ा होता है। मां हमें बिना शर्त प्यार करती है, जबकि सोशल मीडिया का सारा संतुलन, इसका सारा गणित लाइक और फॉलो जैसी शर्तों पर टिका होता है। मां शायद दुनिया में अकेली ऐसी शख्स होती है, जो अपने बच्चों के हर तरह के कष्टों को, हर तरह की तकलीफ को बिना उनके एक शब्द बताए जान लेती है। सोशल मीडिया तो हमारा तब नोटिस लेता है या नोटिस करता है, जब हम पोस्ट डालते हैं। जबकि मां हमें हमेशा लाइक करती है, हर हाल में प्यार करती है, अपनी हर सांस में हमारे लिए दुआएं करती है। मां हमें कभी एडिटेड वर्जन में नहीं चाहती या समझती। हम जैसे हैं, वैसे ही मां के सबसे प्यारे, सबसे लाडले होते हैं। इसीलिए मां का डिजिटल डिस्कोर्स में कोई विकल्प नहीं है।

**हर तर्क से परे रिश्ताः** मां का रिश्ता समय, ट्रेंड या टूल्स से परे होता है। मां का वो रिश्ता, जो महसूस किया जाता है, उसे किसी भी दुनियावी कैटेगिरी में नहीं डाल सकते। सोशल मीडिया पर लोग इसीलिए कभी मां के जैसे रिश्ते नहीं तलाशते, क्योंकि मां का रिश्ता किसी विश्वास भर से नहीं होता। मां का रिश्ता कुदरती होता है। कभी किसी को यह एहसास भी नहीं होता कि मां की किसी बात पर अविश्वास भी किया जा सकता है। मां का रिश्ता एक समर्पण है, उसमें किसी तरह का समीकरण तलाशना या किसी किस्म का तर्क तलाशना, उसे बहुत छोटा करना है। मां का रिश्ता हर तरह के तर्क से ऊपर होता है, यह समर्पण में पलता है और त्याग से फलता है। जबकि सोशल मीडिया पर हम अकसर दिखावा, मनोरंजन या महज त्वरित जुड़ाव चाहते हैं। जबकि मां के रिश्ते में स्वतः धैर्य, गहराई और निःस्वार्थतता होती है, जो कभी किसी क्लिक या पोस्ट से नहीं मिल सकता। इसलिए कहते हैं, मां वो प्यार की किताब है, जिसे पढ़ने के लिए इंटरनेट नहीं धड़कता हुआ दिल चाहिए।



**जैविक जुड़ाव से आती है गहनताः** मां के रिश्ते की बायोलॉजी को अगर समझें तो स्पष्ट होगा कि आखिर वह दुनिया के बाकी सभी रिश्तों से इतनी भिन्न क्यों होती है? मां का रिश्ता इसीलिए सबसे अलग होता है, क्योंकि इसके पीछे की बायोलॉजी कुछ और ही है। दरअसल, मां और उसके बच्चों के बीच जिस तरह का अटूट भावनात्मक रिश्ता होता है, वह किसी परवरिश, किसी समझदारी या ज्ञान से नहीं आता। ऐसे रिश्ते की अपनी एक जैविकता या बायोलॉजी होती है। अगर इस रिश्ते के सबसे मजबूत और सबसे भिन्न पहलू को जानें तो वो होता है, मां और उसके बच्चे के बीच मौजूद गर्भनाल का रिश्ता। मां और शिशु एक अंबिलिकल कॉर्ड से आपस में जुड़े हाते हैं, इसी कॉर्ड या नली के जरिए नौ महीने तक मां के पेट में पल रहा बच्चा, मां के खून से, मां की सांसों, मां के खाए गए खाने से, मां की खुशियों से, मां की परेशानियों से बनता है। शिशु के अंदर जो भी कुछ होता है, नौ महीने तक वह सिर्फ और सिर्फ मां का होता है। उसमें दुनिया की, कुदरत की कोई भी अलग से हिस्सेदारी नहीं होती। मां के खून से ही शिशु को ऑक्सीजन मिलती है, शिशु को पोषण मिलता है। इसलिए मां और उसके बच्चे के बीच के रिश्ते को दुनिया के किसी भी रिश्ते से साझा नहीं किया जा सकता। किसी भी रिश्ते से इस रिश्ते की तुलना नहीं हो सकती। क्योंकि यह कोई रिश्ता है ही नहीं, यह एक जिस्म के दो हिस्से हैं। यह साझी धड़कनों का रिश्ता है। यह ऐसा रिश्ता है, जिसको एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। गर्भावस्था में मां के शरीर में ऑक्सीटोसिन हार्मोन ज्यादा बनता है। यही हार्मोन लगाव और प्रेम पैदा करता है। इसी से मां और उसकी संतान के बीच ताउम्र एक गहरा जुड़ाव और अटूट संबंध बनता है। *



कविता / सरस्वती रमेश

## मां की उपस्थिति



मां तुम्हारी उपस्थिति से
घर को नया अर्थ मिलता है
रिश्तों को ऊष्मा
परिवार को स्नेह
ममता की आंच पर
रसोई में पकते हैं
संतुष्टि के नए आयाम
भूख और भोजन का रिश्ता
भावना और अहसास सा
कोमल हो जाता है
और भोजन का हर निवाला
प्रसाद सा पवित्र

मां तुम्हारे होने से
घर का हर कोना
सजीव हो उठता है
तुम्हारे प्यार की गर्माहट
बिखरी रहती है हर तरफ
जीवन की कड़ी धूप में
तुम्हारे आंचल का साया
घना और शीतल आश्वासन है
कि तुम्हारे होने भर से
मुश्किलों के पहाड़
बौने और कमजोर
पड़ जाते हैं।

छोटी कहानी / शीला श्रीवास्तव

## तरकीब



'मां जी यह लीजिए मटर, फटाफट छील दीजिए। राहुल को मटर की कचौड़ी खानी है।' बड़ी बहू अपनी सास को मटर की थैली थमाते हुए बोली। सविता जी जल्दी-जल्दी मटर छीलने लगीं। जैसे ही मटर छीलने काम खत्म हुआ, छोटी बहू चावल बिनने के लिए थाली थमा गई। सविता जी का सारा समय दोनों बहुओं के दिए हुए काम में ही बीत जाता था। दो पल सुकून की सांस लेना भी उनके नसीब में नहीं था, जबकि दोनों बहुएं अपने-अपने काम से निवृत्त होकर दोपहर की नींद भी ले लेती थीं। पड़ोस में रहने वाली उनकी हमउम्र सहेली वीणा जब भी आतीं, सविता जी को काम करते देखतीं। आज उनसे रहा नहीं गया, उन्होंने कह ही दिया, 'यह क्या सविता? जब देखो तब काम में लगी रहती हो। यह कोई उम्र है काम करने की, सत्तर की हो चली हो तुम।'

'क्या करूं वीणा, मजबूरी है। मैं भी चाहती हूं कि जिंदगी की आखिरी पड़ाव में भगवान में मन लगाऊं।' सविता जी लाचारगी भरे स्वर में बोलीं। 'क्या तुम्हारी बहुएं बिना काम किए तुम्हें खाना नहीं देतीं?' वीणा ने पूछा। 'अब तुमसे क्या छिपाना। मेरे पति के देहांत के बाद दोनों बेटों ने आपस में तय कर लिया, दिन का खाना बड़ा बेटा देगा, रात का खाना छोटा बेटा। इसके एवज में दोनों बहुएं जब-तब मुझे कुछ न कुछ काम थमा देती हैं।' कहते हुए सविता जी के नेत्र सजल हो उठे।

वीणा कुछ सोचते हुए बोली, 'अच्छा बताओ, यह घर किसके नाम पर है?'

'घर तो मेरे नाम है।' सविता जी ने बताया।

'फिर तो कोई टेंशन ही नहीं है। एक तरकीब है मेरे दिमाग में। मेरा एक भतीजा है, जो वकील है। मैं उसे तुम्हारे पास सब कुछ समझा कर भेज दूंगी। तुम बस उससे थोड़ी-बहुत इधर-उधर की बातें करना। उसके जाने के बाद दोनों बहुओं से कहना कि अब मेरी उम्र हो गई है। मुझसे ज्यादा काम-धाम नहीं होता, इसलिए मैंने फैसला किया है कि जो बेटा-बहू मेरी देखभाल अच्छे से करेगा, यह घर में उसके नाम कर दूंगी।' वीणा ने अपनी सहेली को समझाया।

'लेकिन वीणा, यह तो दूसरे बेटे के साथ अन्याय नहीं होगा?' सविता जी एक कसक लिए बोलीं।

'तुम्हें बस यह बात अपने बहू-बेटों के कानों में डालनी है, जो मैंने कही है। घर तो दोनों बेटों के नाम पर ही होगा, दुखी मत हो। सूझ-बूझ से काम लो। बस तुम्हारे बचे हुए दिन आराम से निकल जाएंगे।' वीणा मुस्कराते हुए बोलीं।

'यानी कि मुझे झूठ का सहारा लेना पड़ेगा।' सविता जी हिचक रही थीं।

'जिस झूठ से किसी का नुकसान न हो, वह झूठ बोलने में हर्ज क्या है?' वीणा बोलीं।

सविता को अपनी सहेली वीणा की बात समझ में आ गई। उन्होंने ठीक वैसा ही किया। अब दोनों बहुओं में सविता जी की सेवा करने की होड़-सी लग गई। काम से छुटकारा मिला सो अलग से। सविता जी मन ही मन वीणा बहन का शुक्रिया अदा कर रही थीं, जिनकी तरकीब की वजह से उनका बुढ़ापा सुखमय हो गया था। *

विज्ञापन

इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ-



मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फेलियर जैसे जो कॉम्प्लिकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजनरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है?
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन- सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकिज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समयः दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक | व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क - 7354858466 | www.nonsurgicalspinecentre.in
NBC®

# त्रिकोणीय श्रृंखला : फाइनल में भारतीय महिला टीम के सामने आज श्रीलंका की चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारतीय महिला टीम रविवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हर विभाग में दमदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने की कोशिश करेगी। इस श्रृंखला में भारत को एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ मिली है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में हालांकि टीम ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया और लीग चरण में चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रही।

श्रीलंका दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अपना अभियान चार मैचों में एक सफलता के साथ तीसरे और आखिरी पायदान पर खत्म किया। इस मुकाबले को जीतना भारत और श्रीलंका दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इससे इस साल के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी।

### फार्म में भारतीय बल्लेबाज

टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है जिसमें जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक शतक (123) सहित 67 की औसत से अब तक 201 रन बनाए हैं। प्रतिका रावल (164), स्मृति मंधाना (148) और दीप्ति शर्मा (126) ने भी बल्ले से प्रभावी योगदान दिए हैं। दीप्ति की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 93 रन की पारी ने भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की और यह भी जता दिया कि जरूरत पड़ने पर टीम का निचला क्रम भी बल्ले से प्रभावी योगदान दे सकता है।



### कप्तान ने खेली छोटी पारियां

कप्तान हरमनप्रीत कौर फाइनल में बड़ा स्कोर खड़ा कर श्रृंखला में बल्ले से अबतक की निराशा को पीछे छोड़ना चाहेगी। हरमनप्रीत ने अब तक नाबाद 41, 30 और 28 रन की उपयोगी पारियां खेली है लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रही है। स्नेह राणा भारत की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुई है। दाएं हाथ की इस स्पिनर ने अब तक 11 विकेट चटकाए है जिसमें से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पारी में पांच विकेट लेना भी शामिल है।

### श्रीलंका को हर्षिता और चमारी से बड़ी पारी की उम्मीद

श्रीलंका की टीम एक बार फिर से हर्षिता समरविक्रमा से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उन्होंने लीग चरण में 53 रन की पारी खेल भारत के खिलाफ टीम को जीत दिलाई थी। इस 26 साल की वामहस्त बल्लेबाज ने अब तक दो अर्धशतक की मदद से 177 रन बनाए है। श्रीलंका की कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने अपनी ख्याति के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उन्होंने 88 रन बनाने के साथ पांच विकेट लिए थे। वह फाइनल में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ भारत की मुश्किलें बढ़ना चाहेंगी। श्रीलंकाई गेंदबाजों में देवमी विहंगा (नौ विकेट) का सबसे ज्यादा प्रभावित किया है।

### संभावित टीमें

**भारत :** प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, नल्लापुरेड्डी चरणानी, यास्तिका भाटिया, अमनजोत कौर, तेजल हसबनिस, शुचि उपाध्याय।

**श्रीलंकाः** चमारी अट्टापट्टू (कप्तान), कविशा दिलहारी, इनौशी प्रियदर्शनी, विशमी गुणरत्ने, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, मल्की मदारा, हर्षिता समाराविक्रमा, मनुडी नानायककारा, हासिनी परेरा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, अनुष्का संजीवनी, रश्मिका सेववंडी, नीलाक्षिका सिल्वा, देवमी विहंगा।

## तीरंदाजी विश्व कप : कम्पाउंड वर्ग में भारतीय दल ने रचा इतिहास

# मधुरा वर्ल्ड चैंपियन, जीते स्वर्ण-रजत और कांस्य, भारत ने जीते पांच पदक

एजेंसी ▶▶| शंघाई

मधुरा धामनगांवकर ने राष्ट्रीय टीम में तीन साल के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण दो के कम्पाउंड वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण के साथ टीम स्पर्धा में रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत को बड़ी कामयाबी दिलाई। भारत ने शनिवार कम्पाउंड वर्ग में दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते।

मधुरा को तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में जगह नहीं मिली है। इस 24 साल की खिलाड़ी ने अमेरिका की कार्सन क्रेहे पर 139-138 की शानदार जीत के साथ अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की अमरावती की इस खिलाड़ी ने इससे पहले महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।



### खास रहा व्यक्तिगत स्वर्ण

मधुरा के लिए लिए हालांकि व्यक्तिगत स्वर्ण सबसे खास रहा क्योंकि उन्होंने उतार-चढ़ाव से भरे खिताबी मुकाबले में धैर्य बनाए रखा। वह तीसरे गेम में सात अंक के निशाने के बाद 81-85 से पीछे चल रही थीं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि दबाव में शानदार संयम दिखाया और चौथे गेम में सिर्फ एक अंक गवां कर स्कोर 110-110 पर बराबर कर लिया। मधुरा ने निर्णायक गेम में दो 10 के निशाने लगाए और ये दोनों केंद्र के बिलकुल करीब थे। उन्होंने तीसरे प्रयास में नौ के निशाने के साथ क्रेहे को पछाड़ दिया।

### शानदार शुरुआत

मधुरा क्वालीफायर्स में तीसरे स्थान के साथ भारतीयों में शीर्ष पर थी। उन्होंने अपने अभियान के दौरान तुर्की की विश्व की 13वें नंबर की खिलाड़ी हेजल बुरुन को शिकस्त दी। मधुरा ने दो बार की विश्व कप टीम पदक विजेता को 143-141 से मात दी थी। मधुरा ने इससे पहले मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण चार में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

### महिला तिकड़ी की चांदी



ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा और चिकिथा तानिपार्थी की टीम महिलाओं के कम्पाउंड फाइनल में मैक्सिको की मजबूत चुनौती से पार पाने में नाकाम रही और मुकाबला 221-234 से गंवा बैठी। फाइनल मुकाबले में भारतीय तीरंदाज मैक्सिको को कड़ी टक्कर देने में नाकाम रहे लेकिन इस तिकड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा से प्रभावित कर पोडियम पर स्थान सुनिश्चित किया। वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीतने के साथ पदक तालिका में भारत की स्थिति मजबूत की।

### पुरुष टीम ने जीता स्वर्ण

इससे पहले कम्पाउंड पुरुष टीम ने स्वर्ण जीता। अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने धैर्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों में अचूक निशाना साध कर शीर्ष स्थान हासिल किया।



### ऋषभ ने कांस्य पर साधा निशाना

ऋषभ ने पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के रोमांचक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो को हराया। भारतीय खिलाड़ी का शूटआउट में 10 अंक वाला निशाना केंद्र के करीब था। इस 22 साल के भारतीय खिलाड़ी का यह विश्व कप में पहला व्यक्तिगत पदक है। वह इससे पहले सेमीफाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और कई बार के विश्व चैंपियन नीदरलैंड के माइक श्लोएसर से 144-147 से हार गए थे।

# अनाहत-अभय का विश्व स्क्वाश में जीत से आगाज



**शिकागो।** भारत की युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने यहां दुनिया की 28वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी मरीना स्टेफानोनी को हराकर विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दुनिया में 62वें नंबर की 17 वर्षीय अनाहत ने पहले गेम में हार से उबरते हुए शुरूआर को इस टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में 10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6 से जीत हासिल की।

अनाहत को अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी फ़ायरोज़ अबोएलखिर की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने इस 656,500 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में मिस्र की हाना मोताज़ को 3-1 से हराया। भारत के अभय सिंह ने भी जीत से शुरुआत करते हुए दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस मुलर को बाहर का रास्ता दिखाया। विश्व में 38वीं रैंकिंग के खिलाड़ी अभय सिंह ने पुरुष एकल के अपने शुरुआती दौर के मैच में अपने स्विस प्रतिद्वंद्वी को 11-7, 2-11, 11-7, 11-6 से हराया। अभय सिंह का अगला मुकाबला मिस्र के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से होगा।


## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विछिया जिला मण्डला

क्रमांक/1640/अ.वि.अ./प्रया.-2/2025 बिछिया, दिनांक 28.04.2025

### जप्तशुदा वाहन की खुली नीलामी हेतु विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील कार्यालय विछिया अंतर्गत थाना प्रभारी मोतीनाला जिला मण्डला द्वारा अपराध क्रमांक 05/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत वाहन अधिहरणीय है, उक्त वाहन की विक्रय हेतु खुली नीलामी का आयोजन किया गया है। इच्छुक व्यक्ति थाना मोतीनाला परिषर में दिनांक 15.05.2025 को दोपहर 12.00 बजे वोली हेतु उपस्थित हो सकते है।

| क्रं. | वाहन का विवरण | वाहन का प्रकार | ऑफसेट कीमत | अमानत राशि | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CG-19-BK-4528 | बलेनो कार | 1,35,000.00 | 13,500.00 | - |

**नीलामी की शर्त :-**

1. नीलामी बोली लगाने के पूर्व जप्तशुदा वाहन हेतु अमानत राशि आवश्यक रुप से दिनांक 15.05. 2025 दोपहर 12.00 बजे तक सक्षम अधिकारी (थाना प्रभारी मोतीनाला) को प्रस्तुत करने के उपरांत ही बोली की पात्रता होगी। 2. बोली की अमानत राशि नीलामी की समाप्ति पर असफल बोलीदारों को लौटा दी जावेगी। सफल बोली लगाने वाले को भी अमानत राशि उनके द्वारा स्वीकार की गयी बोली की पूरी रकम जमा करने का हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण करने पश्चात ही लौटाई जायेगी। 3. अधिकतम बोली के दूसरे नंबर पर के बोलीदार की अमानत राशि जप्तशुदा वाहन के विक्रय के उपरांत लौटाई जायेगी। 4. जिस व्यक्ति की अधिकतम बोली स्वीकार होगी, उसे एक मुश्त राशि तीन दिवस के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा। 5. जप्तशुदा वाहन का निरीक्षण कार्यालयीन समय में थाना परिषर मोतीनाला में बोली लगाने के एक दिन पूर्व तक किया जा सकता है। 6. जप्तशुदा वाहन अंतिम निराकरण के पश्चात पक्षकार स्वयं वाहन को प्राप्त करेगा तथा वाहन व्यय स्वयं करेगा शासन द्वारा कोई व्यय नही किया जावेगा। 7. किसी भी बोली के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का निर्णय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया जिला मण्डला का होगा जो सर्वमान्य होगा जिसे किसी भी न्यायालय में चुनौती नही दी जा सकेगी। 8. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया द्वारा अधिकतम बोली की राशि का अनुमोदन होने के उपरांत ही संबंधित व्यक्ति को वाहन हस्तांतरित किया जावेगा। 9. अपसेट प्राईज से कम बोली स्वीकार नही की जावेगी।

(सोनाली देव IAS)
अनुविभागीय अधिकारी
विछिये (राजस्व) विछिया

G-12650/25

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म. प्र.)

### निविदा आमंत्रण-सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 08/व.ले.लि./2025-26 बालाघाट, दिनांक 08.05.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रं. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB _421612 | बालाघाट | जोनल टेण्डर लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट के अंतर्गत विभिन्न सडकों का रखरखाव के तहत मरम्मत एवं सुधार कार्य | प्रथम आमंत्रण | 75.00 | 75000.00 | 10000.00 | 31.03.2026 |
| | | | | कुल योग | 75.00 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 19/05/2025 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

G-12648/25


## क्रिकेट

# आईपीएल टलने के बाद लौटे विदेशी खिलाड़ी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल एक हफ्ते के लिए स्थगित होने के बाद टीमों के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी शनिवार को अपने अपने देश लौट गए।

जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के एक दिन बाद आईपीएल भी स्थगित कर दिया गया था। इस बीच बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने कहा कि हालात की व्यापक समीक्षा के बाद टूर्नामेंट का संशोधित कार्यक्रम और वेन्यू की जानकारी दी जाएगी। टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद से खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ अपने अपने शहर लौटने लगे जबकि कई विदेशी खिलाड़ी भी लौट रहे हैं। आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों में टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, फिल साल्ट , जोश हेजलवुड, लुंगी एंगिडि और नुवान तुषारा हैं। विदेशी सहयोगी स्टाफ में मुख्य कोच एंडी फ्लावर, गेंदबाजी कोच एडम गिफिथ, क्रिकेट परिचालन निदेशक मो बोबाट, टीम फिजियो इवान स्पीचली और विशेषज्ञ फ्रेडी विल्डे शामिल हैं।

### टीमों ने जारी किया बयान

आरसीबी ने बयान में कहा, 'हम बीसीसीआई, स्थानीय अधिकारियों और पुलिस के सहयोग के लिए शुक्रगुजार हैं।' लखनऊ सुपर जाइंट्स के एक अधिकारी ने भी बताया कि उसके कुछ विदेशी खिलाड़ी शनिवार को चले गए हैं जबकि कुछ अभी भारत में ही रुकेंगे। मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाड़ी अपने अपने गंतव्य को चले गए हैं।

### कड़ी सुरक्षा के बीच लौटे खिलाड़ी

सूत्र के अनुसार केकेआर के खिलाड़ी हैदराबाद से चले गए हैं जहां उन्हें शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना था। धर्मशाला में आईपीएल मैच रद्द होने के बाद पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच अलग अलग बैच में होशियारपुर से जालंधर रेलवे स्टेशन लाया गया था। इसके बाद विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस से उन्हें दिल्ली लाया गया। पंजाब किंग्स के एक सूत्र ने बताया कि उसके अधिकांश विदेशी खिलाड़ी रवाना हो गए हैं।

## चेतावनी

# बिना अनुमति विदेश में ट्रेनिंग की तो खिलाड़ियों पर होगी कार्रवाई



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने शनिवार को घोषणा की कि वह उन खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा जो बिना लिखित अनुमति के विदेश में ट्रेनिंग करते हैं और प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेते हैं।

एएफआई के अध्यक्ष बहादुर सिंह सागू ने कहा कि ऐसे खिलाड़ियों का प्रदर्शन रिकॉर्ड बुक के लिए भी अमान्य माना जाएगा। उन्होंने कहा कि एएफआई इस महीने से कार्रवाई शुरू कर देगा। सागू ने कहा, 'विदेशी सरजमीं पर प्रतिस्पर्धा और ट्रेनिंग के लिए देश में ट्रैक एंव फील्ड की राष्ट्रीय संचालन संस्था से पहले से अनुमति नहीं लेने वाले व्यक्तिगत खिलाड़ियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अगर एथलीट अंतरराष्ट्रीय 'एक्सपोजर' (ट्रेनिंग और अभ्यास) के लिए एएफआई की मंजूरी नहीं लेते हैं जो कि अनिवार्य है तो उनका प्रदर्शन रिकॉर्ड बुक के लिए अमान्य हो जाएगा। एथलीटों के हितों की रक्षा के लिए एएफआई ने विदेश में ट्रेनिंग और प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने के लिए एक विशिष्ट समय अवधि निर्धारित की है।'


## कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जबलपुर जिला जबलपुर
द्वितीय तल अपैक्स बैंक बिल्डिंग सिविक सेंटर जबलपुर
Email : drcoop.jbp@mp.gov.in Phone : 0761-312374

### निविदा सूचना/शर्ते
आमंत्रण

क्र. /उ.आ./उर्व./वाहन /2025/778 जबलपुर दिनांक 08-05-2025

कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जबलपुर सिविक सेन्टर जबलपुर मे नीलामी हेतु वाहन जिस स्थिति मे है उसी स्थिति मे नीलाम की जाना है इस हेतु इक्छुक व्यक्ति आवेदन फॉर्म निर्धारित शुल्क डीडी के माध्यम से कार्यालय मे जमाकर प्राप्त कर सकेंगे आवेदन प्राप्त करने हेतु दिनांक 14/05/2025 को सुबह 11:00 बजे तक का समय निर्धारित है आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 14/05/2025 को दोपहर 03:00 बजे तक रहेगी जो निविदाएं दोपहर 03:00 बजे तक प्राप्त होंगी उन्हे उसके तुरंत बाद ही खोली जावेंगी विस्तृत शर्ते आवेदन फॉर्म के साथ उपलब्ध होंगी एवं अंतिम निर्णय उप आयुक्त सहकारिता जबलपुर का होगा। निविदा शर्तो का पूर्ण पालन किया जाना अनिवार्य है।

उप आयुक्त
सहकारिता जबलपुर

G-12654/25

## पश्चिम मध्य रेल
सामग्री प्रबंधन विभाग
(ई-निविदा सचूना संख्या वरि. भंडार आपूर्ति हेतु वरि.मं.सा.प्रबं/ई.पी.एस./69/2025)

वरि. मं. सा. प्रबं-प.म.रे. भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते है। इसमें हस्तलिखित डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण विनिर्देशन के लिये https://www.ireps.gov.in पर ई निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। **Tender No. -** 94255177, **Short Description -** Supply of complete set of bellow duct made of Meta Aramide Fabric with silicon coating on both sides with metallic frames for LHB AC Coaches., **Tendered Qty.-** 100 Set., **Opening date** -02-JUNE-2025

(हस्ता.)
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## पश्चिम मध्य रेल
विद्युत शाखा- खुली निविदा
निविदा सूचना क्र.: जबल/एल/टी. नं. 60/2024R

मंडल रेल प्रबंधक(विद्युत) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से अनुभवी ठेकेदार से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे इस ठेका के विरूद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। **निविदा सूचना क्रमांक-** **निविदा सूचना क्र.** जबल/एल/टी नं./60/2024R **कार्य का नाम लोकेशन सहित-** अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत (**NU-6** और **PPI-8**) पर 14 एस्केलेटर का प्रावधान, सिविल इंजीनियरिंग कार्य सहित। वारंटी अवधि के बाद 05 वर्ष की एएमसी सहित(इलेक्ट्रिकल एंव सिविल कार्य हेतु कम्पोजिट निविदा), **निविदा का अनुमानित मूल्य-** 173969485.17, **निविदा फार्म की कीमत रूपये-** निल, **कार्यालय का पता-** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर द्वितीय फ्लोर डीआरएम बिल्डिंग जबलपुर- 482001, **बयाना राशि-** 1019900.00, **समापन अवधि-** 01 वर्ष, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय** (15:30 बजे तक) - 30/05/2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** (15:30 बजे तक)- 30/05/2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट https://www.ireps.gov.in उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता.)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिला- सिवनी
नगर पालिका चौराहा, एन. एच. 7 मार्ग, जिला- सिवनी (म.प्र.) 480661
Email Id: cmoseoni@mpurban.gov.in Phone : 07692221301

पत्र क्रमांक/625/ज.प्र.शाखा/न.पा.प/2025 सिवनी, दिनांक 08/05/2025

### / / ई - निविदा आमंत्रण सूचना / /

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है म.प्र. शासन के पत्र कंमाक 9177 / या. प्र. / 7-6 / 2018 भोपाल दिनांक 21/08/2018 के प्रावधानुसार आपदा की स्थिति में पुर्न : स्थापना (रेस्टोरेशन) के कार्यो के अतर्गत नगर में भीषण पेयजल संकट, आपदा की स्थिति होने पर नगर पालिका परिषद सिवनी नगरीय क्षेत्र पेयजल व्यवस्था के अंतर्गत पम्प मरम्मत कार्य विभिन्न प्रकार के स्टीमेट अनुसार मरम्मत कार्य कराना चाहती है। सामग्री ई टेडरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु ऑनलाईन ई- निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत फर्म, ठेकेदार, विक्रेता नियत तिथि एवं समय में ई- टेडरिंग के माध्यम से ई निविदायें प्रस्तुत कर सकते है ई- निविदा का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा में किसी प्रकार का संसोधन केवल बेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| क्र. | टेण्डर क्रमाक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा फार्म शुल्क | अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_ 421888_1 | पम्प मरम्मत कार्य नवीन जलावर्धनयोजना (UIDSSMT) योजना वॉटर पंप की सॉफ्ट नई बनाना एस. एस. मेटल की लंबाई 45 इंच एवं आउटर 70 एमएम की सेम्पल अनुसार कम्पलीट बनाना एवं सॉफ्ट की सिलिव बनाना मटेरियल सहित 02 नग तथा 02 नग बैरिंग नं. 29324 E - 1×-XL-52392 ×2 | 2,46,384/- | 2500/- | 2000/- | 26/05/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।


मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, जिला- सिवनी

हाईकोर्ट ने आंबेडकर की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में सिवनी एसपी को दिए निर्देश

# आरोपितों पर कार्रवाई होने तक जारी रखें जांच, पेश करें रिपोर्ट

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने सिवनी जिले के धूमा थाना क्षेत्र में डा. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने के मामले में सख्ती बरती है। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने सिवनी एसपी व धूमा टीआई को निर्देश दिए कि आरोपितों पर कार्रवाई होने तक जांच जारी रखें। साथ ही मजिस्ट्रेट के समक्ष रिपोर्ट पेश करें।कोर्ट ने इस निर्देश के साथ याचिका का निराकरण कर दिया।



यह मामला सिवनी निवासी जितेन्द्र अहिरवार की ओर से दायर किया गया था। उनकी ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि धूमा थाना अंतर्गत बाजार चौक ग्राम दरगदा में 11 फरवरी की रात कुछ लोगों ने डा. आंबेडकर की मूर्ति में तोड़फोड़ की थी। अगले ही दिन धूमा पुलिस थाने में एफआइआर दर्ज कराई गई। दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए एसपी सहित अन्य अधिकारियों को अभ्यावेदन दिए गए थे। आरोपितों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न किए जाने पर हाई कोर्ट की शरण ली गई थी। प्रारंभिक सुनवाई के बाद एसपी व टीआई को जवाब पेश करने के निर्देश दिए गए थे। कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में एसपी व टीआई ने शपथ पत्र पर अपने जवाब पेश किए। जिसे रिकार्ड पर ले लिया गया। सिवनी पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व धूमा थाना प्रभारी शत्रुघ्न पटले की ओर से अवगत कराया गया कि प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 298, 299 और 324 (2) के तहत अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता नहीं थी। अपराध को अंजाम देने वाले वास्तविक अपराधी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

हरदा का मामला

## हाईकोर्ट ने नवविवाहित प्रेमी युगल को सुरक्षा देने के दिए निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने हरदा पुलिस को निर्देश दिए कि नवविवाहित प्रेमी युगल को सुरक्षा प्रदान करें। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने कहा कि पति-पत्नी के बयान लें। उनकी शिकायत पर विचार करते यह पता लगाएं कि क्या उन्हें परिजनों से खतरा है। इसके बाद नियमानुसार उन्हें पुलिस सुरक्षा प्रदान करें। हरदा निवासी विक्रांत विश्वास व उसकी पत्नी की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ताओं ने प्रेम विवाह किया है। लड़की के परिजन लगातार उन्हें धमकी दे रहे हैं। दोनों का जान का खतरा है। नवयुगल की ओर से पुलिस स्टेशन कोतवाली और हरदा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की थी। कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई।

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मामले में लगाई जमानत की गुहार

## आरटीओ का पूर्व आरक्षक सौरभ हाईकोर्ट की शरण में

जबलपुर। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा भ्रष्टाचार के प्रकरण में आरोपित बनाए गए आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा ने जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली है। हाई कोर्ट के जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की बेंच ने शर्मा की अर्जी पर सुनवाई 19 मई को नियत की है। उल्लेखनीय है कि 17 दिसंबर को सौरभ के ठिकानों पर छापेमारी में उसके घर से करोड़ों रुपये कैश और दो क्विटल चांदी की सिल्लियां भी मिली थीं। उसके दोस्त की कार से 54 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये से अधिक कैश बरामद हुआ था। इस मामले में आयकर विभाग, लोकायुक्त, डायरेक्टोरेट आफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस, ईडी और ग्वालियर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। प्रिवेंशन आफ मनी लाड्रिंग एक्ट (पीएमएल एक्ट) के तहत प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज मामले में भोपाल की जिला सत्र न्यायालय ने 24 अप्रैल, 2025 को जमानत अर्जी निरस्त कर दी थी।इसके वाद जमानत का लाभ पाने यह अर्जी हाई कोर्ट में दायर की गई है।

जिले में तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी की संभावना

# बादलों की बसाहट से धूप से मिली राहत

हरिभूमि जबलपुर।



पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है। जिससे शनिवार को दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही। इस बीच दोपहर में धूप के बीच हल्की बूंदाबांदी भी हुई। पारा औसत से 3 डिग्री नीचे रहा और जनजीवन उमस भरी गर्मी से बेचैन रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अभी तीन दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। धूप-बादल के बीच जबलपुर जिले में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। कहीं-कहीं 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से आंधी व झंझावत का भी येलो अलर्ट जारी किया गया है। धूप-बादल के बीच दिन भर रस्साकशी होती रही। इस बीच गर्मी भी लोगों का पसीना छुड़ाती रही। चटख धूप से बादल तो राहत देते रहे पर वातावरण में घुली गर्माहट से लोग परेशान रहे।

मौसम विभाग का कहना है कि विदर्भ के ऊपर एक द्रोणिका बन गई है। जिससे अगले 24 घंटों के दौरान तेज झोंकेदार हवाए चल सकती हैं, जिसकी रफ्तार 40-50 किलोमीटर तक हो सकती है।

वहीं बादलों की बसाहट के बीच संभाग के जिलों में कहीं कहीं वर्षा या गरज चमक के साथ पानी की बौछारें भी पड़ सकती हैं।

स्थानीय मौसम विज्ञान के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 37.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 50 प्रतिशत और सांय काल 35 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.31 पर और सूर्यास्त शाम 6.42 पर होगा। मौसम कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिणी हवाएं दिशा से 6 से 8 किलोमीटर प्रति रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। प्रदेश में सर्वाधिक 39.6 डिग्री तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज का अधिकतम तापमान 39.4 और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री पर रहा। अगले 24 घण्टों के दौरान संभाग में धूल भरी आंधी के साथ कहीं-कही गरज चमक के साथ वर्षा हो सकती है।

## दीवार में छेद करके गोदाम से 160 सिलेंडर ले गए चोर

**जबलपुर।** कटंगी थानांतर्गत ग्राम बघोड़ी स्थित अथर्व गैस एजेंसी के गोदाम की दीवार में छेद कर किसी चोरी ने 160 सिलेंडरों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए सिलेंडरों की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई जा रही हैं। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बघोडी मोड पर स्थित अमित अग्रवाल की खेत में अर्थव एचपी गैस एंजेसी के गोदाम में 320 गैस सिलेण्डर और 368 खाली सिलेण्डर रखे हुए थे। गोदाम की देखरेख बेलखाड़ निवासी 54 वर्षीय रामराज भुर्रक करता था। गोडाउन से गैस सिलेण्डर चार पांच दिन के अन्तराल में निकाल कर बल्देवबाग एजेन्सी जबलपुर में भेजे जाते थे। उसने 2 मई को गोडाउन खोला और गैस की टंकिया वाहन में लोड कर एजेन्सी बलदेवबाग जबलपुर भिजवाए। 7 मई को शाम गोडाउन खोला तो देखा गोडाउन के पीछे की दीवाल मे छेद था, गोडाउन के अंदर रखी टंकियों में से लगभग 160 गैस सिलेण्डरों की टंकियां गायब थी। जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपए बताई जा रही हैं। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

12वीं के समकक्ष रहेगा, तकनीकी शिक्षा विभाग ने बोर्ड को भेजा प्रस्ताव

# अब पॉलिटेक्निक कोर्स दो साल का

हरिभूमि, जबलपुर।

तकनीकी शिक्षा को मुख्यधारा से जोडऩे और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में दाखिले को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव तैयार किया है, जिसके तहत पॉलिटेक्निक का दो साल पूरा करने वाले विद्यार्थियों को 12वीं पास के समकक्ष माना जाएगा। यह प्रस्ताव माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजा गया है और यदि इसे मंजूरी मिलती है, तो शैक्षणिक सत्र 2025-26 से यह व्यवस्था लागू हो सकती है।



फिलहाल पॉलिटेक्निक डिप्लोमा तीन साल का होता है और इसे करने के बाद विद्यार्थी सीधे बीई के सेकंड ईयर में प्रवेश के पात्र होते हैं, लेकिन अब तक पॉलिटेक्निक करने वालों को कॉमर्स, आर्ट्स या अन्य मेन स्ट्रीम्स में प्रवेश नहीं मिल पाता है, जिससे वे मुख्यधारा की उच्च शिक्षा से कट जाते थे। इस वजह से कई विद्यार्थी पॉलिटेक्निक में एडमिशन लेने से हिचकिचाते हैं, जिससे तकनीकी शिक्षा संस्थानों में दाखिले घटे हैं।

तकनीकी शिक्षा विभाग ने पॉलिटेक्निक में एडमिशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। प्रस्ताव के अनुसार, यदि कोई विद्यार्थी तीन साल के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश लेकर कम से कम दो साल की पढ़ाई पूरी करता है, तो उसे हायर सेकंडरी यानी 12वीं कक्षा के समकक्ष माना जाएगा। जानकारों का मानना है कि इस पहल से पॉलिटेक्निक की विश्वसनीयता बढ़ेगी और विद्यार्थियों को करियर के अधिक विकल्प मिलेंगे। इससे न सिर्फ तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवाओं को शैक्षणिक लचीलापन भी मिलेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव केडी त्रिपाठी ने कहा कि प्रस्ताव को बोर्ड में रखा जाएगा। बोर्ड में चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा।

कुंडम में सनसनीखेज वारदात

# खाली लोटा दिखाने पर भतीजे ने की चाची की हत्या

हरिभूमि जबलपुर।

कुण्डम थाना अतंर्गत ग्राम ददराटोला सहदार कुण्डम में एक महिला की सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया। सास, बहू कसा नदी से नहा कर घर वापस आ रही थी, इसी दौरान सुबह 7 बजे बहू के सामने सास के ऊपर गांव के एक युवक ने मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान महिला भागने के प्रयास में गिर गई, तो युवक ने उसके सिर पर पत्थर पटककर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं है आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

घटना के संबंध में कुण्डम थाना प्रभारी अनूप नामदेव ने बताया कि सदरा ग्राम निवासी 57 वर्षीय तितरीबाई बरकड़े अपनी बहू सुनीता बरकड़े के साथ कसा नदी में नहाकर घर लौट रही थी। सुनीता व उसकी सास तितरीबाई पगडंडी होने के कारण आगे पीछे चल रहे थे। दोनों जैसे ही पहाड़ी वाले रास्ते पर पहुंची तभी गांव का मत्तू बरकड़े पीछा करते हुए मारपीट शुरु कर दिया। बताया गया है कि मत्तू तितरीबाई का भतीजा, रास्ते में खाली लोटा दिखाने से अपशकुन होने की आशंका पर उसने अपनी चाची तितरीबाई का पीछा किया और मारपीट शुरु कर दी। तितरीबाई जान बचाने के लिए भागी जो आगे जाकर गिर गई। तितरीबाई के गिरते ही मत्तू बरकड़े ने पत्थर उठाकर सिर पर पटक दिया। पत्थर का हमला होते ही तितरीबाई की मौत हो गई। पीछा करते हुए आई बहू सुनीता ने सास तितरीबाई को मृत हालत में देखा तो घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। पुलिस ने 47 वर्षीय आरोपी मत्तू बरकड़े को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



एनसीईआरटी ने कक्षा 7वीं की किताबों से हटाए मुगल साम्राज्य और महाभारत के सभी चेप्टर

# एनसीईआरटी की किताबों से हटे मुगल सल्तनत के पन्ने

हरिभूमि, जबलपुर।

देश में लागू की गई नई शिक्षा नीति के तहत अब निजी स्कूलों में भी एनसीईआरटी की किताबें लागू कर दी गई हैं। इसके साथ ही एनसीईआरटी ने इस साल जनवरी में ही कक्षा पांचवी, छठवीं, सातवीं और आठवीं का सिलेबस बदलने की घोषणा कर दी थी। अब बाजार में नए सिलेबस की नई किताबें आ चुकी हैं। लेकिन इन किताबों में पुरानी किताबों से काफी अधिक भिन्नता है। विशेष कर कक्षा सातवीं की किताबों में पूरा का पूरा सिलेबस ही बदल दिया गया है। वहीं मध्य प्रदेश में किताब में मुगल काल की जगह मध्य प्रदेश की संस्कृति सहित अन्य ज्ञानवर्धक सब्जेक्ट को शामिल किया गया है।

पिछले वर्ष तक चल रही एनसीईआरटी की कक्षा सातवीं की किताबों में इतिहास की किताब में चैप्टर 4 में पेज नंबर 37 से लेकर पेज नंबर 48 तक 12 पेज में केवल मुगल साम्राज्य जिक्र था। इन पेजों में 16 वीं एवं 17 वीं शताब्दी का दौर दिखाया गया था। जिसमें जहांगीर से लेकर बहादुर शाह जफर तक के कार्यकाल का उल्लेख किया गया। इसमें मुगल काल की मुद्राएं, वहां की शासन व्यवस्था, वास्तु कला, धर्म, संस्कृति आदि का उल्लेख किया गया था।

### नए सिलेबस में मौसम, जलवायु, व्यवसाय शामिल

इसी तरह चैप्टर 8 में 18 वीं शताब्दी की राजनीति एवं मुगल साम्राज्य के बारे में पेज नंबर 94 से लेकर पेज नंबर 104 तक विस्तार से वर्णन किया गया। लेकिन सरकार ने इस साल लागू की नई शिक्षा नीति के तहत पूरा सिलेबस बदल दिया है। नए सिलेबस में मुगल साम्राज्य को हटाकर मौसम, जलवायु, भौगोलिक परिवर्तन, भारतीय संविधान, बाजार की समीक्षा, व्यवसाय सहित कई अन्य विषयों को विस्तृत रूप में शामिल किया गया है।

### महाभारत की पूरी किताब की अलग

290 पेज वाली इस किताब में तीन विषयों को एक साथ जोडक़र एक बनाया गया है। उसी में यह सारे के सारे विषय शामिल किए गए हैं। जिसमें नई तकनीक नए तरीके बाजारबाद की नई व्यवस्थाएं एवं अन्य प्रमुख सामग्रियां शामिल की गई हैं। किताबों से सिर्फ मुगलों का इतिहास ही नहीं हटाया गया है बल्कि महाभारत की एक पूरी किताब भी अलग कर दी गई है। महाभारत की एक किताब ही थी जिसमें ज्ञानवर्धक और रोचक जानकारियां दी गई थीं, लेकिन इस किताब को हटाकर अब एक अन्य किताब लागू की गई है। जिसमें दूसरे अन्य समसामयिक विषयों को शामिल किया गया है।

### 50 वर्ष से पढ़ रहे हैं मुगलों को

शिक्षाविदों को कहना है कि परिवर्तन संसार का नियम है। हमें सबसे पहले यह समझना होगा कि यह नई शिक्षा नीति नहीं है, यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति है। इसका सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य यह है कि व्यक्ति से ऊपर राष्ट्र है। इसका अर्थ यह है कि यदि हम 50 वर्ष से मुगलों को पढ़ रहे हैं, हमने अकबर को पढ़ा, बाबर को पढ़ा। लेकिन इस काल में ऐसी उपलब्धियों को जाने जो ज्ञान के नाम पर विज्ञान के नाम पर, राष्ट्र के नाम पर संग्रहित हैं। तो उनसे सीखना जरूरी है। व्यक्ति की जगह हम ज्ञान को महत्व देंगे।

## अवैध कारोबारियों पर पुलिस की कार्रवाई

जबलपुर। शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ साथ चोरी, नकबजनी एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 78 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 15 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 13 गैरम्यादी, 19 म्यादी वारंटी को गिरफ्तार किया गया है तथा 18 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 163 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 30 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 4 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 4 चाकू जप्त किये गये।

ईओडब्ल्यू की छापे मारी में साढ़े 5 करोड़ की संपत्ति का खुलासा

# विद्युत कंपनी का एई निकला करोड़ों का आसामी

हरिभूमि, जबलपुर।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कटनी में पदस्थ असिस्टेट इंजीनियर (एई) उमाशंकर पाराशर के नरसिंहपुर आवास सहित आमगांव के पास ग्राम बीनेर व ग्राम निवारी में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्लू) की टीम ने छापा मारा है। आज सुबह दी गई दबिश में ईओडब्ल्यू की टीम को आय से कई गुना अधिक संपत्ति के दस्तावेज मिले है। जिनकी जबलपुर ईओडब्ल्यू की टीम द्वारा जांच की जा रही है। सर्च कार्रवाई में पांच चार पहिया वाहन, एक दो पहिया वाहन कुल 6 वाहन पाए गए हैं जिनकी अनुमानित कीमत 60 लाख हैं। इसके अलावा 18 लाख 16 हजार 955 रुपए के अनुमानित जेवर पाए गए। घरेलू सामान की इंवेंटरी बनाई गई जिसकी कीमत लगभग 36 लाख 43 हजार रुपए आंकी गई है। नौ बैंक खातों की जानकारी मिली हैं जिसकी जांच की जा रही है। छापे के दौरान आरोपी के निवास एवं फैक्ट्री से कुल 5।5 करोड़ की संपत्ति प्राप्त हुई हैं। ईओडब्लयू के उपपुलिस निरीक्षक एव्ही सिंह ने बताया कि पूर्व विद्युत वितरण क्षेत्र कंपनी नरसिंहपुर में विजिलेंस विभाग में पदस्थ असिस्टेंट इंजीनियर उमाशंकर पाराशर का करीब एक वर्ष पहले कटनी स्थानान्तरण हुआ था। इस दौरान उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत प्राप्त हुई, जिसकी जांच करते हुए शनिवार को ईओडब्ल्यू की टीम ने उनके नरसिंहपुर सहित चार ठिकाने ग्राम बीनेर, ग्राम निवारी व आमगांव में दबिश दी। टीम को जांच के दौरान असिस्टेंट इंजीनियर के नरसिंहपुर स्थित विपतपुरा इलाके में एक आवास, रोसरा में दो आवास, निवारी गांव में कॉमन बायो केमिकल फैक्टरी व बीनेर गांव में मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट मिला है।



यह प्लांट श्री पाराशर की पत्नी के नाम पर है। ईओडब्ल्यू की टीम को घर, फैक्टरी सहित अन्य ठिकानों के दस्तावेज व संपत्ति व लेनदेन से जुड़े दस्तावेज भी मिले है। सर्च कार्रवाई के दौरान ईओडब्ल्यू के एसपी एव्ही सिंह, स्वर्ण सिंह धामी, श्रीमति लक्ष्मी यादव, मुकेश खंपरिया, निरीक्षक श्रीमति प्रेरणा पांडे, प्रधान आरक्षक अभिनव, नीतेश दुबे, रामअनुग्रह तिवारी, रामजन्म यादव, आरक्षक सुमित पांडे, नदीक शेख, जसलीन कौर आदि मौजूद रहे।

14 को जबलपुर आ रहे, जियोस की बैठक भी लेंगे

# सिविल डिफेंस प्रशिक्षण का शुभारंभ करेंगे प्रभारी मंत्री

हरिभूमि, जबलपुर।

देश की सेनाओं के लिये बम बनाने से तोप और डिफेंस व्हीकल बनाने तक का काम जबलपुर में होता है। जबलपुर में 5 आर्डिनेंस फैक्ट्रियों में भारतीय सेना की बड़ी छावनी है, जहां जैक राईफल्स से लेकर ग्रेनेडियर तक के सेंटर है, सेना के कई अंतरार्ष्ट्रीय ट्रेनिंग सेंटर और वर्कशॉप हैं। सरहद तक सैन्य आपूर्ती के लिहाज से जबलपुर और यहां से गुजरने वाला सैन्य मार्ग अहम है। आज में देश में जंग हालात हैं तब जबलपुर की अहमियत देश के नक्शे पर और बढ़ गई है। इसलिये जबलपुर जिले में जिला प्रशासन, प्रदेश शासन और केन्द्रीय गृह मंत्रालय विशेष ध्यान दे रहा है।

जिले की सैन्य से जुड़ी इमारतों और संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जिले में सरकारी इमारतों की सुरक्षा बढ़ा दी गई। जिले में सायरन सिस्टम खड़ा किया जा रहा है। साथ ही जिले के सभी मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी अपग्रेड किये जा रहे हैं। विषम परिस्थितयों के लिये सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के फार्म भरे जा रहे हैं, जिनका प्रशिक्षण 14 मई से शुरु होगा। प्रशासनिक हलचलों को देखकर यह साफ हो गया है, वर्तमान परिस्थितयों में शासन की प्राथिमकता में जबलपुर सबसे उपर है।




### अलर्ट पर पुलिस, सघन जांच जारी

जिला पुलिस में अधिकारियों कर्मचारियों की छुट्टियां पहले ही रद्द हो चुकी है। जबलपुर पुलिस ने शासकीय इमारतों और सैन्य क्षेत्र के मार्गों की सुरक्षा और चौकसी बढ़ा दी है। विशेषकर रात के समय आयुध निर्माणियों की तरफ जाने वाले और सेना क्षेत्र की तरफ जाने वाले मार्गों में चैकिंग की जा रही है। जबलपुर पुलिस छोटी से छीटी हलचल पर भी नजर रखे हुये है।

### सिविल डिफेंस की समीक्षा करेंगे प्रभारी मंत्री

जबलपुर में तैयारियों का जायजा लेने के लिये उपमुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री 14 से 16 मई जबलपुर में रहेंगे। यहां वे 15 मई को दोपहर 11।30 बजे से वे जिला योजना समिति की बैठक लेंगे, जिसमें मुख्य रूप से सिविल डिफेंस प्लान के क्रियान्वयन की समीक्षा की समीक्षा की जाएगी। जिसके बाद जल संवर्धन कार्यों की समीक्षा और अधिकारियों के साथ वन टूट वन चर्चा की जाएगी। जिसे बाद वे 16 मई को सिविल डिफेंस वालेंटियर्स के प्रशिक्षण सत्र में शामिल होंगे। वर्तमान हालात के देखते हुये उनका यह दौरा अहम माना जा रहा है।

बीच रोड में गाड़ी खड़ी कर बोनट में बैठे युवक ने की अड़ी

## 2 पक्षों में जमकर मारपीट, 5 घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत शारदा मंदिर एमपीबी ऑफिस के पास ओवर टेक करने और गाड़ी को साईड करने की बात पर दो पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट कर बेसबॉल के डंडे, पाईप रॉड, लोहे की रॉड, और लाठी से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की इस वारदात में पांच लोग घायल हो गए।

बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बाजार बरेला निवासी 38 वर्षीय सब्जी व्यापारी नीरज रजक गत रात लगभग 1 बजे आशीर्वाद गार्डन से शादी सामारोह से फोर व्हीलर गाड़ी से लौट रहा था जैसे ही शारदा मंदिर एमपीबी आफिस के पास पहुंचा तभी पीछे से सफेद रंग की बुलेरो आयी और ओवरटेक कर उसे गाड़ी किनारे करने के लिये बोला, उसने गाड़ी रोकी तो बुलेरो गाड़ी चालक ने नीरज रजक और उसके साथी मनीष मार्को, दिलीप कुमार मरकाम के साथ बेसबाल के डंडा एवं पाईप राड से मारपीट कर नीरज के सिर हाथ, कमर पीठ पर और दिलीप कुमार के हाथ एवं मनीष मार्को को होंठ में चोटें पहुंचा दी तथा जान से मारने की धमकी दी।

वहीं दूसरे पक्ष बरेला निवासी 23 वर्षीय शराब सेल्समेन रोहित सिंह तोमर देर रात लगभग 1।30 बजे धनपुरी से अपनी सफेद रंग की बुलेरो में केश लेकर आ रहे थे तभी शारदा मंदिर एमपीबी आफिस के सामने रिछाई बरेला में नीरज अपनी गाड़ी पिकअप गाड़ी की बोनट पर बैठा था रोड़ पर जाम लग रहा था उसने नीरज से कहा अपनी गाड़ी साईड कर लो जाम लग रहा है हमें निकलना है इसी बात पर नीरज रजक गाली गलौज करने लगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240